खबरों के 41 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

सतना, गुरुवार 06 अगस्त 2026 । वर्ष –41 । अंक –157 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.

■ मोदी-शाह की ...
■ आप माफ करने वाले... 04

■ पाकिस्तान : कराची में अज्ञात लोगों ने...
■ दो साल बाद अपने देश लौटना चाहती हैं... 09

■ चांदी की कीमतों में 6,510 रुपए की तेजी
■ एलपीजी सिलेंडर को सरकार जल्द वसूल... 11

■ दिसम्बर से शुरू हो रहे...
■ दो मैचों की टेस्ट... 10

### छात्रों से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

# सख्ती नहीं, संवाद की जरूरत



## सीजेआई बोले- युवाओं को सुनना सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली में हुए सीजेपी के प्रदर्शन के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र में इस तरह के शांतिपूर्ण मार्च और प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों को भी संयम बरतना चाहिए। अधिकारियों को बेहद सावधानी से कदम उठाने की जरूरत है, ताकि युवा हिंसा का रास्ता न अपनाएं। शीर्ष अदालत ने इस याचिका को अन्य लंबित मामलों के साथ टैग कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान अभद्र भाषा और गाली-गलौज करने वाले युवाओं को सात दिन की कम्युनिटी सर्विस देने और प्रदर्शन के आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली याचिका को अन्य लंबित मामलों के साथ टैग कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि- ये युवा हैं। इन्हें सलाह और काउंसलिंग की जरूरत है।

याचिका में मांग की गई थी कि छात्रों के विरोध-प्रदर्शन की आड़ में अभद्र भाषा और गालियों का इस्तेमाल करने वाले युवाओं को सात दिन की सामुदायिक सेवा करने का निर्देश दिया जाए। साथ ही प्रदर्शन के आयोजकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि युवाओं के साथ सख्ती से पेश आने के बजाय उन्हें समझाना और उनसे बातचीत करना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा, सबसे बड़ी ताकत लोगों को सुनने में है। यह समझने में है कि वे क्या कह रहे हैं, क्यों नाराज हैं और किस वजह से आंदोलन कर रहे हैं।

### हिंसक प्रतिक्रिया से स्थिति और बिगड़ सकती है

पीठ ने कहा कि अगर कुछ भटके हुए लोग पत्थरबाजी जैसी घटनाओं में शामिल भी हो जाएं, तब भी हिंसक प्रतिक्रिया से स्थिति और बिगड़ सकती है। अदालत के मुताबिक, युवाओं को समझाने और उनसे संवाद करने की जरूरत है। अदालत ने कहा कि शक्तिशाली राज्य के नाम पर दूसरी ओर से दिखाई गई आक्रामकता भी हालात को अनावश्यक रूप से गंभीर बना सकती है और आगे हिंसा को जन्म दे सकती है। इसलिए ऐसी स्थिति से बचा जाना चाहिए।

## छात्रों के खिलाफ 'हिंसा' के लिए शाह जिम्मेदार : राहुल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आंदोलनरत छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के लिए गृह मंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराते हुए छात्रों को नहीं डरने की सलाह दी और कहा कि उन्होंने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर संविधान की रक्षा की है इसलिए वह हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े हैं। श्री गांधी ने बुधवार को 10 जनपथ के बाहर देश के विभिन्न हिस्सों से आए छात्र आंदोलनकारियों के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि- उन्होंने इन युवाओं से बातचीत की है। ये युवा देश के अलग-अलग राज्यों से आए हैं और सभी ने बताया कि उन्होंने किसी प्रकार की हिंसा नहीं की लेकिन उनके साथ हिंसा हुई है और धमकी देकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'जब किसी नागरिक के साथ अन्याय होता है तो उसकी मदद करना हमारा कर्तव्य है। युवाओं को किसी से डरने की जरूरत नहीं है।

## बच्चों के कंधों पर बंदूक रखकर राजनीति न करें राहुलः भाजपा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रेस कॉफ्रेंस किए जाने के बाद भाजपा ने तत्काल जवाब दिया और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर विद्यार्थियों के नाम पर चुनिंदा तरीके की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उनसे मासूम बच्चों के कंधों पर बंदूक रखकर राजनीति करने की गुरेज करने की अपील की है। पात्रा ने बुधवार को को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा- 'भाजपा ने इस मंच से और सदन में बहुत ही स्पष्टता के साथ कहा था कि 20 तारीख को दिल्ली में 'संसद चलो आंदोलन' के दौरान कोई गोलीबारी नहीं हुई थी और आज भी कह रहा हूं कि उस दिन गोलीबारी नहीं हुई थी। पात्रा ने कांग्रेस और विपक्ष पर आरोप लगाया है कि- वह अपनी राजनीति चमकाने के लिए बिना तथ्यों के आरोप मढ़ने और देश को भ्रमित करने में जुटे हैं, जो गलत है। जनता उन्हें सबक सिखाएगी।

### नहीं बदलीं ब्याज दरें, 5. 25 फीसदी पर बरकरार
### आरबीआई ने जीडीपी ग्रोथ का बढ़ाया अनुमान

# लक्ष्य से ऊपर पहुंची महंगाई

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में इस बार भी ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया गया। रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। आरबीआई एमपीसी की बैठक 3 से 5 अगस्त के बीच आयोजित हुई है। इससे पहले जून में हुई पॉलिसी मीटिंग में भी ब्याज दरों को यथावत रखा गया था। साथ ही आरबीआई ने जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान भी बढ़ाया है।



> चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6.6 प्रतिशत था।

**टार्गेट से ऊपर पहुंची खुदरा महंगाई दर**-आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति की घोषणा के दौरान कहा कि खुदरा महंगाई दर टार्गेट से ऊपर पहुंच गई है। उन्होंने कहा, महंगाई में बढ़ोतरी की मुख्य वजह खाद्य और ईंधन की कीमतें हैं। कोर महंगाई अभी भी नियंत्रित बनी हुई है। इस साल की तीसरी तिमाही (एफवाई3) में हेडलाइन महंगाई अपने उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में हेडलाइन महंगाई बढने का अनुमान है, जिसकी प्रमुख वजह खाद्य और ईंधन से जुड़ा आपूर्ति पक्ष का दबाव होगा। वहीं, कोर महंगाई फिलहाल मध्यम स्तर पर बनी हुई है और इसमें कमी आने की संभावना है। संजय मल्होत्रा ने कहा कि कीमती धातुओं (सोना-चांदी) को छोड़कर देखा जाए तो मूल महंगाई अभी भी नियंत्रित है और पहले के अनुमानों के अनुरूप बनी हुई है।

**चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा महंगाई के नए अनुमान**-आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा महंगाई का अनुमान घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। >>शेष पृष्ठ 3 पर

### सार संक्षेप

## रिजिजू ने राहुल और प्रियंका से की मुलाकात

**परिसीमन और महिला आरक्षण संशोधन बिल पर मांगा समर्थन**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद का गतिरोध तीसरे हफ्ते पहुंच गया है, लेकिन केंद्र सरकार किसी तरह इस हंगामे को खत्म करने की पहल में जुट गई है। इसी पहल के तहत संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और उनसे पार्लियामेंट की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए मदद मांगी। सूत्रों के हवाले से बताया कि राहुल गांधी ने रिजिजू से स्पष्ट कहा कि सदन में गृह मंत्री के बयान के बिना कार्यवाही नहीं चलेगी। सूत्रों के अनुसार, विपक्षी दलों के नारेबाजी के बीच लोकसभा की बैठक शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर स्थगित होने के तुरंत बाद रिजिजू ने राहुल गांधी से उनके कक्ष में मुलाकात की। रिजिजू ने परिसीमन विधेयक और महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर कांग्रेस का सहयोग मांगा, जिसे सरकार मौजूदा सत्र में फिर से पेश करने के लिए उत्सुक है। रिजिजू ने वायनाड सांसद प्रियंका से भी मुलाकात की।

## पीएम मोदी का वीडियो हटाने पर मेटा ने माफी मांगी

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फेसबुक पोस्ट अस्थायी रूप से हटाए जाने के बाद मेटा ने सरकार से माफी मांग ली है। कंपनी के ग्लोबल अफेयर्स प्रमुख जोएल कपलान ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री की पोस्ट पर लगी रोक तकनीकी गलती थी और इसके लिए मेटा की ओर से खेद जताया गया है।

### बिरादरी की बात

चूहा-सुनती हो- महंगाई लक्ष्य से ऊपर पहुंच रही है।
चुहिया- हां प्रिये- सड़क से लेकर रसोई तक 'आम आदमी के बजट का लक्ष्य' एड़ियां रगड़ रहा है।

### सिद्धिविनायक मंदिर दान घोटाले पर कार्रवाई

## 5 साल के चढ़ावे का होगा ऑडिट, 9 गिरफ्तार, 46 कर्मचारी निलंबित

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में कथित दान घोटाले को लेकर महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है। महाराष्ट्र सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर की दान पेटी में पिछले पांच वर्षों के दौरान जमा नकदी और चढ़ावे में मिले सोने-चांदी के आभूषणों का विशेष ऑडिट कराने का फैसला किया है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पांच वर्षों के दान का ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि इस जांच के बाद घोटाले में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। इस विवाद की शुरुआत तब हुई जब राज ठाकरे ने दावा किया कि सिद्धिविनायक मंदिर की दान पेटी से हर साल करीब 18 करोड़ रुपये की हेराफेरी की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक पत्र भी भेजा गया था, जिसमें मंदिर कर्मचारियों की संलिप्तता का उल्लेख था।

**दान पेटी से हर साल करीब 18 करोड़ रुपये की हेराफेरी का दावा**

राज ठाकरे के अनुसार, जिन कर्मचारियों पर चोरी का संदेह था, उनके पकड़े जाने के बाद मंदिर में मिलने वाले दान की औसत राशि में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उसने स्वयं मई महीने में कानून एवं न्याय विभाग को पत्र लिखकर पिछले पांच वर्षों के दान का विस्तृत ऑडिट कराने का अनुरोध किया था। ट्रस्ट अध्यक्ष सदा सरवणकर और ट्रस्टी राहुल लोंढे के अनुसार, दान राशि में गड़बड़ी की जानकारी मिलते ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के प्रमुख विश्वास नांगरे पाटिल से >>शेष पृष्ठ 3 पर

# पंचायतों को सशक्त बनाना आवश्यक : मुख्यमंत्री

◆ शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों के विकास तथा बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य योजना बनाने के दिये निर्देश
◆ मुख्यमंत्री ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि व्यवस्थित ग्रामीण विकास और जनकल्याण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायतों को सशक्त बनाना आवश्यक है। शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों के विकास तथा बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य योजना बनाई जाए।



नगरों के निकट विद्यमान पंचायतों के प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जाये ताकि आसपास के क्षेत्र में सड़कें व अन्य अधोसंरचना व्यवस्थित रूप से विकसित हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि- अगले वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान और अधिक व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, वीबी जी राम जी योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, विभाग की राज्य मंत्री राधा सिंह, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। अत: मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत घरों में गौपालन को भी प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही गो-समितियों को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में बताया गया कि- 10 हजार 554 ग्राम पंचायतों में ऑनलाईन सेवाएं शुरू हुईं हैं।

## नए साल से आ सकते हैं प्लास्टिक वाले नोट

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अगर सबकुछ ठीक रहा तो आप नए साल में प्लास्टिक के नोट का इस्तेमाल कर सकेंगे। दरअसल, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि- आरबीआई अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में पॉलिमर यानी प्लास्टिक के नोट जारी करने की तैयारी कर रहा है। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा के बाद मल्होत्रा ने कहा कि कुछ देशों में पॉलिमर नोट का 30 वर्षों से अधिक समय तक चलने का रिकॉर्ड हैं। ये नोट खासतौर पर कम मूल्य वर्ग के नोटों के लिए उपयोगी होंगे, क्योंकि इनका उपयोग और चलन अधिक होता है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि अभी पॉलिमर के कागज के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इसके बाद उस पर परीक्षण किए जाएंगे और फिर सुरक्षा संबंधी स्वीकृतियां ली जाएंगी। इसके कई चरण और सिक्योरिटी फीचर हैं।



## कांग्रेस : मप्र के सभी विभाग और प्रकोष्ठ भंग, नए गठन की तैयारी शुरू

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस ने संगठन में व्यापक बदलाव की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश के सभी विभागों और प्रकोष्ठों की प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर तक की इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि- यह निर्णय संगठन के पुनर्गठन अभियान के तहत लिया गया है। दिल्ली में पिछले दो दिनों से कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' की समीक्षा बैठक चल रही है। बैठक में प्रदेश संगठन को अधिक सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसी मंथन के बाद सभी विभागों और प्रकोष्ठों को भंग करने का फैसला लिया गया। मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने आधिकारिक आदेश जारी कर प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर तक सभी विभागों और प्रकोष्ठों की इकाइयों को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के निर्देश दिए हैं।







### बारिश का संकट गहराया

# प्रदेश के 43 जिले औसत वर्षा से पीछे

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में मानसून की रफ्तार फिर धीमी पड़ गई है। लगातार पांच दिनों से कहीं भी व्यापक और भारी बारिश दर्ज नहीं होने से प्रदेश में वर्षा का घाटा बढ़कर 18 प्रतिशत तक पहुंच गया है। हालात यह हैं कि 55 में से 43 जिले सामान्य बारिश से पीछे चल रहे हैं और पूरे सीजन में अब तक औसत से करीब साढ़े तीन इंच कम पानी बरसा है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से सक्रिय मौसम प्रणालियां पर्याप्त मजबूत नहीं रहीं, इसलिए प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश ही हुई। हालांकि, अब उत्तर भारत में सक्रिय दो चक्रवाती परिसंचरण और नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

**आज इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट**-बुधवार को दतिया, भिंड, छतरपुर, पन्ना और सतना में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सागर, नर्मदापुरम समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।



### 18 प्रतिशत पानी की कमी

**पूर्वी मध्य प्रदेश सबसे ज्यादा प्रभावित**-कम वर्षा से सबसे ज्यादा जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में हालात अधिक चिंताजनक हैं। यहां औसतन 22 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है और सभी जिले सामान्य से पीछे हैं। वहीं पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी 15 प्रतिशत बारिश की कमी बनी हुई है। केवल बड़वानी, भिंड, बुरहानपुर, देवास, इंदौर, खंडवा और खरगोन ऐसे जिले हैं, जहां औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई है।

**अब नए सिस्टम से उम्मीद**-मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से अगले कुछ दिनों में मानसून फिर जोर पकड़ सकता है और प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है।

### कोटे की आधी बारिश भी नहीं हुई

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में अब तक औसतन 16 इंच (407.2 मिमी) बारिश हुई है, जबकि इस समय तक 19.5 इंच (495.2 मिमी) बारिश हो जानी चाहिए थी। यानी प्रदेश सामान्य से करीब 18 प्रतिशत पीछे है और अब तक सामान्य वर्षा का आधा आंकड़ा भी पूरा नहीं हो सका।

# फीस नहीं मिली तो प्राचार्य ने छात्रा को पीटा

## छात्रा की रिपोर्ट पर कोलगवां थाने में प्रकरण दर्ज

● सरस्वती स्कूल कृष्णनगर में पहुंची पुलिस




**सतना, देशबन्धु।** संस्कारों का पाठ पढ़ाने वाले कोलगवां थाना क्षेत्र के कृष्णनगर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय के प्राचार्य के खिलाफ कक्षा दसवीं की छात्रा ने थाने में अभद्रता एवं मारपीट की शिकायत की है। जिसमें पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए पुलिस को छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है।

सिटी कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली छात्रा का कहना है कि विद्यालय के पूर्व प्राचार्य ने उसकी फीस माफ कर दी थी, लेकिन नए प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद दुबे ने फीस की मांग करते हुए क्लासरूम से बाहर निकाल दिया और जब इस विषय पर उनसे बात करने उनके कार्यालय कक्ष में गई तो मारपीट करते हुए वहां से भी बाहर कर दिया। छात्रा का आरोप है कि प्राचार्य ने इतना पीटा की दाएं हाथ में चोट आई और नाक से खून बहने लगा। घटना की सूचना मिलने पर जब उसके चाचा ने जाकर प्राचार्य से बात करनी चाही तो उनके साथ बदसलूकी करते हुए उन्हें भी विद्यालय से बाहर निकाल दिया गया।

### छात्रा का कराया मेडिकल परीक्षण

इस मामले में पुलिस का कहना है कि जिला अस्पताल में छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। रिपोर्ट मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। चर्चाओं से ज्ञात हुआ है कि छात्रा के पिता नहीं हैं, चाचा ही अभिभावक हैं। छात्रा का आरोप है कि जब उसके साथ मारपीट हो रही थी तो क्लास टीचर सहित तमाम शिक्षक देख रहे थे, लेकिन किसी ने रोकने का प्रयास नहीं किया।

### पुलिस पहुंची तब खोला गेट

छात्रा के चाचा का कहना है कि वह स्कूल गए तो उन्हें गेट से बाहर कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस और मीडिया के पहुंचने पर स्कूल गेट खोला गया। इसके बाद पुलिस ने वहां मौजूद शिक्षकों से भी बात की, लेकिन छात्रा के पक्ष में किसी ने बात नहीं की। प्रवीण का कहना है कि स्कूल प्रबंधन का यह रवैया छात्र हित के खिलाफ है।

### हंगामा किया, वीडियो बनाया

सरस्वती विद्यालय प्रबंधन की ओर से कोलगवां थाना में एक आवेदन दिया गया है। जिसमें बताया कि छात्रा और उसके भाई की फीस बकाया है। फीस मांगने पर बच्चों के चाचा उत्तेजित होकर स्कूल पहुंचे और प्राचार्य कक्ष में आकर बदतमीजी करते हुए वीडियो बनाने लगे। विद्यालय परिसर में तेज चिल्लाकर माहौल तनावपूर्ण कर दिया। स्कूल प्रबंधन ने इस शिकायत पर पुलिस से कार्रवाही चाही है।

# पटवारियों की हड़ताल से लोगों के अनिवार्य कार्य हो रहे प्रभावित



**सतना, देशबन्धु।** प्रांतीय पटवारी संघ के आह्वान पर मांगों को लेकर जारी पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। बुधवार को बारिश के बावजूद पटवारी संघ के सदस्य धरना स्थल पर डटे रहें और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मौसम की भारी प्रतिकूलता के बावजूद आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी लंबित मांगों का संपूर्ण और ठोस निराकरण नहीं होता, तब तक यह संघर्ष इसी ऊर्जा और एकजुटता के साथ जारी रहेगा।

### बदले प्रशासनिक घटनाक्रम

आंदोलनकारियों की माने तो बुधवार को हुई बारिश के बीच प्रशासनिक घटनाक्रम भी तेजी से बदले हैं। बताया जाता है कि शासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से मांगों के संदर्भ में पत्र और नोटशीट जारी की गई हैं। पूर्व राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और वर्तमान राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा पटवारियों की मांगों के संबंध में जारी किए गए शासकीय पत्रों और नोटशीट का हवाला देते हुए संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यद्यपि शासन स्तर पर मांगों को स्वीकार करने और सकारात्मक पहल के संकेत दिए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जब तक इनका पूर्ण क्रियान्वयन और ठोस आदेश जारी नहीं होते, तब तक पटवारी अपने अधिकारों के लिए पीछे नहीं हटेंगे। वहीं शासन द्वारा दिए गए आश्वासनों और पत्राचार से यह साबित होता है कि पटवारियों की मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं। धरना स्थल पर बिरसिंहपुर तहसील अध्यक्ष हरिओम एवं मझगवां तहसील के अध्यक्ष आशीष की अगुवाई में जिले भर के हल्का पटवारी शामिल हुए और हड़ताल जारी रखी।

### आज का मौसम

| न्यूनतम तापमान | अधिकतम तापमान | आर्द्रता |
|---|---|---|
| 25.02 डि.सें. | 28.03 डि.सें. | सुबह : 97 |
| | | शाम : 87 |

## सार-समाचार



### दतिया उपचुनावः प्रभारी विधायक की संगठनात्मक कुशलता का परिणाम

**सतना, देशबन्धु।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली ऐतिहासिक और प्रचंड जीत पर जिला कांग्रेस कमेटी में भारी उत्साह का माहौल है। इस शानदार विजय पर जिला कांग्रेस कमेटी, सभी प्रकोष्ठों, मंचों, विभागों तथा समस्त निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने दतिया उपचुनाव प्रभारी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को शुभकामनाएं दी हैं। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय, प्रदेश नेतृत्व, प्रदेश संगठन प्रभारी हरीश चौधरी, सह संगठन प्रभारी रणविजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। शीर्ष नेतृत्व ने विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा पर पूर्ण विश्वास जताते हुए उन्हें दतिया उपचुनाव जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी थी और उन्होने इस जिम्मेदारी को बेहद मुस्तैदी, समर्पण और रणनीतिक कौशल के साथ निभाया और जीत दिलाई। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अमित गोयल ने कहा कि दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की यह विजय केवल एक शुरुआत ही नही, बल्कि यह साबित कर दिया है कि जनता का झुकाव अब पूरी तरह कांग्रेस की तरफहै। दतिया की यह विजय आने वाले चुनावों में विंध्य क्षेत्र में कांग्रेस की बड़ी जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### प्रदेश प्रभारी ने की कार्यो की समीक्षा



**सतना, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा जयस्तंभ चौक पार्टी कार्यालय में कांग्रेस सेवादल की समीक्षा बैठक लेते हुएसेवादल के पादाधिकारियों से उनके विचार जाने और ब्लॉक, जिला की प्रत्येक माह बैठक आयोजित करने, पंचायत अध्यक्षों की नियुक्ति, डिजास्टर कमेटी का गठन, रवि मिलन, ध्वज वंदन, जन आंदोलन, मीडिया, सोशल मीडिया, संचार मे एक-एक व्यकित की नियुक्ति के कार्य करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत से हुआ और सेवादल के संस्थाक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. एनएस हार्डिकर की प्रतिमा मे सूत की माला चढ़ा कर उन्हे नमन किया। राम प्रताप कुशवाहा ने स्वागत भाषण, सुधीर जैन ने सेवादल का इतिहास जानने पर जोर दिया एवं केडी चतुर्वेदी ने सेवादल के बारे मे जानकारी दी। सेवादल के वरिष्ठ नेता रामकरण बुनकर का साल श्री फल से समानित किया गया । कार्यक्रम मे सेवादल के जिलाध्यक्ष बरमेंद्र प्रताप सिंह, यंग ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष उदित तिवारी, डॉ. डी पी प्रजापति, जाकिर खान, मोती लाल जैसवाल, पुरषोत्तम चौधरी, अंकुर सेठ, संत राम विश्वकर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, भोला दीन केवट, अरुणेश सिंह, मो. नईम, मनोज कुशवाहा अन्य उपस्थित रहे।

# 177 बी-हाइव में किया जाएगा मुधुमक्खी पालन

## मझगवां एसडीएम सहित कलेक्टर ने किया अवलोकन




● चित्रकूट विधानसभा में प्रशासन की सराहनीय पहल

**सतना, देशबन्धु।** चित्रकूट विस की आजीविका मिशन की महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। कामकाजी महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के साथ उन्हे आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए जनपद मझगवां में जमीनी स्तर पर काम दिखने लगा है। ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चित्रकूट सीएलएफ पिण्ड्रा(क्लस्टर लेवल फेडरेशन) से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की दीदियों को मधुमक्खी पालन के लिए 177 बी-हाइव मगाए गये हैं। जिन्हे मझगवां चित्रकूट रोड में चौरहा के पास इन बी हाइव बाक्सों का रखवाया गया है।

राजस्थान से आये इन बी-हाइव का अवलोकन करने के लिए बुधवार को एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर के साथ कलेक्टर सतना सतीष कुमार एस भी पहुंचे। इस दौरान जनपद सीईओ राहुल पाण्डेय, मझगवां ग्रामीण आजीविका मिशन के वीओ कौशलेन्द्र सिंह, सहायक वीओ आशुतोष शुक्ला सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### क्या है बी -हाइव

दरअसल बी-हाइव एक पूरा मधुमक्खी पालन का बाक्स होता है। जिसके अंदर ब्रूड चैम्बर, हनी चैम्बर, बॉटम बोर्ड, टॉप कवर सिंह फेम होता है। ब्रूड चैम्बर यह नीचे वाला मुख्य भाग होता है, यहां रानी मक्खी अंडे देती है और बच्चों (लारवा) का पालन-पोषण होता है। हनी चैंबर या सुपर बॉक्स यह ब्रूड चैंबर के ऊपर रखा जाने वाला ऊपरी हिस्सा होता है, यहां पर मधुमक्खियां शहद इकट्ठा करती हैं। बॉटम बोर्ड बक्से का सबसे निचला आधार होता है। टॉप कवर यह बक्से का सबसे ऊपरी ढक्कन होता है जो बारिश और धूप से बचाता है। फ्रेम बक्से के अंदर लकड़ी या तार के सांचे लगे होते हैं जिन पर मधुमक्खियां छत्ता बनाती हैं।

### मुर्गी पालन की कार्य योजना

मझगवां जनपद पंचायत के सहायक विकासखंड प्रबंधक आशुतोष शुक्ला ने चर्चा के दौरान बताया कि स्व सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित कराने लिए एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर और जनपद पंचायत सीईओ राहुल पाण्डेय पूरी तरह से प्रयासरत हैं। इस कार्य में विकासखंड प्रबंधक कौशलेन्द्र सिंह भी जुटे हुए हैं। मझगवां चित्रकूट मार्ग में चौरहा के पास जहां मधुमक्खी पालन किया जाना है। ठीक उसी के बगल में मुर्गी पालन का कार्य भी किया जाएगा। जिला खनिज मद से मुर्गी पालन शुरु करने के लिए जल्द ही एक सुरक्षित शेड बनाया जाएगा। इसके बाद यहां पर अच्छी नस्ल के चूजे, संतुलित दाना (फीड)सहित अन्य जरूरतों को पूरा किया जाएगा।

### शुरू होगा प्रशिक्षण

बताया गया है कि मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापित करने के चित्रकूट सीएलएफ के अंतर्गत आने वाले समूहों से तकरीबन 30 दीदियों को चिन्हित किया गया है। जल्द ही जहां से बी-हाइव आये हैं वहीं से प्रशिक्षक बुलाकर के मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# रिटायर्ड सैनिकों का सम्मान



**सतना, देशबन्धु।** भारतीय सेना एवं अर्द्धसैनिक बलों में 26 से 30 वर्ष तक रहकर अपनी मातृभूमि की सेवा करने वाले वीर सैनिक 31 जुलाई को अपने-अपने सैन्य दायित्वों से सकुशल सेवानिवृत्त होकर अपने गृह लौटे नायब सूबेदार दीप नारायण द्विवेदी आर्टिलरी रेजिमेंट, हवलदार अनिल कुमार पांडे 23 मैकेनाईड इन्फैंट्री, हवलदार मनोज सिंह चंदेल भारतीय सेना, हवलदार राम सुमिरन वर्मा 14 डोगरा रेजिमेंट, नायक राजीव प्रताप सिंह आर्मी मेडिकल कोर फिजियोथेरेपिस्ट तथा सूबेदार मेजर कौशल कुमार मिश्रा सीमा सुरक्षा बल का सतना रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उनके माता-पिता, परिवारजन, भाई-बंधु, रिश्तेदार, मित्र एवं ग्रामवासियों सहित गणमान्य नागरिकों सहित चंद्रशेखर आजाद पूर्व सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार, संरक्षक सुरेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा, सचिव मनोज कुमार कुशवाहा, राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी आदि ने स्वागत कर अभिनंदन किया।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी भागीदारी फर्म " M/s LALARAM RISHI KUMAR" जिसका पंजीयन क्रमांक- 22 पंजीयन दिनांक 12/08/2002 पता WARD NO 40 OPP. SUBHASH PARK SATNA TEHSIL RAGHURAJNAGAR DISTT SATNA MP 485001 कार्यालय फर्म्स एवं संस्थाएं रीवा शहडोल संभाग रीवा से पंजीकृत फर्म हैं। यह है कि फर्म पंजीयन के समय में भागीदार ( 1 ) SHRI RISHI KUMAR AGRAWAL S/O SHRI KESHO RAM AGRAWAL ( 2 ) SHRI SITA RAM AGRAWAL S/O SHRI LALA RAM AGRAWAL पार्टनर थे फर्म के रचना में परिवर्तन दिनांक 01/08/2026 को ( 1 ) SHRI SITA RAM AGRAWAL S/O SHRI LALA RAM AGRAWAL अपनी स्वेच्छा से फर्म से पृथक हो रहे हैं एवं उक्त दिनांक 01/08/2026 को नवीन पार्टनर ( 1 ) Shri YASH AGRAWAL S/O SHRI RISHI KUMAR AGRAWAL को सम्मिलित किया गया हैं। उक्त फर्म के किसी भी पार्टनर को कोई समस्या हो तो 7 दिवस के भीतर सूचित करें।

भागीदार पार्टनर: SHRI RISHI KUMAR AGRAWAL



## म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)

फोन : 9425601511, 9340714903

### प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत निर्माण कार्य संभागीय कार्यालय भवन म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग रीवा हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 10/2026-27 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2026_MPPHC_527249_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 22.08.2026 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/127375/2026 परियोजना यंत्री


# अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया से रूबरू हुए छात्र



**सतना, देशबन्धु।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 में बुधवार को स्काईरूट एयरोस्पेस के जीएनसी अभियंता रत्नेंद्र सिंह ने छात्रों को स्पेस टेक्नोलॉजी, स्पेस स्टार्टअप, रॉकेट विज्ञान तथा एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत आज अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है और निजी स्पेस स्टार्टअप वैश्विक स्तर पर देश की पहचान को मजबूत कर रहे हैं। अभियंता रत्नेंद्र सिंह ने सरल एवं रोचक उदाहरणों के माध्यम से रॉकेट प्रक्षेपण, उपग्रहों की कार्यप्रणाली, अंतरिक्ष अभियानों में गाइडेंस, नेविगेशन एवं कंट्रोल प्रणाली की भूमिका तथा भविष्य में अंतरिक्ष विज्ञान के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। संवाद के दौरान छात्रों ने अंतरिक्ष अभियानों, रॉकेट तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सहज और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उत्तर दिया। कार्यक्रम में उनके पिता एवं भारतीय सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह ने छात्रों को अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और दृढ़ संकल्प का संदेश देते हुए कहा कि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर हो तो सफलता अवश्य मिलती है। विद्यालय के प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल ने कहा कि ऐसे संवाद छात्रों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करते हैं। उन्होंने छात्रों से आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में आगे बढ़कर देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामानुज पाठक ने किया। आनंद मिश्रा ने आभार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने रत्नेंद्र सिंह का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

### अजीत के निधन पर शोक श्रद्धांजलि



**सतना, देशबन्धु।** हार्डवेयर पेंटस एसो. के अध्यक्ष घनश्याम दास अच्छडा के भतीजे अजीत कुमार शुगानी के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और ईश्वर से मृतात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देनें एवं घर परिवार को इस गहनतम दुख को सहन करने प्रार्थना की गई। शोक सभा मे घनश्यामदास अच्छडा सहित रूपचंद सचदेव, सुरेश बड़ेरिया, राकेश गुप्ता, सनी सीरवानी, आशीष गुप्ता आदि रहे।

# सृजन संवादः समझें कानून और जिम्मेदारी, रहें सुरक्षित

● एएसपी ने किया विद्यालय के छात्रों को जागरूक




**सतना, देशबन्धु।** सृजन संवाद कार्यक्र अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय व्यंकट क्रमांक एक में जागरूकता सेमिनार का आयोजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर गौरव पाण्डेय के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें गौरव पाण्डेय द्वारा विद्यार्थियों को कानून एवं जिम्मेदारी, सुरक्षित व्यवहार तथा उत्तरदायी नागरिकता के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी श्वेता मौर्या द्वारा पाक्सो एक्ट एवं महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों तथा बालिकाओं की सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। सूबेदार रामादेवी राय द्वारा यातायात सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता बताई गई। साइबर शाखा से प्रधान आरक्षक विपेन्द्र मिश्रा द्वारा साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव तथा संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्हें अपने अधिकारों के साथ-साथ कानून एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया गया।

### सृजन संवाद की चरणबद्ध कार्ययोजना

सृजन संवाद कार्यक्रम चरणबद्ध आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में जिला मुख्यालय स्तर पर तथा द्वितीय चरण में सब डिवीजन, तहसील मुख्यालय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें विद्यालय के छात्रों को समस्त जानकारियां दी जाएंगी और विद्यार्थियों को थाना भ्रमण, डायल-112 सहित पुलिस की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा थानों के भ्रमण सहित विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में एएसपी गौरव पाण्डेय द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें जागरूक, जिम्मेदार एवं कानून का पालन करने वाला नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।


## कार्यालय अधीक्षक सब जेल मैहर जिला मैहर म.प्र.

क्रमांक 1740/ निर्वाह/2026 मैहर, दिनांक 30/07/2026

### निविदा सूचना

### ई-टेण्डरिंग वार्षिक निविदा विज्ञप्ति वर्ष (2026-2027)

### (तृतीय आमंत्रण )

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एंव म.प्र. भण्डार क्रय नियम 2015 यथा संसोधित 2022 के अन्तर्गत पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मों द्वारा सव जेल मैहर में परिरूद्ध बंदियों हेतु खाद्यान, सब्जिया, स्वच्छता सामग्री के क्रय हेतु निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति (online system) के माध्यम से आमत्रित की गई है। विस्तृत जानकारी www.mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1- | प्री-बीड मीटिंग की अंतिम तिथि | दिनांक 14.8.2026 को समय प्रातः 12:00 बजे तक |
| 2- | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | दिनांक 18.08.2026 समय शाम 05:30 बजे तक |
| 3- | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 18.08.2026 समय शाम 05:30 बजे तक |
| 4- | सेम्पल जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 19.08.2026 समय शाम 05:30 बजे तक |
| 5- | तकनीकी निविदा खोलने एंव नमूना परीक्षण की तिथि | दिनांक 20.08.2026 समय दोपहर 12:00 बजे तक |
| 6- | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 21.08.2026 समय 12:00 बजे तक |

निविदा फार्म का मूल्य 1000/- रूपये है जो ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (online system) क्रेडिट कार्ड या आनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एंव उससे सबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शित वेबसाईट पर देखे। निविदा की कार्यवाही सब जेल पर जेल अधीक्षक द्वारा की जावेगी।

(रामजी त्रिपाठी)
सहायक जेल अधीक्षक
सब जेल जिला मैहर (म.प्र.)

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

G-16712/26

# एसएएफ चौराहे का सौंदर्यीकरण आमजन को समर्पित

## आकर्षक प्रकाश व्यवस्था एवं फव्वारों से बढ़ी शहर की सुंदरता



**रीवा देशबन्धु।** नगर पालिक निगम रीवा द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण एवं आधुनिक शहरी विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए पुलिस पेट्रोल पंप एसएएफ चौराहे के सौंदर्यीकरण कार्य को पूर्ण कर महापौर अजय मिश्रा ''बाबा'' एवं निगम आयुक्त श्री अक्षत जैन की उपस्थिति में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, फव्वारों एवं अन्य विकसित सुविधाओं का शुभारंभ किया गया तथा नव-विकसित चौराहे को आमजन को समर्पित किया गया। आधुनिक डिज़ाइन, हरियाली, आकर्षक लाइटिंग, फव्वारों से सुसज्जित यह चौराहा अब शहर की सुंदरता में नई पहचान जोड़ेगा।

इस अवसर पर महापौर अजय मिश्रा ''बाबा'' ने कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि रीवा शहर को साफ-सुथरा, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जाए। पुलिस पेट्रोल पंप एस एएफ चौराहे का नया स्वरूप शहर की सुंदरता को बढ़ाएगा और यहां से गुजरने वाले लोगों को बेहतर अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा कि चौराहे पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, फव्वारे, हरियाली और सुचारू यातायात की बेहतर व्यवस्था की गई है, जिससे दिन के साथ-साथ रात्रि में भी यह स्थल आकर्षण का केंद्र रहेगा।

> नगर निगम का प्रयास है कि रीवा शहर को साफ-सुथरा, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जाए।
> **अजय मिश्रा 'बाबा'**
> महापौर



नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन ने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों को बेहतर स्वरूप देने के लिए नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। पुलिस पेट्रोल पंप एसएएफ चौराहे का सौंदर्यीकरण उसी प्रयास का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अन्य प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों का भी चरणबद्ध तरीके से विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि शहर की सुंदरता बनाए रखने में सभी अपना सहयोग दें तथा सार्वजनिक संपत्तियों का संरक्षण करें।

इस दौरान एमआईसी सदस्य धनेंद्र सिंह बघेल, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री अभिनव चतुर्वेदी, जनप्रतिनिधि अमृत लाल मिश्रा सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट में बारिश के बीच फरियादी का धरना

## प्रदर्शनकारी ने कहा जब तक निराकरण नहीं तब तक जारी रहेगा धरना...



**रीवा देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आज भारी बारिश के बीच एक फरियादी खुले आसमान के नीचे धरने पर बैठ गया। फरियादी का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद ही उसकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया। फिलहाल आज अपनी समस्या लेकर एक बार फिर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे फरियादी ने धरना दे दिया है और अब उसका कहना है कि जब तक उसकी समस्या का निराकरण नहीं किया जाएगा तब तक वह यही धरने पर बैठा रहेगा।

दरअसल धरने पर बैठे इस फरियादी का आरोप है कि गांव के मुख्य मार्ग को स्थानीय दबंग परिवार के द्वारा पक्का निर्माण कार्य करा कर अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे न सिर्फ गांव में रहने वाले 50 से 60 परिवारों का रास्ता अवरुद्ध हो गया है बल्कि पानी निकासी भी पूरी तरह से बंद हो चुकी है फरियादी के मुताबिक वह रीवा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत अमवा का रहने वाला है। फरियादी रहीश कुमार शुक्ला ने बताया कि उसके घर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग में स्थानीय दबंग परिवार ने दीवार खड़ी कर दी है, जिसके चलते गांव में रहने वाले तकरीबन 50 से 60 परिवारों का मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो चुका है, साथ ही बाउंड्री वॉल के निर्माण होने से पानी निकासी की भी समस्या बनी हुई है। फरियादी रईस कुमार शुक्ला ने आरोप लगाया कि उसने अपनी समस्या को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन लगातार उसकी शिकायतों को अनसुना किया जा रहा था, जिससे परेशान होकर आज वह धरना देने को मजबूर हुआ है। फिलहाल कलेक्ट्रेट कार्यालय में खुले आसमान के नीचे बारिश के बीच धरने पर बैठे फरियादी की मांग है कि गांव के अवरुद्ध मार्ग को जल्द से जल्द खुलवाया जाए।

## सार-समाचार

### कांग्रेस सेवादल की जिला समीक्षा बैठक 6 अगस्त को



**रीवा देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल के ग्रामीण अध्यक्ष अनिल तिवारी एवं शहर अध्यक्ष आनंद कुशवाहा ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि कांग्रेस सेवादल जिला रीवा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक 6 अगस्त (गुरुवार) को प्रात: 11:00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, विशाल मेगा मार्ट के बगल, बजरंग नगर, रीवा में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक प्रदेश प्रभारी श्री प्रताप नारायण मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगी। बैठक में संगठन की गतिविधियों, संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों तथा ब्लॉक, मंडलम एवं जिला स्तर के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### नशामुक्त भारत अभियान का शुभारंभ आज

**रीवा देशबन्धु।** देश को नशे की बुराई से मुक्त करने के लिए देश भर में नशामुक्त भारत अभियान शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अगस्त को इस अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। रीवा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 6 अगस्त से 20 अगस्त तक नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की गरिमामयी उपस्थिति में 6 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे से कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित समारोह में अभियान का शुभारंभ होगा।

### 10 को सड़कों पर निकलेंगे मजदूर किसान

**रीवा देशबन्धु।** चार श्रम विरोधी कानून वापस लिए जाने, मनरेगा को बहाल किए जाने, एमएसपी की कानूनी गारंटी का कानून बनाए जाने, भारत अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता रद्द किए जाने सहित तमाम राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर मजदूर संगठनों एवं संयुक्त किसान मोर्चे के संयुक्त आवाहन पर आगामी 10 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ के अवसर पर देशभर के 1000 स्थानों पर जेल भरो, रेल रोको, सड़क रोको , धरना तथा अन्य विभिन्न प्रतिरोध कार्यक्रमों के साथ विशाल विरोध दिवस मनाने का निर्णय लिया है। एसकेएम के नेता शिव सिंह ने बताया कि कई संगठनों और मंचों ने भी एसकेएम के साथ समर्थन और समन्वय का निर्णय लिया है।

### डीबीटी एवं डीएलसी की कार्रवाई 20 तक

**रीवा देशबन्धु।** नगर पालिक निगम रीवा द्वारा समस्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे अपने बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) सक्रिय कराने तथा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट(डीएलसी)प्रस्तुत करने की कार्यवाही 20 अगस्त तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। निगम द्वारा अवगत कराया गया है कि शासन के निर्देशानुसार जिन पेंशन हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी सक्रिय नहीं है, ऐसे हितग्राहियों को अगस्त माह से पेंशन का भुगतान नहीं किया जा सकेगा।

### कमिश्नर आज करेंगे पेंशन प्रकरणों की समीक्षा


**रीवा देशबन्धु।** कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह कमिश्नर कार्यालय सभागार में 6 अगस्त को शाम 5 बजे से आयोजित बैठक में विभिन्न सेवानिवृत्त अधिकारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करेंगे। बैठक में आगामी 6 माह में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण ऑनलाइन दर्ज करने की भी समीक्षा की जाएगी। उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार ने संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# संभागीय आईटीआई रीवा में रोजगार मेला 19 अगस्त को

**रीवा देशबन्धु।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशन में युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 19 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं , स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण समस्त ट्रेड तथा डिप्लोमा उतीर्ण युवक एवं युवतियां शामिल हो सकती हैं। कंपनियों द्वारा वेतन एवं भत्ते 7 हजार रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओं को अपने साथ समग्र आई.डी., मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर्स अहमदाबाद गुजरात, एमआरएफ टायर्स गुजरातकी कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# बड़े बकायादारों के खिलाफ निगम करेगा तालाबंदी की कार्रवाई



## जोनवार राजस्व वसूली कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई

**रीवा देशबन्धु।** नगर निगम रीवा के सहायक आयुक्त एवं राजस्व अधिकारी रामनरेश तिवारी ने बुधवार को जोनवार राजस्व वसूली कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समय-सीमा में वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में संपत्तिकर एवं सेवा प्रभार की वसूली, बड़े बकायादारों के विरुद्ध की गई कार्रवाई तथा अभिलेखों के अद्यतन की स्थिति की बिंदुवार जानकारी ली गई।

समीक्षा बैठक के दौरान प्रत्येक वार्ड में अपडेट किए गए मोबाइल नंबरों की जानकारी प्राप्त करते हुए शेष भवनों के मोबाइल नंबर शीघ्र अपडेट कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बैठक में बड़े बकायादारों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए वितरित डिमांड नोटिसों की जानकारी ली गई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन बकायादारों द्वारा नोटिस दिए जाने के बावजूद कर जमा नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कुर्की एवं तालाबंदी जैसी वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए तथा प्रत्येक कार्रवाई का अभिलेख व्यवस्थित रूप से संधारित किया जाए।

साथ ही, प्रतिदिन की राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए वार्ड प्रभारियों को वार्डवार लक्ष्य निर्धारित कर राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वर्तमान वर्ष की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए वसूली में और अधिक वृद्धि लाने के लिए क्षेत्रवार विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रगति निरंतर कम रहेगी, उनके विरुद्ध वेतन वृद्धि रोकने का प्रस्ताव दिया जाएगा।बैठक में सेवाप्रभार के बिल वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुँचकर बिल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा नियमित फील्ड भ्रमण कर राजस्व वसूली कार्यों में गति लाएं।

# मानवता की मिसाल बने अविराज, बारिश से प्रभावित झुग्गी बस्तियों में पहुंचकर वितरित किए तिरपाल



**रीवा देशबन्धु।** बुधवार को हुई तेज बारिश के बाद शहर की कई झुग्गी बस्तियों में रहने वाले परिवारों को तिरपाल की आवश्यकता की जानकारी मिलते ही युवा समाजसेवी अविराज ने बिना देर किए अपनी टीम के साथ प्रभावित बस्तियों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को तिरपाल वितरित किए। अविराज ने कहा कि समाज सेवा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कठिन समय में लोगों के साथ खड़े होने से साबित होती है। उन्होंने कहा कि बारिश के इस दौर में कोई भी जरूरतमंद परिवार असहाय न रहे, इसके लिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि यदि किसी झुग्गी बस्ती या जरूरतमंद परिवार को तिरपाल या अन्य आवश्यक राहत सामग्री की जरूरत हो, तो तत्काल जानकारी दें,ताकि समय पर सहायता पहुंचाई जा सके। बारिश के बीच राहत सामग्री पाकर झुग्गीवासियों ने अविराज और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। इस मानवीय पहल की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है अविराज के साथ इस नेक काम में राज यादव,शिव यादव,सागर रावत,सनी यादव, सुभाष गुप्ता सहित युवा साथी उपस्थित रहे।

# विजय लक्ष्मी मिश्रा बनीं महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष

## शीर्ष नेतृत्व के प्रति जताया आभार



**रीवा देशबन्धु।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा के मार्गदर्शन, मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बरसिया के निर्देशन तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर श्रीमती विजय लक्ष्मी मिश्रा को महिला कांग्रेस कमेटी, रीवा ग्रामीण का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उनकी नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं महिला कांग्रेस संगठन में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। श्रीमती विजय लक्ष्मी मिश्रा पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से रीवा जिले में सक्रिय समाजसेवा एवं कांग्रेस संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं। उन्होंने महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। महिलाओं के अधिकारों, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए उनका निरंतर संघर्ष, संगठन के प्रति निष्ठा तथा महिलाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विश्वास है कि श्रीमती विजय लक्ष्मी मिश्रा के नेतृत्व में रीवा जिले में महिला कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जिले की महिलाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने का अभियान और गति प्राप्त करेगा। उनके नेतृत्व में महिला कांग्रेस आगामी 2028 के विधानसभा चुनावों में जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने तथा महिलाओं की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# जन विश्वास अभियान में अधिकारी गांवों में पहुंचकर करेंगे निरीक्षण

## अभियान का प्रथम शिविर 7 अगस्त को सिरमौर के सुरवार में

**रीवा देशबन्धु।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 7 अगस्त से 8 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत अगस्त माह में जिले में 4 शिविर लगाए जाएंगे। अभियान का शुभारंभ सिरमौर विकासखण्ड में 7 अगस्त को ग्राम पंचायत सुरवार में आयोजित शिविर से होगा। इस शिविर में ग्राम पंचायत सुरवार, राजगढ़, दुलहरा, कररिया, बेलवा सुरसरी, खैरहन तथा सदहना ग्राम पंचायतें शामिल होंगी। इन ग्राम पंचायतों के सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी योजना में दर्ज आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला और खण्ड स्तर के सभी अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा जनसंवाद एवं उद्योग संवाद में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अधिकारी शिविर में शामिल होने के साथ-साथ अधीनस्थ कार्यालयों, छात्रावास, अस्पताल, उचित मूल्य दुकान आदि का निरीक्षण भी करेंगे। कलेक्टर ने कहा है कि शिविर का आयोजन सादगीपूर्ण रूप से करें। एसडीएम सिरमौर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिरमौर शिविर के लिए आवश्यक प्रबंध करें। सभी संबंधित अधिकारियों को सुरवार ग्राम पंचायत क्लस्टर से जुड़ी ग्राम पंचायतों तथा सिरमौर विकासखण्ड में लंबित सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई के आवेदनों की सूची उपलब्ध करा दी गई है।

# मप्र हाईकोर्ट के फैसले का एनएसयूआई ने किया स्वागत

## प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग



> छात्रसंघ लोकतंत्र की पहली पाठशाला, सितंबर के पहले सप्ताह में निष्पक्ष चुनाव कराए सरकार
> **पंकज उपाध्याय,** जिलाध्यक्ष
> एनएसयूआई रीवा

**रीवा देशबन्धु।** जबलपुर हाईकोर्ट द्वारा मध्यप्रदेश में सितंबर के प्रथम सप्ताह तक छात्रसंघ चुनाव कराने के निर्देश का एनएसयूआई ने स्वागत किया है। बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एनएसयूआई रीवा जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि यह फैसला प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं की लोकतांत्रिक आवाज की जीत है।

उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) प्रणाली से कराए जाने चाहिए, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी अपने अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का सीधे चुनाव कर सके। अप्रत्यक्ष प्रणाली से लोकतांत्रिक भागीदारी सीमित होती है और खरीद-फरोख्त जैसी आशंकाएं बढ़ती हैं। उपाध्याय ने कहा कि पिछले लगभग 10 वर्षों से छात्रसंघ चुनाव नहीं होने से छात्र राजनीति प्रभावित हुई है। छात्रसंघ लोकतंत्र की पहली पाठशाला है और अनेक बड़े जनप्रतिनिधि छात्र राजनीति से ही आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को हाईकोर्ट के निर्देशों का सम्मान करते हुए समय पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सत्ता समर्थित छात्र संगठन को संस्थागत संरक्षण मिलता है, जिससे छात्र राजनीति प्रभावित होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनएसयूआई का संघर्ष छात्र हितों, लोकतांत्रिक अधिकारों और शैक्षणिक संस्थानों की अव्यवस्थाओं के खिलाफ है। इस अवसर पर उन्होंने एनएसयूआई रीवा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पहुंचकर छात्रों को उनके अधिकारों तथा छात्रसंघ चुनाव के महत्व के प्रति जागरूक करेंगे।

**प्रत्यक्ष प्रणाली क्यों चाहता है NSUI**

- प्रत्येक छात्र सीधे अपने छात्रसंघ प्रतिनिधि का चुनाव कर सके।
- लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़े और सभी छात्रों को समान अधिकार मिले।
- खरीद-फरोख्त व बंद कमरे की राजनीति पर रोक लगे।
- हाईकोर्ट के निर्देशानुसार सितंबर के पहले सप्ताह में चुनाव कराए जाएं।
- एनएसयूआई ने सदस्यता अभियान शुरू करने की भी घोषणा की।

# तालाब में मछलीपालन पट्टे के लिए आवेदन 21 अगस्त तक

**रीवा देशबन्धु।** जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के तहत महैत तालाब को मछलीपालन के लिए 10 वर्षीय लीज पर दिया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान प्रदीप दुबे ने बताया कि लीज के लिए मत्स्य पालन नीति 2008 के प्रावधानों के तहत मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह, अनुसूचित जनजाति मछुआपालक, अनुसूचित जाति मछुआपालक तथा सामान्य पंजीकृत समितियाँ आवेदन कर सकती हैं। उल्लेखित क्रम में समितियों को लीज में तालाब देने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन पत्र के साथ समिति के सदस्यों की प्रमाणित सूची, पंजीयन प्रमाण पत्र, तीन वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट तथा परिसमापन में समिति के न होने का उप पंजीयक सहकारी संस्था का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

## राजस्व आय में वृद्धि की समीक्षा आज

**रीवा देशबन्धु।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 6 अगस्त को सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह राजस्व आय में वृद्धि की समीक्षा करेंगे। बैठक में आबकारी, खनिज तथा परिवहन विभाग के संभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रथम तिमाही में राजस्व आय के लक्ष्य और पूर्ति की समीक्षा की जाएगी।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

### लक्ष्य से ऊपर.....

यह पहले के अनुमान से 10 बेसिस प्वाइंट (0.10 प्रतिशत) कम है। यह अनुमान पहली तिमाही के लिए 5.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही के लिए 4.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही के लिए 5.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही के लिए 5.5 प्रतिशत है।

जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान बढ़ाया

आरबीआई ने यानी इसमें 10 बेसिस प्वाइंट (0.10 प्रतिशत) की बढ़ोतरी की गई है। मौद्रिक नीति समिति का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 में कोर महंगाई 4.3 प्रतिशत रहेगी। उन्होंने कहा, निजी खपत को विवेकाधीन खर्च का मजबूत सपोर्ट मिला है। कुल मिलाकर पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर रहा। जुलाई के पहले सप्ताह से भू-राजनीतिक तनाव दोबारा बढ़ने के कारण एनर्जी की कीमतों में उतार-चढ़ाव तेज हो गया है। वहीं, पहली तिमाही के शुरुआती कॉरपोरेट नतीजे बताते हैं कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

इकोनॉमी की ग्रोथ रेट बनी हुई है मजबूत

आरबीआई गवर्नर ने कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर मजबूत बनी हुई है, लेकिन चालू वित्त वर्ष में इसके पिछले अनुमान से कुछ कम रहने की संभावना है। हालांकि, वैश्विक व्यापार नीति को लेकर बनी अनिश्चितताओं के कारण आगे का परिदृश्य अभी स्पष्ट नहीं है। खासकर महंगाई की दिशा और उसके स्वरूप पर अधिक स्पष्टता आने के बाद ही कोई नीतिगत फैसला लिया जाएगा।

अल नीनो बना है महंगाई के लिए बड़ा जोखिम

संजय मल्होत्रा ने कहा, अल नीनो का असर महंगाई के लिए एक बड़ा जोखिम बना हुआ है। इसके अलावा, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है, जिससे निकट अवधि के महंगाई अनुमान पर अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि, अभी तक व्यापक स्तर पर महंगाई का दबाव सीमित है, लेकिन खाद्य, ईंधन और अन्य इनपुट लागत में बढ़ोतरी का असर आगे चलकर अन्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों पर भी पड़ सकता है।

### पांच साल के चढ़ावे.....

शिकायत की गई थी, जिसके बाद मंदिर में अतिरिक्त पुलिस सुरक्षा तैनात की गई। मार्च में दान पेटी से नकदी गायब होने का मामला सामने आया था। सीसीटीवी फुटेज की जांच में कुछ कर्मचारी छोटी दान पेटियों से नकदी निकालते हुए दिखाई दिए। इसके बाद एसीबी की निगरानी में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी राजन पेंडुलकर समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अब तक इस मामले में 46 कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है। ट्रस्ट ने पूरे मामले की सीआईडी जांच कराने की भी मांग की है।

देशबन्धु

सतना, गुरूवार 06 अगस्त 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# मोदी-शाह की अनुपस्थिति चिंतनीय

संसद के जारी मानसून सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके बाद सबसे प्रभावशाली गृह मंत्री अमित शाह की लगातार गैरमौजूदगी चिंतनीय है। जिसके कारण देश के समक्ष अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पा रही। उनकी अनुपस्थिति के चलते लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों ही सदनों में गतिरोध है। यह भी एक विडंबना है कि जहां एक तरफ़ संसद में अहम मसलों पर चर्चा नहीं हो रही है, वहीं तकरीबन हर रोज दोनों सदनों में हो रहे शोर-शराबे का लाभ उठाकर सरकार चालाकी से शासकीय विधेयक पारित कर रही है। यह संसदीय परम्परा के विपरीत है कि जिन मुद्दों पर प्रतिपक्ष चर्चा चाहता है, उसे सत्ता पक्ष चालाकीपूर्वक टाल रहा है और दूसरी ओर बिना बहस कराये अपनी मर्जी व आवश्यकता के विधेयकों को मंजूर कर कानून रूप दे रहा है। हालांकि भारतीय जनता पार्टी एवं उसके मित्र दलों के सहयोग से तीन बार बनी सरकारों का यही रवैया रहा है लेकिन आज भारत के सामने जो बेहद महत्वपूर्ण सवाल हैं, उन्हें टालना किसी भी सूरत में लोकतंत्र के हित में नहीं है। यह सीधे-सीधे सरकार का जवाबदेही से मुकरना है।

20 जुलाई से 13 अगस्त तक के लिये तय इस सत्र के दौरान उम्मीद थी कि सरकार जंतर-मंतर पर हुए युवाओं एवं छात्रों के प्रदर्शन और उसके पुलिसिया दमन पर सरकार जवाब देगी। यह प्रदर्शन मई में नीट परीक्षा के रद्द हो जाने के खिलाफ हुआ था। परीक्षा रद्द होने के चलते देश भर में 20 से अधिक छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या कर ली। करीब डेढ़ माह चले धरना-प्रदर्शन में शामिल लोग 20 जुलाई को संसद की ओर मार्च करना चाहते थे। उन्हें रोकने के लिये प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने बड़े पैमाने पर बल प्रयोग किया था। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद प्रदर्शन तो बंद हो गया पर प्रदर्शन स्थल पर युवाओं व छात्र-छात्राओं के साथ हुई पुलिस बर्बरता से लोगों में रोष है। केन्द्र सरकार के वादे के विपरीत बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। कील लगी लाठियां और सादे कपड़ों में पुलिस के साथ ऐसे लोगों ने छात्रों-युवाओं पर कहर बरपाया था जिनके बारे में आरोप है कि वे भाजपा तथा उसके समर्थित संगठनों के कार्यकर्ता थे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पैलेट गन से घायल युवक को मीडिया के सामने पेश किया तथा प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवाओं से भी तस्दीक कराई कि प्रदर्शनकारियों के साथ बर्बरता हुई।

संसद के बाहर और भीतर राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं कि प्रदर्शन में शामिल युवाओं का दमन करने का आदेश किसने दिया? उनके अनुसार गृह मंत्री होने के नाते अमित शाह इसके लिये जिम्मेदार हैं और अगर वे कहते हैं कि उन्हें जानकारी नहीं है कि यह किसके आदेश पर हुआ तो उसका अर्थ है कि वे अयोग्य हैं। दोनों ही मामलों में शाह की जवाबदेही है और उन्हें सदन में आकर जवाब देना चाहिये। पूरा विपक्ष चाहता है कि इस गम्भीर मामले में गृह मंत्री के साथ प्रधानमंत्री को भी संसद में चर्चा कराकर जनता को संतुष्ट करना चाहिये। उन्हें सदनों में आकर उत्तर देने के लिये रोज ही संसद परिसर में विपक्ष द्वारा प्रदर्शन और नारेबाजी की जा रही है। बुधवार को तो समूचे विपक्ष ने मकर द्वार से गांधी प्रतिमा तक मार्च भी निकाला, ताकि सरकार पर दबाव बने।

इधर यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट में भी है, जहां छात्रों पर पुलिस के दमन से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हिंसक प्रतिक्रिया कभी समाधान नहीं हो सकती, बल्कि इससे स्थिति और बिगड़ती है। उन्होंने कहा, 'सबसे बड़ी ताकत लोगों की बात सुनना है। यह समझना जरूरी है कि वे क्या कह रहे हैं और किस वजह से आंदोलन कर रहे हैं।'

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि शक्तिशाली राज्य की ओर से अत्यधिक सख्ती बरतने से स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा कि मामलों को वापस लेने का निर्णय संभवतः इसी सोच के साथ लिया गया होगा। उन्होंने कहा, 'ये युवा हैं। इन्हें उचित सलाह और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। राज्य की ओर से अनावश्यक आक्रामकता स्थिति को और हिंसक बना सकती है। इससे बचना जरूरी है।'

सुप्रीम कोर्ट भी मान रहा है कि आक्रामकता अनावश्यक है। वैसे नीट तथा सीजेपी के उपरोक्त प्रदर्शन के अलावा कई और ऐसे मुद्दे हैं जिन पर देश की सबसे बड़ी पंचायत में सरकार को जवाब देना चाहिये। अयोध्या के राममंदिर में चंदा चोरी का मामला, एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल-डीज़ल की बिक्री, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, असम की बाढ़, ऑपरेशन सिंदूर के मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा शहीदों की संख्या को लेकर संसद के पिछले एक सत्र में झूठ बोलना (बताया गया था कि कोई नुकसान नहीं हुआ पर हाल ही में स्वयं सरकार ने बताया है कि देश के 6 जवान शहीद हुए) आदि।

संसद सत्र से अनुपस्थित रहने का मोदी का पहले से रिकॉर्ड रहा है। उनके 12 वर्षीय कार्यकाल में अनेक ऐसे अवसर आये जब वे संसदीय बैठकों में उपस्थित रहने की बजाय कभी विदेश यात्रा पर निकल गये थे या चुनावी रैलियों को सम्बोधित करते रहे अथवा रोड शो कर रहे थे। खासकर राहुल गांधी सदन में आते हैं तो नरेन्द्र मोदी गायब ही हो जाते हैं। ऐसे में वे सदनों को अक्सर अमित शाह, राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आदि के भरोसे छोड़ जाते हैं। लेकिन अमित शाह पर जब से पुलिस बर्बरता का आरोप लगा है, तभी से वे भी संसद से गुल हैं। मोदी तो आधी रात को रीलें बनाते नज़र आते हैं। यहां तक कि सोमवार को आंध्रप्रदेश में हजारों लोगों के सामूहिक नृत्य का आनंद लेते हुए भी दिखे, लेकिन गृह मंत्री का कोई अता-पता नहीं है। यानी 'एक अकेला सब पर भारी' तथा '56 इंची सीना' होने का दावा करने वाले मोदी और 'चाणक्य' कहलाने वाले अमित शाह दोनों ही विपक्ष का जवाब देने से घबरा रहे हैं।

इन दोनों की अनुपस्थिति जनता को सोशल मीडिया पर और विपक्ष को संसद परिसर में भाजपा सरकार का मजाक उड़ाने के अवसर दे रही है।

इस बीच सरकार ने लाभ उठाते हुए जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र संशोधन विधेयक, पेपर लीक विरोधी कानून आदि बगैर चर्चा के पारित करा लिये। कहा जा रहा है कि यदि सभी शासकीय काम पूरे हो जाएंगे तो संसद का समय पूर्व सत्रावसान भी सम्भव है। जवाबदेही और संवाद से बचना इस सरकार की फ़ितरत और ज़रूरत दोनों ही है।

# आप माफ करने वाले होते कौन हैं

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

> सबसे आखिरी छठे एपिसोड में यह दिखाया गया है कि 'माफ़ी' देने का काम कौन करता है। वे खुद को उस सिंहासन पर प्रतिष्ठित कर रहे हैं, जो माफ़ करने का हक रखता है, और जनता को प्रजा की तरह दिखाते हुए यह बता रहे हैं कि जनता को सीखना चाहिए। सीखने का मतलब मोदी के नज़रिए को ही सही माना जाए। वीडियो न सिर्फ़ विरोध करने वालों की अपनी मर्ज़ी या भूमिका को खत्म करता है, बल्कि यह माहौल भी बनाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या तो इतने नादान हैं कि 12 साल देश की सत्ता और लगभग इतने ही वक्त तक गुजरात की सत्ता पर काबिज रहने के बावजूद जनता की नब्ज़ पकड़ना नहीं जानते हैं, या फिर वे इतने चालाक हैं कि जनभावना और आकांक्षाओं को समझने के बावजूद उन्हें उपेक्षित कर केवल वही करते हैं, जो उनके मन को भाता है। कोई आश्चर्य नहीं कि रेडियो पर हर महीने के अंत में जनता से संवाद के नाम पर उनका जो कार्यक्रम चलता है, उसका नाम मन की बात ही रखा गया है। क्योंकि इसमें मोदी अपने मनमुताबिक बातें ही करते हैं, संवाद तो सिरे से गायब रहता है। अब इंस्टाग्राम का इस्तेमाल मोदी तथाकथित तौर पर युवा वर्ग से जुड़ने के लिए कर रहे हैं, मगर यह भी मन की बात का विस्तारित संस्करण ही लगता है।

अभी 31 जुलाई की देर रात नरेन्द्र मोदी ने एक और इंस्टाग्राम रील अपलोड की थी। इसमें उन्होंने अभिभावक जैसा भाव अपनाते हुए उन युवा प्रदर्शनकारियों को 'माफ़' करने की मंशा जताई, जिन्होंने उनके और कथित तौर पर उनकी मां के खिलाफ गालियों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी 'गुमराह बच्चे' थे, जिन्हें सही रास्ता दिखाने की ज़रूरत थी।

बेशक भाजपा के बहुत से नेता नरेन्द्र मोदी को माई-बाप सब समझते हैं, अमृता फड़नवीस ने तो उन्हें बाकायदा नए भारत का राष्ट्रपिता ही बता दिया था। लेकिन मोदी इस मुगालते में न रहें कि भाजपा नेता चापलूसी में आकर उन्हें जो उपाधि दे, वो सच ही हो। सच्चाई यही है कि नरेन्द्र मोदी इस देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री हैं इससे ज्यादा और कुछ नहीं। प्रधानमंत्री होने के नाते उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वे जनता की बात सुने, उसके सवालों का जवाब दें और अगर उसने नाराजगी में प्रधानमंत्री की आलोचना की तो उसे सहज स्वीकार भी करें।

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिल्कुल सही सवाल पूछा है कि 'भारत के भविष्य' को माफ करने का अधिकार प्रधानमंत्री को किसने दिया? उन्होंने कहा कि छात्र गंभीर पीड़ा झेल रहे हैं, उन्हें प्रधानमंत्री की माफी नहीं चाहिए। मोदी को खुद छात्रों से माफी मांगनी चाहिए। दिल्ली में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री, उनके सहयोगियों और आरएसएस की सोच के पीछे एक 'खतरनाक और विभाजनकारी' विचार है। उनके अनुसार, यह विचार भारत की विविध पहचान, भाषाओं और इतिहास को महत्वहीन मानता है, जबकि भारत ऐसा कभी स्वीकार नहीं करेगा। राहुल गांधी ने कहा कि छात्र इसी कारण सड़कों पर हैं और वे अपने-अपने तरीके से भारत की विविध संस्कृति, भाषाओं और इतिहास की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आरएसएस भारत का इतिहास नहीं बदल सकता और भारत अपने इतिहास को किसी के द्वारा भी रौंदे जाने को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

राहुल गांधी की बात की प्रतिध्वनि ही जंतर-मंतर से लेकर देश भर में हुए प्रदर्शन में दिखाई दी है। इस आंदोलन में भाजपा की विभाजनकारी राजनीति और आडंबरों की भी जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। बेशक इसमें कुछ मौकों पर, कुछ लोगों से भाषा का स्तर गिरा है, लेकिन अब तक देश में ऐसा कानून तो बना नहीं है जिसमें अपशब्दों पर या किसी भी असभ्य टिप्पणी को आपराधिक कृत्य माना जाए। जब अनुराग ठाकुर ने गोली मारो... जैसा बेहूदा नारा मंच से लगाया था, तब भी दिल्ली उच्च न्यायालय ने मार्च 2022 में सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की थी कि यदि कोई बात मुस्कुराते हुए कही जाए, तो उसमें आपराधिक मंशा (अपराध बोध) नहीं मानी जा सकती। फिर किस लिए प्रदर्शनकारियों पर इस बात के लिए मामले दर्ज किए गए कि उन्होंने नरेन्द्र मोदी के लिए टिप्पणियां कीं। प्रदर्शनकारियों ने तो न केवल हँसते हुए बल्कि नाचते-गाते भी नरेन्द्र मोदी को खूब सुनाया है। इसलिए सरकार को इन लोगों को सज़ा देने का कोई अधिकार नहीं है कि उन्होंने अपना गुस्सा असभ्य तरीके से ज़ाहिर किया।

नरेन्द्र मोदी युवा प्रदर्शनकारियों को बच्चा बता कर खुद को उच्च नैतिक आदर्शों वाला बताने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन प्रदर्शनकारियों को बच्चा कहना उनकी राजनीतिक समझ को कम करने का प्रयास करना है।

दरअसल मोदी की माफ करने वाली रील इस विरोध-प्रदर्शन की गंभीरता को कम कर एक पारिवारिक ड्रामे में बदलने की कोशिश है, जो कई बार हम टीवी धारावाहिकों में देखा करते हैं। इस धारावाहिक को छह कड़ियों में बांटे तो पहले एपिसोड में मोदी गुस्से को लिंग के आधार पर चुन रहे हैं। 'हमारी बेटियों' के अपशब्दों के इस्तेमाल पर 'सांस्कृतिक सदमे' की बात वीडियो में है। उसी भीड़ में मौजूद पुरुषों द्वारा वैसी ही भाषा इस्तेमाल करने पर ऐसी कोई बात नहीं कही गई। दूसरे एपिसोड में पितृसत्तात्मक सोच को हावी करते हुए व्यक्ति की पहचान खत्म करने की कोशिश है। 'भटके हुए बच्चों', 'बेटियों', 'मार्गदर्शन की ज़रूरत' है। यह भाषा विरोध-प्रदर्शन को बच्चों की परवरिश से जुड़ी समस्या में बदल देती है। उन्हें ऐसे लोगों के तौर पर पेश करती है जिन्हें नैतिक सुधार की ज़रूरत है, न कि ऐसे नागरिकों के तौर पर जो जायज़ राजनीतिक मांग कर रहे हैं। इस माफीनामे के तीसरे एपिसोड में माफ़ी का दिखावा और असलियत का अंतर देखा जा सकता है। एक तरफ़ माफ़ी मांगने का सार्वजनिक दिखावा किया जा रहा था, तो दूसरी तरफ़ प्रदर्शनकारियों के घर के पते, फ़ोन नंबर, काम की जगह की जानकारी और परिवार के सदस्यों के नाम भाजपा समर्थकों के जरिए सार्वजनिक किए जा रहे थे। मुंबई में हाथ से पुलिस वैन रोकने वाली प्रदर्शनकारी को धमकियां मिलीं, जिनकी शिकायत उसने साइबर सेल में की, जबकि नोएडा की एक बच्ची से वीडियो पर माफ़ी मांगने का दबाव डाला गया और अब भी उसे ट्रोल करने का सिलसिला चल रहा है। तो एक तरफ मोदी वीडियो में बड़प्पन दिखाने का काम कर रहे हैं और दूसरी तरफ 'सरकारी कार्रवाई' का तंत्र भी चल रहा है।

चौथे एपिसोड में असल मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए बड़ी सुविधाजनक तरीके से शालीनता का सहारा लिया गया है। गाली-गलौज को असल मुद्दे से ज़्यादा अहमियत देकर पूरी कहानी का रुख बदलने की कोशिश दिखाई दी। क्योंकि मोदी के वीडियो में पेपर लीक के आरोपों या शिक्षा मंत्री के रुख़ और बाद में उनके इस्तीफ़े का कहीं ज़िक्र नहीं है, जबकि यही असली मुद्दा था जिसकी वजह से लाखों लोग सड़क पर उतरने को मजबूर हुए और उन्होंने वो सारी प्रताड़ना झेली जिसके वे बिल्कुल हकदार नहीं थे। यहां संस्थागत जवाबदेही से बड़ा मुद्दा भाषा के इस्तेमाल को बनाया गया।

इस वीडियो का पांचवां एपिसोड मोदी के व्यवहार और असलियत का फर्क बताता है। एक तरफ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा देश में आगे बढ़ाया गया और फिर 'देश की बेटियां' वाले मुहावरे से लेकर 'अगर दांत जीभ काट लें, तो भी हम उन्हें बाहर नहीं निकालते' वाली बात कही गई। मोदी का यही पैटर्न रहा है, वे बार-बार देश को परिवार बताते हुए, खुद को नेक इरादों वाले, समझदार और सुधार करने वाले पिता या मुखिया के तौर पर पेश करते हैं। उनके नजरिए से देखें तो असहमति का मतलब गुमराह होना है, जिसके लिए उनके धैर्यपूर्ण मार्गदर्शन की ज़रूरत हो।

और सबसे आखिरी छठे एपिसोड में यह दिखाया गया है कि 'माफ़ी' देने का काम कौन करता है। वे खुद को उस सिंहासन पर प्रतिष्ठित कर रहे हैं, जो माफ़ करने का हक रखता है, और जनता को प्रजा की तरह दिखाते हुए यह बता रहे हैं कि जनता को सीखना चाहिए। सीखने का मतलब मोदी के नज़रिए को ही सही माना जाए। वीडियो न सिर्फ़ विरोध करने वालों की अपनी मर्ज़ी या भूमिका को खत्म करता है, बल्कि यह माहौल भी बनाता है कि जो लोग अभी भी नाराज़ हैं, वे किसी जायज़ सवाल को उठाने के बजाय नेता की उदारता को देखें और अपनी मांगों को हाशिए पर धकेल दें। यह बहुत ही चालाकी भरा कदम था। लेकिन अच्छा है कि देश के युवा ने इसे पहचान लिया और अब राहुल गांधी ने सवाल उछाल ही दिया है कि आप माफ करने वाले होते कौन हैं।

# क्या प्रश्नपत्र लीक विरोधी कानून पारित होने से भाजपा छात्रों का भरोसा जीत सकेगी?

■ कल्याणी शंकर

> 'जेनरेशन जेड' का भरोसा दोबारा जीतने के लिए लगातार कोशिशों की ज़रूरत होगी। ऐसा माहौल बनाना ज़रूरी है जिसमें पार्टी खुद को एक ऐसी प्रगतिशील पार्टी के तौर पर पेश कर सके जो सभी वर्गों, जिसमें 'जेनरेशन जेड' भी शामिल है, की आवाज़ को अहमियत देती हो। भारतीय राजनीति में 'जेनरेशन जेड' की अहम भूमिका है, इसलिए भाजपा को उनके बीच अपनी छवि बेहतर बनाने पर ध्यान देना होगा।

भारत में राजनीतिक परिदृश्य तेज़ी से बदल रहा है, और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने इतिहास के एक अहम मोड़ का सामना कर रही है। उसे यह सोचने की ज़रूरत है कि जेन जेड को कैसे जोड़ा जाए। मौजूदा मोदी सरकार को जेन जेड के साथ जूझना पड़ा, जिसने एक अचानक आंदोलन शुरू कर दिया जिससे सरकार हैरान रह गई। यह ग्रुप आर्थिक और राजनीतिक घटनाओं की वजह से बदला है। नए प्रश्नपत्र लीक विरोधी कानून का मकसद परीक्षा सम्बंधी सरकारी कामों में पारदर्शिता को बेहतर बनाना है।

जेनरेशन जेड को 'भुला दी गयी पीढ़ी' या बड़े बेबी बूमर और मिलेनियल ग्रुप के 'बीच का बच्चा' बताया गया है। इस पीढ़ी की खासियत आज़ादी, व्यावहारिक सोच और पहले से मौजूद संस्थाओं के प्रति शक की एक अलग भावना है। जेनरेशन जेड ने आर्थिक मंदी, इंटरनेट का आना और ज़रूरी राजनीतिक बदलावों सहित देश और दुनिया भर में कई अहम घटनाओं का अनुभव किया है। इस ग्रुप के कई लोगों को हाल के सालों में रोजगार बाजार में मुश्किलों का सामना करना पड़ा और वे उदारीकरण नीति के असर से प्रभावित हुए, जिससे मौके और अनिश्चितता दोनों मिले।

यह पीढ़ी असलियत और व्यावहारिकता को महत्व देती है, और खोखले वादों के बजाय असली फ़ायदों पर ध्यान देती है। जेनरेशन जेड के लिए, इसका मतलब है कि वे ध्यान से देखेंगे कि प्रश्नपत्र लीक विरोधी कानून असली ज़िंदगी पर कैसे असर डालता है। उनका समर्थन पाने के लिए, यह साफ़ तौर पर बताना ज़रूरी है कि कानून का मकसद क्या है और यह लोगों की सुरक्षा कैसे करता है।

पिछले हफ़्ते, संसद ने राष्ट्रीय और जनता की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकने वाली लीक को रोकने के लिए लीक विरोधी विधेयक पारित किया। इसकी मिली-जुली समीक्षा हुई। यह इस बारे में ज़रूरी सवाल उठाता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और व्यक्तिगत आज़ादी के बीच कैसे संतुलन बनाया जाए। आलोचकों का मानना है कि संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा ज़रूरी है, लेकिन विधेयक का गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। उन्हें चिंता है कि यह बोलने की आज़ादी जैसी आज़ादी को कमज़ोर कर सकता है और अलग-अलग नज़रियों के लिए जगह कम कर सकता है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि प्रश्नपत्र लीक विरोधी विधेयक परीक्षाओं में जानकारी लीक होने से रोकने के लिए बनाया गया था।

ये चिंताएं जेनरेशन जेड के लिए बहुत ज़रूरी हैं, जो सरकार में जवाबदेही और पारदर्शिता को महत्व देते हैं। कई जेन जेड छात्र इस कानून को पिछली सरकारी कार्रवाइयों का दोहराना मात्र मानते हैं, जहां सुरक्षा के लिए बने कानूनों का इस्तेमाल असहमति को दबाने के लिए किया गया था। वे ज़ाहिर तौर पर सावधान और शक करने वाले हैं।

जेन जेड को वापस जीतने के लिए भाजपा को एक साफ़ रणनीति की ज़रूरत है। ऐसी रणनीति में नीति को बढ़ावा देने या गारंटी वाले नतीजों को सामने लाने से कहीं ज़्यादा कुछ होना चाहिए। इस लक्ष्य को पाने में कई और तरीके मदद कर सकते हैं।

पहला, टाउन हॉल और सोशल मीडिया के ज़रिए जेनरेशन जेड के साथ असली जुड़ाव उन्हें सम्मान और फ़ैसले लेने की प्रक्रिया में शामिल महसूस करा सकता है, जिससे सत्ताधारी पार्टी के साथ उनका सम्पर्क मज़बूत होता है।

दूसरा, आमने-सामने का जुड़ाव मतदाताओं के लिए समुदाय और पुष्टि की भावना को बढ़ावा देता है। साथ ही, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ज़्यादा लोगों तक पहुंच बनाने में मदद कर सकते हैं, खासकर जेन जेड में से ज़्यादा टेक-सैवी लोगों को अपील करते हुए।

तीसरा, लीक विरोधी विधेयक के मकसद और सुरक्षात्मक उपायों को साफ़ तौर पर समझाकर पारदर्शिता को प्राथमिकता देने से जेनरेशन जेड को भरोसा महसूस हो सकता है और वे मोदी सरकार के उनके हितों के प्रति प्रतिबद्धता पर भरोसा कर सकते हैं।

चौथा, इन्फ़ोग्राफ़िक्स और पब्लिक बुलेटिन जैसे आसान फ़ॉर्मेट में जानकारी शेयर करने से ऐसी पीढ़ी आकर्षित हो सकती है जो जल्दी और साफ़ जवाब चाहती है। इसके अलावा, चर्चा में विशेषज्ञों को शामिल करने से पार्टी की विश्वसनीयता मज़बूत हो सकती है और यह दिखा सकती है कि यह सबको साथ लेकर चलने वाली और सुनने वाली पार्टी है।

पांचवीं बात, भाजपा को उन क्षेत्रों में अपनी सफलताओं को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाना और प्रचारित करना चाहिए जो जेनरेशन जेड के मूल्यों से मेल खाते हैं। आर्थिक स्थिरता, रोजगार सृजन, दक्षता विकास पहल, और डिजिटल प्रशासन में सफलता, ये सभी ऐसे विषय हैं जो इस ग्रुप पर सकारात्मक असर डाल सकते हैं।

छठी बात, ऐसे काम के लिए विकास की परियोजनाओं और नीतियों पर ज़ोर देना, जिनका सीधा असर जेन जेड समूह की ज़िंदगी पर पड़ा है, उनकी भलाई के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को मज़बूत करने में मदद कर सकता है।

जेनरेशन जेड को व्यक्तिगत अधिकार की महत्ता के बारे में भरोसा दिलाना सबसे ज़रूरी है। भाजपा को यह बताना चाहिए कि प्रश्नपत्र लीक विरोधी कानून लोकतांत्रिक मूल्यों को कैसे बल प्रदान करता है। उन्हें मौजूद सुरक्षा उपाय दिखाने होंगे, यह बताना होगा कि स्वतंत्र निगरानी होगी, और यह प्रचार करना होगा कि लोगों के पास अपनी चिंताएं बताने के तरीके हैं। इससे इस शक करने वाले समूह के साथ भरोसे की कमी को कम करने में मदद मिल सकती है।

सातवीं बात, नागरिक समाज को शामिल करके और शासन और नीति के बारे में चर्चा में अलग-अलग आवाज़ों को शामिल करके, भाजपा एक ऐसे लोकतांत्रिक फ्रेमवर्क में अपने निवेश को दिखा सकती है जो सामूहिक और व्यक्तिगत अधिकारों को महत्व देता है।

भाजपा सम्पर्क अभियान, नीति पर चर्चा और शैक्षणिक अभियान के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर सकती है। आंकड़ों का विश्लेषण करके और सोशल मीडिया से प्राप्त जानकारी का इस्तेमाल करके, पार्टी अपने संदेश उन मुद्दों पर फोकस कर सकती है जो जेनरेशन जेड के लिए सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं। यह तरीका यह पक्का करने में मदद करेगा कि संवाद उनसे व्यक्तिगत स्तर पर जुड़े।

कानून बना परन्तु भाजपा के लिए पीढ़ीगत भरोसा फिर से हासिल करना एक चुनौती है। यह पार्टी के लिए अपने नज़रिए को बदलने और जवाबदेही व पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का एक मौका भी है। 'जेनरेशन जेड' का भरोसा दोबारा जीतने के लिए लगातार कोशिशों की ज़रूरत होगी।

ऐसा माहौल बनाना ज़रूरी है जिसमें पार्टी खुद को एक ऐसी प्रगतिशील पार्टी के तौर पर पेश कर सके जो सभी वर्गों, जिसमें 'जेनरेशन जेड' भी शामिल है, की आवाज़ को अहमियत देती हो। भारतीय राजनीति में 'जेनरेशन जेड' की अहम भूमिका है, इसलिए भाजपा को उनके बीच अपनी छवि बेहतर बनाने पर ध्यान देना होगा। साफ़ रणनीतियों और सच्चे जुड़ाव के ज़रिए भाजपा 'जेनरेशन जेड' के साथ अपने रिश्ते मज़बूत कर सकती है।

## आपके पत्र

### मुआवजे में उलझ कर रह गई विकास की राह

गांव तक सड़क पहुंचना केवल विकास की एक परियोजना नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षित आवागमन तक पहुंच का रास्ता है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्देश्य भी ग्रामीण बस्तियों को हर मौसम में चलने योग्य सड़कों से जोड़ना है। बिहार में इस दिशा में लंबे समय से काम हुआ है और बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़कों का निर्माण भी हुआ है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के उपलब्ध आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बिहार में इसके तहत 52,095.37 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो चुका था, जबकि 3,439.10 किलोमीटर सड़क निर्माणाधीन थी। ये आंकड़े बताते हैं कि राज्य में ग्रामीण सड़क संपर्क के विस्तार की दिशा में व्यापक काम हुआ है, लेकिन किसी योजना की सफलता का आकलन केवल किलोमीटर में बनी सड़कों से नहीं किया जा सकता। असली सवाल यह है कि क्या सड़क आखिरी घर तक पहुंची है और क्या वह पूरे साल लोगों के उपयोग के लायक है।

राज्य के कुछ गांव ऐसे हैं जहां आज भी पक्की सड़क गांव के भीतर तक नहीं पहुंच सकी है। इसके पीछे हर बार प्रशासनिक उदासीनता या बजट की कमी ही जिम्मेदार हो, यह जरूरी नहीं। कई बार विकास और निजी जमीन के अधिकार के बीच पैदा हुआ विवाद भी सड़क को रोक देता है। सीतामढ़ी के ललितपुर गांव की स्थिति इसी जटिलता की ओर इशारा करती है। इस गांव के अंदर पक्की सड़क पहुंचाने की राह में कुछ लोगों की निजी जमीन आ रही है। सरकार की ओर से जमीन के बदले मुआवजा देने की व्यवस्था है, लेकिन जमीन मालिकों का कहना है कि उन्हें मिलने वाला मुआवजा जमीन के वास्तविक बाजार मूल्य की तुलना में कम है। इसी असहमति के कारण वे सड़क निर्माण के लिए अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं।

पक्की सड़क न होने का सबसे बड़ा असर बारिश के दिनों में दिखाई देता है। कच्चे रास्ते पर पानी और कीचड़ जमा होने के बाद पैदल चलना भी कठिन हो जाता है। ऐसे समय में एम्बुलेंस या दूसरी गाड़ियों का गांव के अंदर पहुंचना मुश्किल हो जाता है। बीमारी या प्रसव जैसी आपात स्थिति में यह समस्या परिवार के लिए गंभीर संकट बन सकती है। सड़क की कमी का असर केवल मरीज तक सीमित नहीं रहता।

सड़क की समस्या का एक और कम दिखाई देने वाला असर किशोरियों की शिक्षा पर पड़ता है। गांव की किशोरियों के लिए स्कूल तक पहुंचना केवल दूरी का मामला नहीं है। रास्ते की स्थिति, मौसम, परिवहन की उपलब्धता और परिवार की सुरक्षा संबंधी चिंता भी उनकी नियमित पढ़ाई को प्रभावित करती है। जब रास्ता खराब होता है तो स्कूल जाने और लौटने में अधिक समय लगता है। बारिश में कीचड़ और जलभराव के कारण अकेले निकलना कठिन हो जाता है। परिवार कई बार किशोरी को ऐसे रास्ते से भेजने में हिचकिचाता है, खासकर तब जब स्कूल गांव से बाहर हो।

यह समस्या इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्रामीण किशोरियों के लिए शिक्षा का हर अतिरिक्त वर्ष उनके भविष्य के विकल्पों को बढ़ाता है। स्कूल तक पहुंचने में कठिनाई केवल आज की परेशानी नहीं है। इसका संबंध आगे की पढ़ाई, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में उनकी भागीदारी से भी है।

**अंकि कुमारी, सीतामढ़ी बिहार**



## ललित सुरजन की कलम से

### राहुल गांधी नई राह पर?

*'राहुल इतना तो समझ ही रहे होंगे कि भारत की राजनीति में खेल के नियम पूरी तरह बदल चुके हैं, मुहावरे भी बदल गए हैं। यह जानने और चुनावी मैदान में बुरी तरह घायल हो जाने के बावजूद यदि वे किन्हीं पुराने मूल्यों की पुनर्स्थापना करना चाहते हैं, तो स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि इसके लिए उनकी कार्ययोजना क्या है? उसे अमल में आने के लिए क्या वे कोई समयबद्ध कार्यक्रम बना रहे हैं और इसमें उनका साथ कौन देगा? क्या सत्तालोलुप कांग्रेसियों में इतना धीरज और साहस है कि वे उनके साथ-साथ चल सकें? जब राजनीति करने का मूल मकसद ही स्वार्थपूर्ति हो तब सिद्धांतों पर टिके रहने वाले कार्यकर्ता कहां से जुटेंगे?'*

*'जाहिर है कि राहुल गांधी ने अपने लिए एक नया रास्ता चुन लिया है, जिस पर चलने में कदम-कदम पर बाधाएं आएंगी और हौसला कायम रखने के लिए एकमेव अवलंब दृढ़ इच्छाशक्ति का ही होगा। मुझे यहां वह नीतिकथा अनायास याद आ रही है जिसमें बाप-बेटे अपने गधे के साथ कहीं जा रहे हैं और तमाशबीनों की फब्तियां सुन-सुन अपना ही तमाशा बना बैठते हैं। कभी बाप गधे पर सवार तो कभी बेटा, कभी दोनों सवार, तो कभी दोनों पैदल। मतलब यह कि हर ऐरे-गैरे की सलाह मानने की बजाय अपनी बुद्धि से चलना ही श्रेयस्कर है। उम्मीद करना चाहिए कि राहुल गांधी भली-भांति विचार करने के बाद ही एक नए पथ पर चलेंगे और उससे डिगेंगे नहीं।'*

**(देशबन्धु में 13 जून 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/06/blog-post_12.html

## पावन प्रसंग

### नशा, संवेदना और बचपन

स्वामी विवेकानंद ने कहा था हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो चरित्र का निर्माण करे, नशा शिक्षा, चरित्र और आत्मबल तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी उसकी संवेदना और बचपन की मासूमियत है। संवेदना मनुष्य को मनुष्य बनाती है और बचपन उसके व्यक्तित्व की नींव रखता है किंतु आज नशीले पदार्थों का बढ़ता जाल इन दोनों पर सबसे कड़ा प्रहार कर रहा है। नशा केवल शरीर को नहीं, बल्कि विवेक, परिवार, शिक्षा, संस्कृति और भविष्य को भी नष्ट कर देता है। जिस आयु में बच्चों के हाथों में पुस्तकें और सपने होने चाहिए, वहां यदि नशे का जहर पहुंच जाए तो आने वाला पूरा जीवन अंधकारमय हो जाता है। भारत में पिछले कुछ वर्षों में ड्रग्स, सिंथेटिक नशे, हेरोइन, चरस, गांजा, अफीम तथा नशीली गोलियों का प्रसार चिंताजनक रूप से बढ़ा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा विभिन्न सरकारी सर्वेक्षणों के अनुसार देश में करोड़ों लोग किसी न किसी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन करते हैं। 2019 के राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 16 करोड़ लोग शराब, 3 करोड़ से अधिक लोग भांग या गांजा तथा लगभग 2.3 करोड़ लोग ओपिओइड (अफीम, हेरोइन आदि) का सेवन करते पाए गए। इनमें बड़ी संख्या 10 से 17 वर्ष और 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की है। सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में पंजाब, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र तथा गोवा प्रमुख हैं। पंजाब में हेरोइन और सिंथेटिक ड्रग्स का गंभीर संकट लंबे समय से चिंता का विषय है। पूर्वोत्तर के राज्यों में सीमा पार से होने वाली तस्करी ने युवाओं को प्रभावित किया है। राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी मादक पदार्थों की तस्करी लगातार बढ़ी है। महानगरों में नशीली गोलियां, कोकीन और पार्टी ड्रग्स तेजी से फैल रहे हैं। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि नशे की शुरुआत अब किशोरावस्था में ही होने लगी है। विद्यालय छोड़ने वाले बच्चों, पारिवारिक विघटन, बेरोजगारी, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, गलत संगति तथा मानसिक तनाव के कारण अनेक बच्चे नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। परिणामस्वरूप पढ़ाई छूट जाती है, अपराध बढ़ते हैं, हिंसा और आत्महत्या की प्रवृत्ति विकसित होती है तथा परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से टूटने लगते हैं। नशा सबसे पहले मनुष्य की संवेदना को समाप्त करता है। जो व्यक्ति कभी माता-पिता के प्रति श्रद्धावान था, वही नशे की लत में उनके साथ दुर्व्यवहार करने लगता है। परिवार की जमा पूंजी नशे की लत में समाप्त हो जाती है। अनेक युवा चोरी, लूट और अन्य अपराधों की ओर बढ़ जाते हैं। धीरे-धीरे रिश्तों की गर्माहट समाप्त होने लगती है और मनुष्य केवल नशे का दास बनकर रह जाता है।

महात्मा गांधी ने कहा था- शराब और नशा मनुष्य की आत्मा का पतन कर देते हैं। डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर का संदेश था- शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यह संदेश नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए भी उतना ही आवश्यक है। नशे के विरुद्ध केवल कानून पर्याप्त नहीं हैं। परिवार, विद्यालय, समाज, धार्मिक संस्थाएं, मीडिया तथा शासन सभी को मिलकर कार्य करना होगा। बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना, खेल, साहित्य, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना, विद्यालयों में नशामुक्ति शिक्षा को अनिवार्य बनाना तथा नशे के शिकार लोगों के पुनर्वास की प्रभावी व्यवस्था करना समय की आवश्यकता है।

-संजीव ठाकुर

# अमकुई के युवक की हत्या : दूसरे दिन भी रहा तनाव का माहौल



## कलेक्ट्रेट में तैनात रहा भारी पुलिस बल

● **एसडीओपी कार्यालय में बैठे रहे ग्रामीण**

**सतना, देशबन्धु।** जसो थाना क्षेत्र के ग्राम अमकुई में मंगलवार 4 अगस्त को पुलिस पर हुए पथराव के बाद बुधवार 5 तारीख को प्रशासन चौकन्ना रहा। एहतियात के तौर पर यहां अस्पताल और कलेक्ट्रेट में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। उल्लेखनीय है कि नागौद अनुविभाग के जसो थाना क्षेत्र के ग्राम अमकुई के रहने वाले रामकेश कुशवाहा का 20 वर्षीय इकलौता बेटा अतुल विगत एक तारीख की रात से लापता था। गत दिवस मंगलवार 4 अगस्त को दिन में उसकी लाश दुरेहा ठाड़ी पाथर जंगल में मिली थी। ऐसी चर्चा है कि गला घोंटकर उसकी हत्या की गई। पुलिस इस मामले में जांच विवेचना कर रही है। बता दें कि बीते दिन लाश मिलने के बाद भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया था। आरोप था कि जसो थाना पुलिस ने पहले तो गुमशुदगी दर्ज करने में टाल-मटोल की, बाद में संदेही से ढंग से पूछताछ भी नहीं की। परिजनों का कहना था कि अतुल आखरी बार गांव के ही श्यामू नामदेव के साथ था, जानकारी देने के बाद भी पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई। माना जा रहा है कि लोगों में पुलिस के खिलाफ जो गुस्सा था, उसी के चलते पत्थर बाजी की घटना हुई।



**कलेक्ट्रेट में पुलिस का पहरा**

एहतियात के तौर पर यहां अस्पताल एवं कलेक्ट्रेट में पुलिस बल तैनात किया गया था। ऐसी चर्चा थी कि कुछ लोग नागौद एसडीओपी कार्यालय में मौजूद हैं, वे लोग यहां कलेक्ट्रेट भी आ सकते हैं। इस सूचना के मद्देनजर नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, शहर कोतवाली प्रभारी डीएसपी रावेंद्र द्विवेदी एवं नगर निरीक्षक थाना कोलगवां प्रभारी सुदीप सोनी सक्रिय रहे। कलेक्ट्रेट में दोपहर 12 बजे से बल तैनात रहा। शाम करीब 4 बजे जब यह निश्चित हो गया कि परिजन शव लेकर रवाना हो गए हैं, तब नगर पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट में मौजूद पुलिस बल को छोड़ा। इसके पहले उन्होंने पुलिस बल से संवाद करते हुए यह जाना कि कितने लोग इस ड्यूटी में फुल ड्रेस यानि डंडा, हेलमेट, जैकेट के साथ मौजूद थे। बलवा ड्रेस में जो पुलिस कर्मी नहीं थे, उन पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

### प्रयागराज रवाना हुए परिजन

गौरतलब है कि हंगामे के बाद जब पुलिस ने संदेही को पूछतांछ के लिए अपने कब्जे में ले लिया तब बड़ी संख्या में लोग एसडीओपी कार्यालय पहुंच गए। कहते हैं कि उनकी मांग थी कि संदेही से जो भी पूछताछ हो, वो सबके सामने हो। जैसे तैसे लोगों को समझाकर माहौल शांत किया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल सतना भेजा गया। यहां पोस्टमार्टम के बाद शव लेने के लिए लोग तैयार नहीं थे। रात में शव को सुरक्षित रखवाया गया। बुधवार को परिजन शव लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हुए।

# 'चाकू गैंग' कर रही दिनदहाड़े लूट

● **ट्रक रुकवाकर यूपीआई से वसूले 5 हजार, मोबाइल लूटकर फरार**



**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज जिले के सीतापुर क्षेत्र में हाईवे पर दिनदहाड़े हुई कथित लूट की वारदात ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, केला लादकर भुसावल से बनारस जा रहे ट्रक चालक को तीन युवकों ने मोटरसाइकिल से ओवरटेक कर रास्ते में रोक लिया। इसके बाद कथित तौर पर चाकू की नोक पर पहले नकदी की मांग की गई और जब चालक ने पैसे नहीं होने की बात कही तो उसके मोबाइल से यूपीआई स्कैनर के जरिए 5,000 रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। इतना ही नहीं, आरोप है कि बदमाश चालक के भतीजे का मोबाइल फोन भी छीनकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता राजकुमार पटेल निवासी लदबद, जिला सीधी ने पुलिस को बताया कि वह अपने क्लीनर रोहित कुमार पटेल और भतीजे राकेश कुमार पटेल के साथ ट्रक से केला लेकर बनारस जा रहा था। दोपहर करीब 12.30 बजे सीतापुर से आगे महुगड़ा स्थित बल्लू ढाबे के पास तीन युवक मोटरसाइकिल से पहुंचे और ट्रक के सामने बाइक लगाकर उसे रोक दिया। आरोपियों ने कथित तौर पर चाकू दिखाकर पहले 3,000 और फिर जान से मारने की धमकी देकर 2,000 और यूपीआई के माध्यम से अपने स्कैनर पर ट्रांसफर करा लिए। वारदात के बाद आरोपी भतीजे का मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ढाबे पर मौजूद लोगों से पूछताछ करने पर आरोपियों की पहचान सोहित द्विवेदी, अर्पित तिवारी और चंदन सिंह के रूप में की। एएसपी शशिकांत सरयाम ने बताया कि एक आरोपी को पकड़ लिया गया है जबकि दो आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।

## सार-समाचार

### वेयर हाउस में खाद वितरण में अव्यवस्था

**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिले के अंतर्गत आने वाले देवराजनगर स्थित खाद वेयर हाउस में खाद वितरण व्यवस्था पर सवाल उठ रहे। एक तरफ शासन प्रशासन द्वारा खरीफ सीजन के बीच किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के दावे किये जा रहे हैं वहीं ये दावे पूरी तरह से खोखले साबित हो रहे हैं। क्योंकि निर्धारित समय सुबह 10 बजे केन्द्र खुलने का है। लेकिन 11बजे के बाद भी केंद्र का ताला नहीं खुलता, जिससे बड़ी संख्या में किसान बाहर बैठे इंतजार करते रहे है। किसानों ने आरोप लगाया है कि उन्हें जिस कंपनी की खाद की पर्ची कटी गई है। उस कम्पनी की खाद वितरण के समय नहीं दी जा रही, उसके स्थान पर दूसरी कंपनी की खाद दी गई है। इससे किसानों में बेहद नाराजगी देखी गई। किसानों का कहना है कि पर्ची जिस कंपनी की जारी की जाती है, तो उसी कंपनी का खाद भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए था।




### हथियारों की नुमाइश का इंस्टाग्राम में वीडियो वायरल, 8 राउंड की फायरिंग

#### पुलिस ने शुरू की जांच, आरोपी हुये भूमिगत



**रीवा देशबन्धु।** इंस्टाग्राम पर एक युवक का देशी कट्टा लहराते हुए वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह बेखौफ होकर कहता नजर आ रहा है कि ये रीवा है यहां बात-बात में कट्टा चल जाता है इसके बाद उसी अकाउंट से 8 राउंड फायरिंग का वीडियो अपलोड किया गया। जिससे पुलिस की कार्रवाई और कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में दिखाई देने वाला युवक राज उर्फ रॉक, निवासी करहिया है। हालांकि, उसकी पहचान और वीडियो की सत्यता का पुलिस स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है। इतना ही नहीं, इसी इंस्टाग्राम अकाउंट पर सड़क पर जानलेवा स्टंट के कई वीडियो भी अपलोड किए गए हैं। वीडियो में युवक चलती बाइक पर खड़े होकर खतरनाक स्टंट करता नजर आ रहा है। इस दौरान सड़क पर अन्य वाहन भी गुजर रहे हैं, जिससे न केवल उसकी अपनी जान बल्कि राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है।


**अवैध हथियार बने चुनौती**

रीवा में अवैध हथियार लंबे समय से पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। जिले में आए दिन गोलीबारी, हथियारों की बरामदगी और फायरिंग की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन और फायरिंग के वीडियो साझा करना चिंता का विषय बन गया है। सोशल मीडिया के जरिए हथियारों और खतरनाक स्टंट का प्रदर्शन युवाओं में गलत संदेश देता है।

# बरसा मुंडा की प्रतिमा हटाने के दौरान बवाल, वन विभाग की टीम पर पथराव

### अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिले के बदेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सारंग के बहिली गांव में आरक्षित वनभूमि पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर एक बार फिर विवाद बढ़ गया। बुधवार को वन विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। इस दौरान टीम पर पथराव भी हुआ, जिससे कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि, प्रशासन के अनुसार घटना में कोई घायल नहीं हुआ। यह मामला मैहर वनपरिक्षेत्र की जुड़वानी बीट के कक्ष नंबर पी-580 से संबंधित है। वन विभाग का कहना है कि आरक्षित वनभूमि पर प्रतिमा स्थापित कर अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। विभाग ने ग्रामीणों को समझाया कि आरक्षित वनभूमि पर प्रतिमा स्थापना या किसी भी प्रकार का निर्माण नियमानुसार प्रतिबंधित है। समझाइश के दौरान कुछ ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसी बीच वन विभाग की टीम पर पथराव किया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम दिव्या पटेल, सीएसपी महेंद्र सिंह और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस की मौजूदगी में वन विभाग ने प्रतिमा और अन्य निर्माण सामग्री हटाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की।





**केस दर्ज:** यह विवाद पिछले लगभग एक महीने से चर्चा में है। इससे पहले 2 जुलाई को भी वन विभाग ने इसी स्थान से प्रतिमा हटाई थी और दो लोगों के खिलाफ वन अपराध का केस दर्ज किया था। उस कार्रवाई के बाद आदिवासी समाज के लोगों ने वन विभाग कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया था। बाद में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ था। प्रशासन ने बताया कि उस समय संबंधित पक्ष ने लिखित आश्वासन भी दिया गया था कि भविष्य में वनभूमि पर प्रतिमा स्थापित नहीं की जाएगी। सीएसपी महेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि वनभूमि से अतिक्रमण हटा दिया गया है और वर्तमान में स्थिति पूरी तरह शांत और नियंत्रण में है। एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने भी पुष्टि की कि वन विभाग के साथ पुलिस बल अतिक्रमण हटाने पहुंचा था और अब स्थिति सामान्य है

# डम्पर ने छात्रा को मारी टक्कर, हालत गंभीर

### गुस्साए ग्रामीणों डंफर में की तोड़फोड़



**रीवा देशबन्धु।** खनिज माफियाओं का आतंक लगातार जारी है,हालात यह है कि इनके ऊपर ना पुलिस नकेल कस पा रही और नहीं खनिज विभाग जिससे इनके हौसले बुलंद है। ताजा मामला रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के ग्राम भोलगढ से सामने आया है जहा अवैध उत्खनन लोड कर आ रहे तेज रफ्तार हाईवे ने कपूरी रोड के पास 13 वर्षीय छात्रा को जोरदार टक्कर मार दिया।

घटना के दौरान छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए रीवा से जबलपुर रेफर कर दिया गया। घटना दो दिन पुरानी बताई जा रही है, लेकिन घटना क्रम का वीडियो अब सामने आया है, वही घटना से गुसाये ग्रामीणों ने हाईवा वाहन पर जमकर की तोड़फोड़ की, इस दौरान मौके पर भारी भीड़ एकत्रित रही। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से दिन रात अवैध उत्खनन लोड कर डम्फर निकलते है जिससे चलते ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है, वही रीवा जिले में पदस्थ खनिज विभाग के जिम्मेदार गहरी नींद में सो रहे है, उनको अपनी जिम्मेदारी का एहसास माह में एक दो बार ही होता और कोरम पूरा कर फिर शो जाते है।

# फोटोग्राफर के खाते से हजारों की रकम पार

### गूगल पे से निकला पैसा



**सतना, देशबन्धु।** शहर की एक फोटोग्राफी दुकान के फोटोग्राफर का मोबाइल फोन हैक कर उसके बैंक एकांउट से गूगल पे के जरिए बमुश्किल दो तीन मिनट में हजारों रुपए की रकम निकाल ली गई। खास बात यह है कि लगातार चार बार ट्रांजेक्शन होने के बावजूद उस वक्त मोबाइल फोन पर कोई मैसेज भी नहीं आया।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मंदाकिनी बिहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे अहरी टोला में रहने वाले सुशील कुमार सेन पिता बेटा लाल सेन (32) बस स्टैंड स्थित एक फोटोग्राफी संस्थान में बतौर फोटोग्राफर काम करते हैं। मंगलवार 4 अगस्त की दोपहर उनके बैंक एकांउट से 34 हजार 501 रुपए किसी ने निकाल लिए। इसकी शिकायत कोलगवां थाना में करने के बाद सुशील कुमार ने बताया कि उनके खाते से जो रकम निकाली गई वह गूगल पे के माध्यम से निकाली गई है। पहले एक रुपए निकाले गए इसके बाद 30 हजार रुपए निकालने का प्रयास किया गया तो ट्रांजेक्शन फेल हो गया तब 10 हजार और 24 हजार 500 रुपए निकाले गए। सुशील कुमार का कहना है कि यह ट्रांजेक्शन 4 अगस्त की दोपहर 1.42 एवं 1.43 बजे हुए लेकिन खाते से पैसा कटने का मैसेज उनके मोबाइल फोन पर शाम 6 बजे आया। उन्होंने बताया कि उनका बैंक खाता गोपाल कॉम्प्लेक्स बस स्टैंड स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में है। बैंक को भी घटना की जानकारी दी गई है।

# सूने घर का तोड़ लाखों के जेवरात व नकदी पार

**रीवा देशबन्धु।** जिले मे चोरो ने एक बार फिर आमजन की नींद उड़ा कर रख दी है। जिले मे सक्रिय चोरो ने एक बार फिर अपनी सक्रियता दिखाते हुए चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। घटना है शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में स्थित करहिया नंबर एक की, जहां एक सूने मकान में चोरों ने धावा बोलते हुए ताला तोड़कर नगदी रुपए और सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए हैं।

बताया गया की घटना के वक्त घर में रहने वाली पीड़ित महिला और उसकी जेठानी अपने अपने मायके गई हुई थी। पीड़ित महिला की माने तो चोरों ने घर में रखी 95 हजार की नगदी समेत 5 से 6 लाख कीमती सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए हैं। घटना के संबंध में महिला पूनम साकेत में जानकारी देते हुए बताया कि उसके पति पुणे में रहकर नौकरी करते हैं, जबकि वह अपनी जेठानी के साथ घर में रहती है।



बताया गया की घटना दिनांक की रात पीड़ित महिला और उसकी जेठानी अपने-अपने मायके गई हुई थी, इसी बीच अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल इस घटना की जानकारी होने के बाद पीड़िता ने चोरहटा थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर अब चोरों की पता तलाश शुरू कर दी है। बता दे की रीवा में इन दोनों चोरों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है, जिसके चलते जिले में ना सिर्फ सिलसिलेवार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, बल्कि चोरी की इन घटनाओं से आमजन की नींद उड़ चुकी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**मायके पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप**

**रीवा देशबन्धु।** सेमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम साव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके में पहुंची है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर मृतिका के भाई ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतिका के भाई मोहित कुशवाहा ने बताया कि उसकी बहन रोशनी कुशवाहा का विवाह करीब 10 वर्ष पूर्व ग्राम सांव निवासी अखिलेश कुशवाहा से हुआ था। मोहित ने बहन की हत्या किए जाने का आरोप ससुराल वालो पर लगाया है। दहेज की मांग को लेकर महिला को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था उसका फोन भी कुछ दिन पूर्व तोड़ दिया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही सेमरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये संजय गांधी अस्पताल भेज दिया।

# घटिया समग्री से तैयार हो रहा बीपीएचसी भवन



### सीएचसी कोठी का मामला, आधा करोड़ की लागत से होना है निर्माण

**सतना, देशबन्धु।** एक बार फिर से कोठी कस्बे में शासकीय भवन के निर्माण पर घटिया मटेरियल के साथ ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य कराने का अरोप लग रहे हैं। बताया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी में लगभग 42 लाख रूपये की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का निर्माण कार्य कमदगिरि कंस्ट्रेक्शन द्वारा किया जा रहा है। विगत आठ महीने से गाइड लाइन को ताक में रखकर चल रहे इस निर्माण कार्य को जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग एनएचएम इंजीनियर न ही बीएमओ किसी के द्वारा मौके पर जाकर गुडवत्ता की जांच नहीं की गई। बताया जाता है कि कागजों में जांच कर किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ठेकेदार खुलेआम तकनिकी मापदंड की अनदेखी कर सरकारी मापदंड व नक्से को दरकिनार कर के निर्माण कार्य में जुटा हुआ है। बताया गया है कि तकरीबन आधा करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन में कनडम पाइप की खिड़किया, पाइप का दरवाजा, इतना ही नहीं भवन के अंदर जो सरिया डाली जा रही है। वह तय मानक से कम गेज की बताई गई है। इसके अलावा जो घुली ईटों का उपयोग किया गया है। इतना ही नहीं ठेकेदार द्वारा निर्माण स्थल पर किसी प्रकार का नोटिस बोर्ड नहीं लगाया गया। इसके पीछे वजह सिर्फइतनी है कि पारदर्शिता उजागर न हों।



### इनका कहना है....

यह जानकारी आप के द्वारा प्राप्त हुई है। कोठी बीएमओ से जानकारी लेकर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**मनोज शुक्ला**, सीएमएचओ सतना

## धार्मिक मान्यताओं पर लग रहा आघात

# गैबीनाथ धाम में कलेक्टर की मनमानी से बढ़ा आक्रोश

### सात सूत्रीय मांगों को लेकर आज से अनिशितकालीन धरना

**सतना, देशबन्धु।** ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गैबीनाथ धाम में जिला प्रशासन और कलेक्टर सतना के तानाशाही पूर्ण रवैये से लोगों के बीच उपजा जन-आक्रोश अब उग्र आंदोलन का रूप ले चुका है। जिसके चलते आस्था के सम्मान और गर्भगृह के द्वार खुलवाने की मांग को लेकर नगर में व्यापक आंदोलन का ऐलान किया गया है। यह प्रदर्शन 6 अगस्त दोपहर 1 बजे से नगर पंचायत बिरसिंहपुर के पास किया जाएगा। नगरवासियों और समाजसेवियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन ने श्रद्धालुओं को प्राचीन परंपरा अनुसार जलाभिषेक की अनुमति नहीं दी और समस्या का समाधान नहीं किया, तो यह आंदोलन अनिश्चितकाल तक चलने की चेतावनी दी गई है



**आजीविका पर संकट**

लोगों का कहना है कि सावन माह, अधिमास, बसंत पंचमी और महाशिवरात्रि जैसे पावन अवसरों पर जहां भोर 5 बजे से शाम 4 बजे तक हजारों श्रद्धालु कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ का गर्भगृह में जलाभिषेक करते थे, वहीं अब प्रशासनिक बंदिशों के कारण मंदिर परिसर में मायूसी छाई है। मंदिर के मुख्य द्वार बंद किए जाने से स्थानीय छोटे व्यापारियों, फूल-प्रसाद विक्रेताओं की आजीविका पूरी तरह ठप हो गई है।

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री से करेंगे मांग**

प्रशासनिक उदासीनता और जनभावनाओं की अनदेखी के खिलाफ आयोजक-संरक्षक रवींद्र नाथ संजय शुक्ला एवं सह-संयोजक शैलेन्द्र श्रीवास के नेतृत्व में आम जनता ने महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री म.प्र. शासन के नाम 7-सूत्रीय मांग पत्र जारी किया है। जिसमें जनता की 7 प्रमुख मांगें हैं। इन मांगों में कलेक्टर सतना द्वारा गर्भगृह में प्रवेश पर लगाई गई रोक और कुप्पा (जलधारी) से जल चढ़ाने की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए, नगर पंचायत द्वारा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए, गैबी नाथ मंदिर का मुख्य द्वार तत्काल प्रभाव से खोला जाए, वार्ड नं. 13 पटवारी हल्का सभापुर आराजी नं. 14 के रास्ते का सीमांकन कराकर उसे तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, सभापुर थाना पुलिस बल के लिए तत्काल प्रभाव से नए आवास बनवाए जाएं एवं पुराने आवासों की मरम्मत कराई जाए तथा किसानों के बिजली बिल बकाया होने पर बिजली विभाग द्वारा होल्ड किए गए खातों से होल्ड हटाया जाए।

### कुप्पा (जलधारी) से जलाभिषेक का विरोध

स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और शिवभक्तों का आरोप है कि कलेक्टर सतना द्वारा प्राचीन परंपराओं को दरकिनार कर गर्भगृह में जाने पर रोक लगा दी गई है और कुप्पा के जरिए जल चढ़ाने की व्यवस्था थोप दी गई है। इस फरमान के कारण दूसरे जिलों और नजदीकी गांवों से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर आना कम कर दिया है, जो धार्मिक भावनाओं पर सीधा आघात है।

## बेटे ने लाठी से पीट-पीटकर ले ली पिता की जान, गिरफ्तार



### घरेलू विवाद में हुई वारदात, बीच-बचाव करने पहुंची मां भी घायल

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद ने खूनी रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद एक युवक ने अपने ही पिता की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बीच-बचाव करने पहुंची मां भी हमले में घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम देवरा बड़काटोला निवासी संजू बैगा उर्फ गुड्डी का अपने माता-पिता से घरेलू विवाद हो गया था। विवाद के दौरान आरोपी ने पहले अपनी मां के साथ मारपीट की। पिता दऊआ बैगा जब बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपी ने उन पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दऊआ बैगा को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जयसिंहनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और विवेचना के बाद आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर उसे बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल ने बताया कि गंभीर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। मामले की विवेचना पूर्ण कर आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के लिए अदालत में प्रस्तुत कर दिया गया है।

## 90 प्रतिशत झुलसे युवक की मौत के बाद हत्या का आरोप, जांच में घटना की परिस्थितियां

**मानपुर, देशबन्धु।** मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मझौली में एक युवक के गंभीर रूप से झुलसने और उपचार के दौरान मौत होने का मामला अब गंभीर आरोपों के बीच जांच का विषय बन गया है। मृतक के परिजनों ने युवक को कमरे में बंद कर पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप लगाते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं पुलिस ने मामले में किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों की गहन जांच किए जाने की बात कही है। शिकायतकर्ता अशोक केवट द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन के अनुसार 16 जुलाई 2026 की रात करीब 11 बजे उसके भाई कृष्ण कुमार केवट के साथ कथित रूप से गंभीर घटना हुई। आवेदन में ग्राम मझौली निवासी विद्या बाई ग्राम बड़ार निवासी पंकज साहू तथा दो अन्य व्यक्तियों पर कृष्ण कुमार को कमरे में बंद कर उसके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप लगाया गया है। परिजनों का यह भी आरोप है कि घटना के बाद कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया गया जिससे युवक गंभीर रूप से झुलस गया।

परिजनों के अनुसार घटना की सूचना डायल-112 को दी गई। गंभीर रूप से झुलसे कृष्ण कुमार को पहले शहडोल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज शहडोल फिर जबलपुर और बाद में बिलासपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लगातार उपचार के बावजूद 21 जुलाई 2026 को उसकी मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि युवक करीब 90 प्रतिशत तक झुलस चुका था। मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा ने बताया कि मृतक ने स्वयं आग लगाई थी अथवा उसे आग लगाई गई यह जांच का विषय है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना से जुड़े सभी तथ्यों और परिस्थितियों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान सामने आने वाले साक्ष्यों चिकित्सकीय रिपोर्ट तथा अन्य प्रमाणों के आधार पर आगे की विधिसंगत कार्रवाई की जाएगी।

## युवती की मौत पर भड़का आक्रोश शव रखकर दो घंटे चक्का जाम



### जांच के बाद युवक पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का मामला दर्ज, पुलिस ने समझाइश देकर खुलवाया जाम

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से हुई मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर फूट पड़ा। घटना से नाराज लोगों ने युवती का शव सड़क पर रखकर करीब दो घंटे तक चक्का जाम किया। प्रदर्शनकारियों ने गांव के एक युवक पर युवती को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। जाम के कारण मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।

सूचना मिलते ही ब्यौहारी थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों एवं ग्रामीणों से चर्चा कर निष्पक्ष जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जिसके बाद लोगों ने प्रदर्शन समाप्त कर जाम खोल दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मर्ग जांच, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों तथा परिजनों के बयान के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल ने बताया कि परिजनों के विरोध के बाद पुलिस ने शांतिपूर्वक स्थिति को नियंत्रित किया। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर संबंधित युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर रही है तथा जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के अनुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-समाचार

### मोहन नागर उमरिया पहुंचे, स्वैच्छिकता पर्व की समीक्षा हर ब्लॉक में जुड़ेंगी नवांकुर सखियां

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) मोहन नागर ने उमरिया प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों और नवांकुर प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों के साथ परिषद की योजनाओं की प्रगत 12 अगस्त तक चलेगा स्वैच्छिकता पर्व, श्रमदान की अपील मोहन नागर ने बताया कि परिषद के स्थापना दिवस पर 4 जुलाई से 12 अगस्त तक %स्वैच्छिकता पर्व% मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य नागरिकों और सामाजिक संस्थाओं को पर्यावरण व समाज सेवा के कार्यों में स्वैच्छिक योगदान के लिए प्रेरित करना है। हर ब्लॉक में जुड़ेंगी %नवांकुर सखियां%, 10-10 पौधे बांटे महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक विकासखंड के पांच सेक्टरों में %नवांकुर सखियों% को जोड़ा जा रहा है। हरियाली अमावस्या पर हर नवांकुर सखी को 10-10 पौधे दिए गए हैं, जिनका रोपण किया जा रहा है।

बैठक के दौरान नागर ने सामाजिक संगठनों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को जनभागीदारी और विकास कार्यों से जोड़कर प्रदेश में सकारात्मक बदलाव लाना ही परिषद का मुख्य उद्देश्य है।

### वर्षों से जमे बाबू को हटाए जाने की मांग

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** जनपद पंचायत ब्यौहारी-मैं अंगद के पांव की तरह कुछ कर्मचारी डटे हुए हैं उनका आज तक दूसरी जगह ट्रांसफर नहीं हुआ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनपद से निकलने वाली जनपद मद की राशि मनपसंद बेंडरो के खाते में भेजी जाती है और फिर कमीशन छोड़कर पूरी राशि ले ली जाती है यह खेल कई सालों से चल रहा है आए दिन बैठक होती रहती हैं जिनका बिल निकाला जाता है जनपद पंचायत में पदस्थ बाबू तीरथ वर्मा 20 सालों से जनपद पंचायत में पदस्थ हैं क्षेत्र के लोगों ने जनपद पंचायत के बाबू को अन्यत्र स्थानांतरण किये जाने की मांग की है।

### किसान बदल सकेंगे उपार्जन केंद्र

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन को किसानों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। अब पात्र किसानों को आवश्यकता अनुसार उपार्जन केंद्र बदलने की सुविधा प्रदान की गई है, जिससे उन्हें अपनी उपज विक्रय में आसानी हो सकेगी। निर्देशानुसार जिन किसानों की अब तक 25 प्रतिशत मूंग का उपार्जन किया जा चुका है, ऐसे किसानों को शेष 35 प्रतिशत उपज पूर्व में शासन द्वारा निर्धारित एवं मैप किए गए उपार्जन केंद्र पर ही लाना अनिवार्य होगा। वहीं, जिन किसानों की कुल 60 प्रतिशत मूंग का उपार्जन किया जाना शेष है, उन्हें विशेष राहत देते हुए उपार्जन केंद्र परिवर्तन की सुविधा प्रदान की गई है। ऐसे किसान आवश्यकता पड़ने पर अपना उपार्जन केंद्र बदल सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने संबंधित समिति प्रबंधक से संपर्क कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करना होगा।

### कोयला खदान की ब्लॉस्टिंग से ग्रामीणों में आक्रोश

**गाडरवारा, देशबन्धु।** तहसील गाडरवारा के ग्राम गोटिटोरिया में संचालित कोयला खदान को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर नरसिंहपुर से शिकायत करते हुए ब्लास्टिंग और अत्यधिक खनन गतिविधियों पर नियंत्रण की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान में हो रही लगातार ब्लास्टिंग से मकानों को नुकसान पहुंच रहा है, जबकि उड़ने वाली धूल से लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों द्वारा जनसुनवाई में सौंपे गए आवेदन में बताया गया है कि खदान में निर्धारित सीमा से अधिक खुदाई और ब्लास्टिंग किए जाने के कारण आसपास के क्षेत्रों में कंपन महसूस होता है। इससे कई मकानों में दरारें आने तथा लोगों में भय का माहौल बनने का दावा किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि खनन के दौरान उड़ने वाली धूल से गांव का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। उनके अनुसार बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने प्रशासन से इस पहलू की भी जांच कराने की मांग की है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि खदान में अत्यधिक खुदाई के कारण क्षेत्र का भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इसका असर नलकूपों, कुओं और तालाबों पर दिखाई देने लगा है, जिससे पेयजल और सिंचाई दोनों प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) गाडरवारा को भी शिकायत दी गई थी, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर फिर आंदोलन की राह पर पटवारी, 20 जुलाई से चरणबद्ध विरोध का ऐलान




**शहडोल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने अपनी वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण में देरी पर नाराजगी जताते हुए प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। संघ का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे प्रदेशभर के पटवारियों में असंतोष ब? रहा है। संघ ने शासन से कैडर रिव्यू लागू करने, पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ देने, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा नियमित कराने, पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल करने, विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेय एवं भुगतान जारी करने तथा स्थानांतरण नीति के विरुद्ध किए गए तबादलों को निरस्त करने की मांग की है।

पटवारी संघ ने बताया कि कई जिलों में पटवारियों से शासन की विभिन्न योजनाओं का कार्य समयबद्ध रूप से कराया गया, लेकिन उनके मानदेय का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। साथ ही कर्मचारी हितों की अनदेखी कर स्थानांतरण नीति के विपरीत तबादले किए जाने पर भी आपत्ति दर्ज कराई गई है। संघ ने समस्याओं के निराकरण के लिए नियमित प्रांतीय स्तर पर संवाद की व्यवस्था करने की मांग भी उठाई है। संघ के अनुसार मांगों के समाधान के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। इसके तहत 20 से 23 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर कार्य किया जाएगा, 24 से 27 जुलाई तक शासकीय व्हाट्सएप सहित अन्य समूहों का बहिष्कार किया जाएगा, 28 जुलाई से 2 अगस्त तक ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार रहेगा तथा 3 अगस्त से मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन ह?ताल शुरू की जाएगी। संघ ने चेतावनी दी है कि आंदोलन के दौरान राजस्व कार्य प्रभावित होने की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## पीली कोठी मार्ग पर पलटी कार मासूम समेत तीन लोग सुरक्षित




**उमरिया, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय के व्यस्त पीली कोठी मार्ग पर मंगलवार को एक गंभीर सड़क हादसा उस समय टल गया जब एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पार करते हुए दूसरी ओर पलट गई। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि वाहन में सवार एक मासूम सहित तीनों लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। घटना को देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने इसे किसी चमत्कार से कम नहीं माना।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार क्रमांक एमपी 20 एक्सडी 6477 में सवार लोग पॉलीटेक्निक कॉलेज क्षेत्र से उमरिया लौट रहे थे। आरसी स्कूल और पीली कोठी के बीच पहुंचते ही चालक का वाहन से नियंत्रण बिगड़ गया। देखते ही देखते कार सड़क पार करते हुए दूसरी ओर पलट गई। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और वाहन में फंसे लोगों की सहायता कर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार जिस तरह पलटी और क्षतिग्रस्त हुई उसे देखकर किसी बड़े नुकसान की आशंका जताई जा रही थी। लेकिन वाहन में सवार सभी लोगों का सुरक्षित बच निकलना राहत भरी खबर रही। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। बाद में क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटाया गया जिसके बाद यातायात पुनः सामान्य हो सका। फिलहाल दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। वाहन की गति अचानक संतुलन बिगड़ना या कोई तकनीकी कारण इस संबंध में स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। यह हादसा एक बार फिर व्यस्त मार्गों पर नियंत्रित गति सतर्कता और यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। दुर्घटना भले ही बड़े नुकसान में नहीं बदली लेकिन कुछ क्षणों की असावधानी किस तरह गंभीर खतरे का कारण बन सकती है यह घटना उसका स्पष्ट संदेश देती है।

## दो बाइकों की भिड़ंत, एक युवक घायल

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के नौरोजाबाद क्षेत्र में बुधवार को न्यू पेट्रोल पंप (हनुमान टेक) के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में डगडौआ निवासी अंकित बर्मन गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरी बाइक पर सवार डॉक्टर के.एल. बघेल को मामूली चोटें आई हैं।

**.पेट्रोल पंप से लौटते समय हुआ हादसा**-जानकारी के अनुसार, नौरोजाबाद निवासी डॉक्टर के.एल. बघेल पेट्रोल पंप से ईंधन भरवाकर अपने कार्यस्थल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डगडौआ की ओर से आ रही बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

**गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचाया**-मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल अंकित बर्मन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसिंहपुर पाली ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं, डॉक्टर के.एल. बघेल को हल्की चोटें आई हैं और उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

## जांच की रफ्तार पर सवाल श्रमिक हितों के मामलों में प्रबंधन की चुप्पी क्यों?

**उमरिया, देशबंधु।** जिले के संजय गांधी ताप विद्युत गृह में ठेका श्रमिकों के वेतन भुगतान ईएल बोनस और श्रम अभिलेखों से जुड़े कथित मामलों को लेकर उठ रहे सवाल अब केवल श्रमिकों तक सीमित नहीं रहे। शिकायतों पर अपेक्षित स्पष्टता और कार्रवाई सामने न आने से स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर जांच की प्रक्रिया धीमी क्यों पड़ गई और जिम्मेदार स्तर से स्थिति स्पष्ट करने में विलंब क्यों हो रहा है।

श्रमिक हितों की सुरक्षा और पारदर्शी व्यवस्था के लिए शासन द्वारा समय-समय पर नियम निर्देश और योजनाएं लागू की जाती रही हैं। इसके बावजूद ताप विद्युत गृह से जुड़े कुछ ठेका श्रमिकों द्वारा मजदूरी भुगतान में देरी ईएल बोनस के भुगतान एवं गणना को लेकर शिकायतें और सवाल सामने आने की बात कही जा रही है। इन दावों की स्वतंत्र जांच अथवा आधिकारिक पुष्टि होना अभी शेष है।

स्थानीय नागरिकों और समाजसेवी संगठनों का कहना है कि यदि शिकायतें प्रबंधन के संज्ञान में पहुंची हैं तो तथ्यों की निष्पक्ष जांच कर स्थिति सार्वजनिक की जानी चाहिए। उनका तर्क है कि पारदर्शी जांच से न केवल श्रमिकों की आशंकाएं दूर होंगी बल्कि प्रबंधन की कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहे सवालों का भी स्पष्ट उत्तर मिल सकेगा। मामले को लेकर यह मांग उठाई जा रही है कि संबंधित ठेकों के उपस्थिति रजिस्टर गेट पास श्रमिकों की वास्तविक तैनाती वेतन पर्चियां बैंक भुगतान विवरण भुगतान पंजी ईएल बोनस की गणना और कार्यादेशों का बिंदुवार सत्यापन कराया जाए। दस्तावेजों का वास्तविक कार्यस्थिति से मिलान होने पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि शिकायतों में कितना तथ्य है और कहीं किसी स्तर पर प्रक्रिया संबंधी कमी या अनियमितता तो नहीं हुई। कुछ सामाजिक संगठनों ने मामले में सक्षम प्रशासनिक अधिकारियों एवं श्रम विभाग से शिकायत प्रस्तुत कर उच्चस्तरीय जांच की मांग करने की बात कही है।

## होर्डिंग पर विरोधी पोस्टर सार्वजनिक स्थलों को बनाया माध्यम

### युवा कांग्रेस के प्रदर्शन ने खड़े किए कई सवाल

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के उमरिया, पाली, चंदिया और करकेली क्षेत्र में बुधवार को जिला युवा कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के होर्डिंग एवं कुछ सार्वजनिक स्थलों पर विरोध स्वरूप पोस्टर लगाए गए। अभियान का नेतृत्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग सिंह अम्बुज ने किया। प्रदर्शन को लेकर जहां कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक विरोध बताया, वहीं सार्वजनिक स्थानों और होर्डिंग पर पोस्टर लगाए जाने से कई प्रशासनिक और कानूनी सवाल भी खड़े हो गए हैं।

युवा कांग्रेस ने अपने बयान में छात्रों के साथ हुई कथित कार्रवाई, बेरोजगारी, शिक्षा और रोजगार के मुद्दों को उठाते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। संगठन ने संबंधित घटनाओं की निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो सका था कि सार्वजनिक होर्डिंग एवं अन्य स्थानों पर पोस्टर लगाए जाने के लिए संबंधित विभाग या स्थानीय प्रशासन से अनुमति ली गई थी या नहीं। यह भी स्पष्ट नहीं है कि जिन होर्डिंग पर पोस्टर लगाए गए, वे सरकारी थे, निजी एजेंसी के थे या किसी अन्य संस्था के स्वामित्व में थे।

जानकारों के अनुसार, यदि किसी सरकारी या निजी संपत्ति पर बिना अनुमति पोस्टर लगाए जाते हैं, तो संबंधित कानूनों और स्थानीय नियमों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। ऐसे मामलों में नगर निकाय, पुलिस या संबंधित विभाग जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सक्षम होते हैं।

समाचार लिखे जाने तक जिला प्रशासन अथवा पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। वहीं, जिन घटनाओं के विरोध में यह अभियान चलाया गया, उनसे जुड़े आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। संबंधित पक्ष का आधिकारिक पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रकाशित किया जाएगा।

अब देखना होगा कि प्रशासन इस पूरे मामले को केवल राजनीतिक विरोध के रूप में देखता है या सार्वजनिक संपत्ति एवं नियमों के संभावित उल्लंघन के पहलुओं की भी जांच करता है।

## मूंग की तुलाई के लिए दर-दर भटक रहा किसान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को ग्रीष्मकालीन मूंग की तुलाई में हो रही समस्याओं से ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया । ग्रीष्मकालीन मूंग की तुलाई के लिए किसान दर-दर भटक रहा है परेशान हो रहा है वेयरहाउस में लंबी लंबी लाइन है एक वेयरहाउस में 200 से 250 ट्रैक्टरों की लाइन लगी हुई हैऔर किसान कम से कम 10 से 12 दिन तक अपनी मूंग तुलाई के लिये का इंतजार कर रहा है।

प्रशासनिक अमला तुलाई के लिए लगा हुआ है लेकिन वेयरहाउस प्रबंधक एवं सर्वेयरों की मनमानी के कारण किसान परेशान हो रहा है अतः भारतीय किसान संघ मांग करता है 2 से 3 दिन जिले की सभी मंडीयो को बंद कर कर सिर्फ मूंग उपार्जन कर तुलाई में तेजी लाई जाए एवं वहां से परिवहन कर वेयरहाउस में माल जमा करवाया जाए एवं शनिवार और रविवार को भी तुलाई निश्चित की जाए । सिलेट का टाइम निकालने के कारण उनकी डेट बढ़ाने के लिए किसान कृषि संचालक विभाग के चक्कर लगा रहा है किसी किसान का माल तो तोल गया है लेकिन डेट निकल जाने के कारण उनका बिल नहीं बन रहा है तो किसी किसान का बिल बनाने के लिए अंगूठा नहीं मिल रहा है भारतीय किसान संघमांग करता है कि मूंग के बिल किसान के मोबाइल के ओटीपी के द्वारा बनाए जाएं । खेतों पर मक्के और धान की फसल को यूरिया की आवश्यकता है और समय पर यूरिया ना मिलने से फसल बढ़वार नहीं ले रही है जिलों में एसटीडी कोड 181 के माध्यम से उर्वरक बुक कराया जा रहा है किंतु 70 से 80 किसानों के ही ए टोकन 181 पर बुक हो रहे हैं प्राइवेट दुकान एवं एमपी एग्रो से उर्वरक स्पष्ट नीति न होने के कारण सप्लाई नहीं हो पा रही है कलेक्टर महोदय को ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि प्राइवेट दुकान एवं एमपी एग्रो को भी 181 में जोड़कर टोकन वितरित किए जाए।

## एयर कम्प्रेसर टैंक फटने से युवक की मौत

### बाइक रिपेयरिंग वर्कशॉप में काम करते समय हुआ हादसा



**खेत जाने की तैयारी कर रहा था युवक, तभी फट गया कम्प्रेसर**

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनूपपुर जिले के कोतमा स्थित पकरिहा मुख्य मार्ग पर श्रमिक नगर बस स्टैंड के पास संचालित एक बाइक रिपेयर वर्कशॉप में बुधवार दोपहर एयर कंप्रेसर टैंक फटने से 21 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब युवक टैंक में हवा भर रहा था। विस्फोट इतना तेज था कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतमा थाना क्षेत्र के श्रमिक नगर पकरिहा मुख्य मार्ग पर मोतीलाल साहू की बाइक रिपेयर, धुलाई एवं हवा भरने की वर्कशॉप संचालित है। बुधवार दोपहर वर्कशॉप में काम कर रहे 21 वर्षीय प्रिंस कुमार साहू पिता मोतीलाल साहू एयर कंप्रेसर टैंक में हवा भर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज धमाके के साथ टैंक फट गया। विस्फोट की चपेट में आने से प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गया।

धमाके की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना देने के साथ घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच कर रहे एएसआई कमलेश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना के समय मृतक के पिता और छोटा भाई धान की रोपाई के लिए खेत गए हुए थे। प्रिंस दुकान पर अकेले काम कर रहा था और खेत जाने की तैयारी कर रहा था। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि एयर कंप्रेसर टैंक में निर्धारित क्षमता से अधिक हवा भर जाने के कारण टैंक फट गया। विस्फोट से युवक के शरीर के दाहिने हिस्से, दाहिने हाथ की अंगुलियों, सिर और कनपटी में गंभीर चोटें आईं।

सूचना मिलने पर कोतमा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

परिजनों ने बताया कि प्रिंस साहू की पत्नी अपने मायके में है, जहां 15 दिन पहले ऑपरेशन के माध्यम से उसने एक पुत्र को जन्म दिया था। दंपति का एक दो वर्षीय बेटा भी है। परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रिंस की असमय मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

## जादू-टोने के शक में हुई वृद्धा की हत्या मामले का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

### 24 घंटे के भीतर सुलझाया अंधविश्वास से जुड़ा हत्याकांड, हत्या में प्रयुक्त लाठी जब्त

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जैतहरी थाना क्षेत्र के ग्राम केरहा भेलमा में जादू-टोना के शक में एक बुजुर्ग महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में अंधविश्वास के चलते हत्या करना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार 3 अगस्त को ग्राम केरहा भेलमा निवासी कोमल सिंह ने थाना जैतहरी में सूचना दी कि उसकी रिश्ते की सास रामबाई गोंड़ पति स्व. पंचराम गोंड़ जो अकेली रहती थीं, 2 अगस्त को सुबह उनके भतीजे सुरेश सिंह गोंड़ और फूल सिंह गोंड़ उन्हें खेल मैदान में लाठी और लात-घूंसों से मारपीट कर रहे थे। मारपीट के बाद दोनों उन्हें उठाकर घर की ओर ले गए। अगले दिन सुबह रामबाई अपने घर में नहीं दिखीं। ग्रामीणों के साथ खोजबीन करने पर उनका शव घर के सामने बनी परछी के नीचे खून से लथपथ अवस्था में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



जांच के दौरान पुलिस ने सुरेश सिंह गोंड़ उम्र 25 वर्ष एवं फूल सिंह गोंड़ उम्र 34 वर्ष दोनों निवासी ग्राम केरहा भेलमा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने बताया कि रामबाई उनकी रिश्ते की बड़ी मां थीं। उन्हें विश्वास था कि वह जादू-टोना करती थीं। उनके अनुसार रामबाई ने कुछ समय पहले कहा था कि परिवार के तीन लोगों में से एक की एक माह के भीतर मृत्यु हो जाएगी। पहले सुरेश के पिता और बाद में फूल सिंह के पिता की मृत्यु होने के बाद दोनों को शंका हो गई कि इसके पीछे रामबाई का जादू-टोना है। इसी अंधविश्वास के कारण उन्होंने रामबाई की हत्या की योजना बनाई।

आरोपियों ने स्वीकार किया कि 2 अगस्त की सुबह रामबाई खेत में रोपा लगाने जा रही थीं। रास्ते में उन्हें रोककर अपने घर चलने के लिए कहा। मना करने पर दोनों ने डंडों तथा लात-घूंसों से उनके सीने, पेट, पसलियों और जबड़े पर लगातार हमला किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद शव को उठाकर उनके घर के सामने बनी परछी के नीचे छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी बरामद कर ली है।

मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 103(1) एवं 3(5) के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी वेंकटनगर उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार साहू, उपनिरीक्षक सुरेश अहिरवार, उपनिरीक्षक अमर लाल यादव, सहायक उपनिरीक्षक जय सिंह तथा पुलिस टीम के अन्य सदस्यों ने मामले के शीघ्र खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सार-समाचार

### रक्तदान शिविर में शामिल हुए पूर्व मंत्री और विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह



**पन्ना, देशबन्धु।** जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को जिला पंचायत परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी गंभीर मरीज, दुर्घटना पीड़ित या जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। अपने संबोधन में विधायक श्री सिंह ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और जरूरत पड़ने पर किसी अनजान रक्तदाता का योगदान किसी परिवार की खुशियां लौटा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदाता बनने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज में ऐसा वातावरण बनना चाहिए, जहां रक्त की कमी के कारण किसी भी व्यक्ति की जान न जाए। उन्होंने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानव सेवा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया। कार्यक्रम में पन्ना कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी, संजय सिंह परिहार सहित जिले के अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के उद्देश्य से बुधवार को जिला पंचायत सभागार अनूपपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों की सुनवाई कर आवेदकों की समस्याएं सुनीं। शिविर के दौरान सीईओ ने विभागवार लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र आवेदकों को शीघ्र राहत मिल सके।

## सूने घर में चोरी का 24 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार चोरी का सामान बरामद

**अनूपपुर, देशबन्धु।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में सूने घर में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया घरेलू सामान भी बरामद कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार पीली दफाई निवासी रुकमणी माली उम्र 43 ने 3 अगस्त को थाना भालूमाड़ा में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके सूने मकान में अज्ञात व्यक्ति ने घुसकर घरेलू सामान चोरी कर लिया है। शिकायत के आधार पर थाना भालूमाड़ा में धारा 331(4) एवं 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर भालूमाड़ा निवासी प्रेम कुमार सिंह उम्र 32 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी की संलिप्तता सामने आने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया घरेलू सामान भी बरामद कर लिया।



## जनहित के मुद्दों पर सीपीआई कल से निकालेगी देशव्यापी पदयात्रा, एक सितम्बर को दिल्ली में होगी जनरैली



**सीपीआई जिला परिषद की बैठक में रूपरेखा तय कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जनसंपर्क का दायित्व**


**अनूपपुर, देशबन्धु।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद अनूपपुर की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कॉम. पी.एस. राऊतराय ने की, जबकि जिला सचिव कॉम. जनक राठौर ने बैठक का संचालन किया। बैठक में पार्टी की मध्य प्रदेश राज्य परिषद के सह-सचिव कॉम. हरिद्वार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई। पार्टी नेताओं ने बताया कि सीपीआई 6 से 15 अगस्त तक बदलाव जरूरी है अभियान के तहत देशव्यापी पदयात्रा आयोजित करेगी। इसके बाद 1 सितंबर को नई दिल्ली में जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर एक विशाल जनरैली आयोजित की जाएगी।

बैठक को संबोधित करते हुए कॉम. हरिद्वार सिंह ने कहा कि पार्टी के अनुसार देश में लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों से जुड़े कई मुद्दे गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई, निजीकरण, किसानों की समस्याओं और श्रमिक अधिकारों जैसे विषयों को पदयात्रा के प्रमुख मुद्दे बताया। वरिष्ठ नेता कॉम. विजेंद्र सोनी ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से पदयात्रा तथा दिल्ली में आयोजित होने वाली जनरैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी जनहित और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े मुद्दों को लेकर अभियान चलाएगी।

जिला सचिव कॉम. जनक राठौर ने बैठक में पार्टी की प्रमुख मांगों का उल्लेख करते हुए समान आर्थिक संहिता लागू करने, राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून बनाने, शासकीय विभागों के रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्तियां करने, समान एवं निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था लागू करने, सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण पर रोक लगाने, किसानों को कानूनी गारंटी के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने, किसानों के कर्ज माफ करने, श्रमिकों के ट्रेड यूनियन अधिकार बहाल करने, छह घंटे के कार्यदिवस का कानून बनाने तथा मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम को पुनः प्रारंभ करने की मांग रखी। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के चयनित गांवों में कार्यकर्ताओं के दल भेजकर पदयात्रा और दिल्ली जनरैली के उद्देश्य से जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा तथा ग्रामीणों के बीच प्रचार सामग्री का वितरण किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न गांवों की जिम्मेदारियां भी तय की गईं।

## कोर्ट के आदेश के बाद भी पूजा-अर्चना से वंचित पातालेश्वर महादेव

### रंग महल मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोलने की मांग, भगवा पार्टी ने उठाई आवाज



**अनूपपुर, देशबन्धु।** मां नर्मदा की पावन नगरी अमरकंटक स्थित प्राचीन कलचुरीकालीन रंगमहल मंदिर में विराजमान पातालेश्वर महादेव सहित अन्य देवस्थानों में नियमित पूजा-अर्चना शुरू नहीं होने का मामला एक बार फिर चर्चा में है। धार्मिक संगठनों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने न्यायालय के आदेश के बावजूद मंदिर में पूर्ण रूप से पूजा व्यवस्था बहाल नहीं होने पर नाराजगी जताई है। भगवा पार्टी ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से न्यायालय के आदेश का प्रभावी पालन कराने तथा श्रद्धालुओं को निर्बाध दर्शन-पूजन का अधिकार सुनिश्चित करने की मांग की है। भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्र ने कहा कि रंगमहल मंदिर निजी धार्मिक संपत्ति है और यहां पूजा-अर्चना का अधिकार न्यायालय द्वारा भी मान्य किया जा चुका है। इसके बावजूद मंदिर का बड़ा हिस्सा आज भी प्रभावी रूप से आम श्रद्धालुओं के लिए सुलभ नहीं हो पाया है। उन्होंने मांग की कि मंदिर को पुरातत्व विभाग के नियंत्रण से मुक्त कर धार्मिक परंपराओं के अनुरूप नियमित पूजा-अर्चना की व्यवस्था बहाल की जाए। गौरतलब है कि मां नर्मदा मंदिर के सामने स्थित प्राचीन रंगमहल मंदिर लंबे समय तक पूजा-अर्चना से वंचित रहा। मंदिर में पूजा-अर्चना के अधिकार को लेकर ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने न्यायालय में कानूनी लड़ाई लड़ी थी। उनकी ओर से अधिवक्ता मुरलीधर शर्मा एवं श्रीधर शर्मा ने पक्ष रखा था। न्यायालय ने द्वारका शारदा पीठ के पक्ष में निर्णय देते हुए मंदिर की देखरेख तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना का अधिकार पीठ को प्रदान किया था। हालांकि स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि न्यायालय के निर्णय की भावना के अनुरूप व्यवस्था आज तक पूरी तरह लागू नहीं हो सकी है। उनका आरोप है कि आदेश के बावजूद मंदिर के अधिकांश प्राचीन देवस्थानों में नियमित पूजा-अर्चना शुरू नहीं हो पाई, जिससे धार्मिक आस्था से जुड़े लोगों में निराशा और असंतोष बना हुआ है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रंगमहल परिसर स्थित पातालेश्वर महादेव का विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि श्रावण मास सहित वर्षभर यहां विशेष धार्मिक अनुष्ठान और परंपराएं जुड़ी रही हैं। ऐसे में वर्षों से पूजा व्यवस्था प्रभावित रहने को लेकर क्षेत्रवासियों में चिंता बनी हुई है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में मंदिर परिसर में बढ़ी विशाल भगवान की पूजा एक साध्वी द्वारा की जा रही है।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 06 अगस्त 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, श्रावण कृष्ण पक्ष की अष्टमी, नक्षत्र-भरणी**

मेष - अनुकूलता से भरपूर आज के दिन आप सभी काम तन-मन की स्थिरता के साथ करेंगे। इसे कारण काम करने में उत्साह और स्फूर्ति का अनुभव होगा।

वृषभ - आज आपका मन अनेक प्रकार की परेशानियों से घिरा रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा। घर में पारिवारिक सदस्य और स्नेहीजनों की तरफ से विरोध का वातावरण निर्मित होगा।

मिथुन - आज आर्थिक, सामाजिक और कुटुंबजनों से लाभ का दिन है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे खर्च भी होगा। क-899-790

कर्क - आज का दिन आप के व्यवसाय के लिए लाभदायी है। आप पर उच्च अधिकारियों की कृपा रहेगी। आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। पदोन्नति की संभावना है।

सिंह - आज का दिन आलस्य तथा थकान में गुजरेगा। स्वभाव में उग्रता के कारण मानसिक रूप से व्यग्रता रहेगी। पेट दर्द के कारण परेशानी होगी।

कन्या - आपको खान-पान में विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आपमें आवेश और क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी पर भी संयम बरतने की जरूरत है।

तुला - आज सांसारिक जीवन का विशेष रूप से आनंद उठा सकते हैं। परिजनों के साथ सामाजिक काम के सिलसिले में बाहर जा सकते हैं।

वृश्चिक - पारिवारिक सुख- शांति के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। निर्धारित कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

धनु - हाथ में लिए हुए काम में असफलता मिलने से हताशा आएगी। संतान की शिक्षा या स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। यात्रा न करना आपके लिए लाभदायक होगा।

मकर - आप का आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से आज प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। घर में परिजनों के साथ विवाद से मन में अशांति रहेगी।

कुंभ - चिंताओं के बादल हटने से आप मानसिक हल्कापन महसूस करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से दिनभर का समय आनंदपूर्वक गुजरेगा।

मीन - आज आप को खर्च पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। क्रोध और जिह्वा पर संयम रखें। अन्यथा किसी से विवाद होने की आशंका है। मॉ-257-790

1,6,3,9-16,64,32,95,42,50,89,01

## 12 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### यूट्यूब पर फांसी लगाने का तरीका खोजने की बात आई सामने माता-पिता के विवाद और तानों से परेशान होने की जानकारी

**अनूपपुर, देशबन्धु।** चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत अमलाई शनिचरी बाजार में बुधवार सुबह 12 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार स्वामी विवेकानंद स्कूल में कक्षा 6वीं में अध्ययनरत लक्ष्य दास सुबह अपने दादा से मोबाइल लेकर कमरे में गया था। कुछ देर बाद जब वह बाहर नहीं आया तो परिजनों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद खिड़की तोड़कर कमरे में प्रवेश किया गया, जहां छात्र फंदे से लटका मिला। परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



परिजनों के अनुसार कमरे में मिले मोबाइल फोन में यूट्यूब पर फांसी लगाने से संबंधित वीडियो खोजे जाने की जानकारी सामने आई। बताया गया कि छात्र ने गमछे और दुपट्टे को जोड़कर फंदा बनाया था। मृतक के चाचा अजय दास ने बताया कि लक्ष्य पिछले कुछ महीनों से मानसिक रूप से परेशान था। वह अक्सर परिवार के लोगों से कहता था कि कुछ दोस्त और मोहल्ले के लोग उसे माता-पिता के वैवाहिक विवाद को लेकर ताने देते हैं, जिससे वह आहत रहता था। परिजनों ने बताया कि छात्र के माता-पिता के बीच लंबे समय से वैवाहिक विवाद चल रहा है। पिता कपड़ों की फेरी का व्यवसाय करते हैं और वर्तमान में छत्तीसगढ़ के पेंड्रा में रह रहे हैं, जबकि मां अपने बच्चों के साथ अलग रहती हैं। परिवार के अन्य सदस्य, जिनमें दादा-दादी भी शामिल हैं पास ही निवास करते हैं। घटना की सूचना मिलने पर चचाई पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## परिवार और समाज को नशामुक्त बनाएं : ब्रह्माकुमारी

**पन्ना विधायक ने 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान का किया शुभारंभ**

**पन्ना, देशबन्धु।** ब्रह्मा कुमारीज के 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान का विशाल रूप से हुआ भव्य शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया, इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि नशा समाज और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है उन्होंने सभी नागरिकों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जागरूक और संस्कारित समाज निर्माण में सहभागी बनने का आवाहन किया उन्होंने ब्रह्माकुमारी के इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के लिए एक श्रेष्ठ कदम है।

बहन ने कहा यह अभियान ब्रह्मा कुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका परम आदरणीय राज योगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्य स्मृति को समर्पित है आपने अभियान के बारे में संबोधित करती हुई कहां भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं ब्रह्मा कुमारीज के सहयोग से सभी को नशा मुक्त होने के लिए प्रतिज्ञा कराई जा रही है बहन जी ने अभियान का उद्देश्य केवल 10 करोड़ प्रतिज्ञा एकत्र करना नहीं बल्कि 10 करोड़ नागरिकों में सकारात्मक जीवन परिवर्तन का जन आंदोलन खड़ा करना है,इसके माध्यम से नागरिकों को नशा मुक्ति स्वस्थ एवं मूल्य निष्ठ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा राजयोग मेडिटेशन मूल्य शिक्षा, युवा सहभागिता तथा सामुदायिक जन जागरण के माध्यम से व्यक्ति के आत्म बल, आत्म सम्मान एवं सकारात्मक सोच को सशक्त बनाकर नशा मुक्त जीवन की प्रतिज्ञा कराना है, यह नशा मुक्ति जन आंदोलन 6 से 20 अगस्त तक विशाल रूप से स्कूल, कॉलेज एवं अन्य संगठन, गांव, गांव सभी जगह दिया जाएगा नशा मुक्ति का संदेश दिया।

कार्यक्रम में, उमराव सिंह सीईओ, श्रीमती निशा जैन, एवं पन्ना जिले के सभी ब्रह्माकुमारी से जुड़े हुए भाई बहनों ने हिस्सा लिया।

# कमिश्नर एवं कलेक्टर बरसते पानी में ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण करने पहुंचे



**रीवा देशबन्धु।** रीवा संभाग कमिश्नर शीलेंद्र सिंह एवं कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी बुधवार को बरसते पानी में ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्कूलों, तालाब, निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर ग्रामीणों से आमने-सामने चर्चा की और उनकी समस्याओं को जाना तथा सभी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया।

**ग्राम रौरा में चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं**

कमिश्नर ने ग्राम सिलपरा के शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया, उन्होंने कक्षा चौथी एवं कक्षा छठवीं के बच्चों से सामान्य हिंदी की पुस्तक पढ़वाई। बच्चे समान्य हिंदी भी नहीं पढ़ पाए। इस पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए शैक्षणिक कार्य में लापरवाही बरतने पर कमिश्नर ने प्रभारी प्राचार्य ज्ञानचंद्र पयासी, हिंदी के शिक्षक विपिन श्रीवास्तव, शिक्षिका श्रीमती कल्पना सिंह एवं शालिनी सिंह को कारण बताओ नोटिस देते हुए उन सबका एक -एक इंक्रीमेंट रोकने के निर्देश दिए, साथ ही प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षकों को सख्त हिदायत दी कि वे बच्चों के भविष्य के साथ लापरवाही न बरतें। अपनी शैक्षणिक कार्य पद्धति में व्यापक

## शैक्षणिक कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्रभारी प्राचार्य एवं तीन शिक्षकों के इंक्रीमेंट रोकने के दिए निर्देश

सुधार करें और सभी बच्चों की शैक्षणिक योग्यता में इजाफा करें। कमिश्नर ने साफ शब्दों में सभी शिक्षकों को चेतावनी दी कि इसके बाद भी यदि



बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार नहीं होगा तो संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध और कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कमिश्नर एवं कलेक्टर ने ग्राम सिलपरा में स्थित तालाब पर धीरे-धीरे हो रहे अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर एवं विश्वकर्मा बस्ती में लोगों के निकलने के लिए आम रास्ता बंद होने की शिकायत मिलने पर उसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम एवं तहसील दार को तालाब से अतिक्रमण हटाने एवं आम रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए।

***ग्राम तमरा में निर्माणाधीन पंचायत भवन एवं स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण***

कमिश्नर एवं कलेक्टर ने ग्राम तमरा में बनाए जा रहे पंचायत भवन एवं स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त भवनों में बारिश के दौरान सीपेज होने की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए निर्माण एजेंसी को निर्माण कार्य में गुणवत्ता लाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि खराब क्वालिटी का कार्य करने वाली एजेंसी पर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। कमिश्नर ने निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत भवन तक आने-जाने के लिए एप्रोच रोड बनाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने यहां पर आम का पौधा भी रोपित किया।

### ग्राम पंचायत भवन में लगाई चौपाल

कमिश्नर एवं कलेक्टर ने ग्रामीण की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के लिए रौरा के ग्राम पंचायत भवन में ग्राम चौपाल लगाई और ग्रामीणों से आमने-सामने चर्चा कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। कमिश्नर ने ग्राम में यूरिया एवं खाद का उठाव, डीएपी और एनपीके के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त खाद का मूल्य शासन द्वारा निर्धारित है।

# ठाड़ीपाथर में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घर पहुंचे कलेक्टर



**सीधी देशबन्धु।** कलेक्टर ने बुधवार को ग्राम ठाड़ीपाथर पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही सुखसेन बैगा एवं पानकली बैगा के आवास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवास निर्माण की गुणवत्ता, निर्माण कार्य की स्थिति तथा हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने हितग्राहियों एवं उनके परिवार के सदस्यों से चर्चा कर आवास निर्माण की प्रक्रिया, प्राप्त सुविधाओं तथा योजना से हुए लाभ के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित एवं सम्मानजनक पक्का आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत आवासों का निर्माण समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिले। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हितग्राहियों से अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी भी ली तथा आवश्यकतानुसार उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## सार-समाचार

### रिमारी के वरिष्ठ समाजसेवी शुभकरण सिंह परिहार का निधन पर शोक



**बैकुंठपुर देशबन्धु।** जिले के तहसील सिरमौर अंतर्गत ग्राम पंचायत रिमारी के वरिष्ठ समाजसेवी शुभकरण सिंह परिहार (%ददोल)का सोमवार को 60 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही रिमारी एवं आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। वे क्षेत्र में सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते थे और हमेशा लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। परिवार में पत्नी, दो पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार है। स्व. शुभकरण सिंह के निधन पर पुत्र पुष्पेंद्र सिंह, सौरभ सिंह भाई हरिकेश्वर सिंह, मनोहर सिंह, मोराध्वज सिंह, तमराध्वज सिंह, धर्मजीत सिंह, छोटेलाल सिंहभतीजे भूपेंद्र सिंह, मुरारी, सुभाष सिंह समाजसेवी विपिन द्विवेदी रिमारी एवं समस्त परिहार परिवार ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### कलेक्टर ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय टमसार का किया निरीक्षण



**सीधी देशबन्धु।** कलेक्टर ने बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय टमसार का निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं छात्रावास व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने छात्राओं के साथ संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, सीखने की गुणवत्ता, विषयों की समझ तथा विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। संवाद के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से विभिन्न विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे और उनकी शैक्षणिक तैयारी का आकलन किया। उन्होंने छात्राओं को नियमित अध्ययन, अनुशासित दिनचर्या और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं, छात्रावास, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त आवासीय वातावरण उपलब्ध कराया जाए। साथ ही शिक्षण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, नियमित शैक्षणिक मूल्यांकन तथा प्रत्येक छात्रा की सीखने की क्षमता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि आवासीय विद्यालयों का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्राओं के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना भी है। इसलिए विद्यालय में ऐसा वातावरण तैयार किया जाए, जिससे छात्राएं आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और अपने भविष्य के प्रति सजग बन सकें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से छात्राओं के शैक्षणिक प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी साझा किए।

# मऊगंज गरिमापूर्ण रूप से हो स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन: कलेक्टर



**मऊगंज देशबन्धु।** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में 15 अगस्त 2026 (स्वतंत्रता दिवस) के मुख्य समारोह के आयोजन की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम भव्य और गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराने सहित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये ।

उन्होंने ने बताया कि जिला मुख्यालय में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के सभी कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परेड ग्राउंड मऊगंज में होंगे। सभी कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज के फहराने का समय 7 से 8 के बीच होगा। तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि पुलिस परेड ग्राउंड के कार्यक्रम में अतिथियों की समुचित बैठक व्यवस्था व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही उन्हें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ उन्हें घर से लाने और वापस ले जाने की जिम्मेदारी दी गई। मुख्य समारोह में माइक और साउंड बॉक्स की व्यवस्था मुख्य नगर पालिका अधिकारी के जिम्मे रहेगी। मुख्य समारोह के लिए वाटरप्रूफ पंडाल की देखरेख सीएमओ को सौंप गई है। विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अधिकारी एमपीईबी देखेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह में होने वाली परेड की रिहर्सल 07 अगस्त से प्रारंभ कर 12 अगस्त तक होगी।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुसमी में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद



**सीधी देशबन्धु।** कलेक्टर ने मंगलवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुसमी का भ्रमण कर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, भविष्य के लक्ष्य, दैनिक दिनचर्या, खेलकूद, छात्रावास की व्यवस्थाओं तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। वहीं शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों की प्रगति, नवाचारों तथा विद्यालय संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों का भी विकास करें। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, समय का सदुपयोग करने तथा जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच और आत्म विश्वास सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में स्वच्छता, भोजन, पेयजल, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर आवासीय सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने लापरवाह शिक्षक को किया निलंबित

**मऊगंज देशबन्धु।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने सहायक शिक्षक रज्जन सिंह पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिये हैं। श्री पटेल शासकीय हाई स्कूल पिड़रिया सेंगर में पदस्थ हैं। निलंबन अवधि में श्री पटेल का मुख्यालय बीईओ कार्यालय हनुमना रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जायेगा। श्री पटेल द्वारा स्कूल से बिना अनुमति अनुपस्थित रहने एवं अवैधानिक रूप से धरना प्रदर्शन में शामिल होने को गंभीर कदाचरण एवं अनुशासनहीनता मानते हुए निलंबन की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत यह कार्यवाही की गई।

# लंबित प्रकरणों के संवेदनशीलता के साथ निराकरण के दिये निर्देश



**मऊगंज देशबन्धु।** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्षा में आयोजित की गई समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में विभिन् जनकल्याण कारी योजनाओं तथा सीएम हेल्पलाइन के मामलों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सेवाएं उपलब्ध कराने तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों में तेजी लाने पर विशेष ध्यान दें। साथ ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी तथा पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रामायण बने भाजपा किसान मोर्चा गुढ मंडल के अध्यक्ष



**गुढ देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए गुढ विधानसभा क्षेत्र के दुआरी निवासी रामायण प्रसाद अग्निहोत्री को भाजपा किसान मोर्चा का गुढ मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, संभाग प्रभारी विजय दुबे एवं जिला अध्यक्ष बीरेंद्र गुप्ता की सहमति से की गई।

पार्टी नेतृत्व ने रामायण प्रसाद अग्निहोत्री की संगठन के प्रति सक्रियता, कार्यकुशलता और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। रामायण प्रसाद अग्निहोत्री ने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के साथ-साथ गुढ विधायक नागेंद्र सिंह, जिला मंत्री बाबूलाल यादव तथा गुढ मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में भाजपा की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उनकी नियुक्ति की घोषणा के बाद गुढ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

**कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर**

बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से गुढ मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष आलेश मिश्रा, सह मीडिया प्रभारी सनत कुमार शुक्ला, महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह गहरवार, नारायण मिश्रा, मीडिया प्रभारी धीरू शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार निखिल पाठक, अरुण सिंह, मत्तू यादव, युवा नेता प्रभात तोमर, रामायण प्रताप सिंह, महामंत्री सचिदानंद शर्मा, सरपंच बृजभान प्रसाद पटेल, सरपंच विनय कुमार जायसवाल, बाबूलाल पटेल, रघुनाथ पटेल, मनमोहन तिवारी, बिंकू, सुआदीन जायसवाल, गुलाब सिंह, कुंवर बहादुर सिंह, संजय जायसवाल सहित क्षेत्र के अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# हटवा-2 में शपथ, तेंदुन में रैली: विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरुकता कार्यक्रम



**बैकुंठपुर देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग सिरमौर-1 द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत हटवा-2 और तेंदुन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। हटवा-2 बैकुंठपुर ग्रामीण सेक्टर में पर्यवेक्षक राजकुमारी उपाध्याय और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम हुआ। इसमें गर्भवती-धात्री महिलाओं को स्तनपान के फायदे बताए गए और 6 माह तक केवल स्तनपान व 2 वर्ष तक स्तनपान जारी रखने की शपथ दिलाई गई।पर्यवेक्षक ने कहा कि मां का दूध बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए जरूरी है। इससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

**तेंदुन में निकली जागरुकता रैली**

वहीं तेंदुन आंगनबाड़ी केंद्र के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने गांव में रैली निकाली। कार्यक्रम में महिलाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# हर घर तिरंगा अभियान को राष्ट्रीय भावना के साथ मनाएं: कलेक्टर

**मऊगंज देशबन्धु।** जिले भर में 9 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा है कि अभियान के दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को अभियान से जोड़ें। हर घर तिरंगा अभियान को राष्ट्रीय भावना के साथ मनाएं। कलेक्टर ने कहा है कि अभियान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके अभियान के लिए वातावरण का निर्माण करें।

देश के स्वतंत्रता तथा राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, मानव श्रृंखला बनाकर तथा प्रभातफेरी के माध्यम से हर व्यक्ति को इस अभियान में सहभागी बनाएं। सभी अधिकारी भी हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभायें। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, तिरंगा मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित करें। जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर पर अभियान से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इन आयोजनों को भी हर घर तिरंगा अभियान में शामिल करें। हर घर तिरंगा अभियान में कार्यालयों, निजी प्रशासनिक आवासों तथा वाहनों में तिरंगा फहराएं। तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी हर घर तिरंगा अभियान में सहभागी बनाएं। सभी एसडीएम अपने-अपने अनुभागों में अभियान की मानीटरिंग करें।

जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में अभियान का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभियान की मानीटरिंग करें। आयुक्त नगर निगम नगरीय निकाय के सभी वार्डों में हर घर तिरंगा अभियान संचालित कराएं।

## अगस्त माह में 3 स्थानों पर चलेगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान

**मऊगंज देशबन्धु।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत अगस्त माह में जिले में 3 शिविर लगाए जाएंगे। अभियान का शुभारंभ 7 अगस्त को ग्राम पंचायत रतनगांव में आयोजित शिविर से होगा। इस शिविर में ग्राम पंचायत रतनगांव,नरैनी, अटरिया शिवप्रसाद, बमुरिहा इन्द्रदत्त, रतनगवां खांस, रतनगवां गहरवारन, पहाड़ी निरपति सिंह, गोदरी अंबिकाराम, रामपुर, उधौपुरवा, पाड़र, अमोखर तथा पकरा पंचायतें शामिल होंगी।

# सड़क निर्माण, केबलीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर, भाजपा नेता वेद प्रकाश तिवारी ग्रामीणों संग बैठे आमरण अनशन पर



**त्योंथर देशबंधु।** त्योंथर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जनपद पंचायत सदस्य वेद प्रकाश तिवारी ग्रामीणों के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए हैं।

उन्होंने पूर्व में विधायक की मंगलवार जनसुनवाई, एसडीएम सहित संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से समस्याओं से अवगत कराया था, लेकिन समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ आंदोलन का रास्ता अपनाया।

अनशन से पूर्व एसडीएम त्योंथर को ज्ञापन सौंपकर वही भाजपा नेता वेदप्रकाश तिवारी ने घुसरूम प्रधानमंत्री सड़क के मेजर तिराहा से नौवस्ता (डोलिया टोला) तक लगभग 6.5 किलोमीटर सड़क निर्माण तथा ककरेला से घुसरूम तक करीब 1.5 किलोमीटर आंतरिक सड़क निर्माण की मांग की है। इसके अलावा बरो, टगहा, भोगी, नौवस्ता, घुसरूम एवं ककरेला गांवों में जर्जर विद्युत केबल बदलने सहित अन्य मांग उठाई गई है।

ज्ञापन के समय ही इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन को पूर्व में एक सप्ताह का समय दिया गया था, लेकिन मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण आज 5 अगस्त से ग्रामीणों के साथ अनिश्चितकालीन आमरण अनशन एवं शांतिपूर्ण धरना शुरू किया गया। धरना स्थल ग्राम ककरेला, घुसरूम एवं नौवस्ता की सीमा पर आजादपुर सड़क किनारे निर्धारित किया गया है।

वेद प्रकाश तिवारी ने कहा कि जब तक क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर सड़क, बिजली और अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

## जापान: भूकंप के एक हफ्ते बाद भी 8,000 से ज्यादा लोग नहीं लौटे घर

**टोक्यो,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण-पश्चिमी जापान के कुमामोटो प्रीफेक्चर में आए 7.1 तीव्रता के भूकंप को एक हफ्ता बीत चुका है। बड़ी संख्या में लोग मारे गए और कुछ बेघर हो गए। राहत शिविरों में जिंदगी गुजारने को लोग मजबूर हैं। मंगलवार को बहुत ज्यादा गर्मी के बीच पानी की सप्लाई भी बंद हो गई। 8,000 से अधिक लोग अभी भी इवैक्युएशन शेल्टर में हैं। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, लोग 150 इवैक्युएशन शेल्टर में शरण ले रहे थे और भूकंप में लगभग 12,000 इमारतों को नुकसान होने का अनुमान है। स्कूलों के जिम, सामुदायिक केंद्रों और कक्षाओं में बनाए गए राहत शिविरों को इवैक्युएशन शेल्टर के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। इनमें से कई शिविरों में एयर कंडीशनिंग की सुविधा नहीं है। बड़ी संख्या में लोग अपनी कारों, पार्कों या क्षतिग्रस्त घरों के बाहर रात बिताने को विवश हैं। कथित तौर पर हीट स्ट्रोक से बचने के लिए कार में सो रहे एक शख्स की मौत भी हो गई। क्योडो न्यूज एजेंसी के अनुसार, सोमवार को एक इवैक्युएशन शेल्टर के दौरे के बाद, प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने कहा कि सरकार भूकंप को 'अत्यधिक गंभीर आपदा' घोषित करेगी, जिससे स्थानीय सरकारों को निर्माण कार्य के लिए ज्यादा सब्सिडी मिल सकेगी, और वे पीड़ितों की मदद के लिए खास कदम उठा सकेंगे।

### ट्रंप ने ईरान को परमाणु समझौते को लेकर दी चेतावनी

# 'बर्बादी' से पहले आखिरी मौका

**वॉशिंगटन,** (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास परमाणु समझौते को स्वीकार करने का एक 'आखिरी मौका' है, वरना उसे 'बर्बादी' का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने उस हमले को रोक दिया था जो 'दूसरे विश्व युद्ध के बाद का सबसे बड़ा हमला' हो सकता था, ताकि कूटनीति को एक आखिरी मौका दिया जा सके।



व्हाइट हाउस में बोलते हुए श्री ट्रंप ने कहा कि क्षेत्रीय ताकतों के अनुरोध पर तेहरान के साथ बातचीत चल रही है, जबकि ईरान ने वॉशिंगटन के साथ किसी भी तरह की बातचीत से साफ इनकार किया है। इससे अमेरिका-ईरान कूटनीति की स्थिति को लेकर गहरी अनिश्चितता पैदा हो गई है और नए सवाल उठ रहे हैं कि क्या कोई समाधान निकलेगा या सैन्य टकराव होगा। श्री ट्रंप ने कहा कि कूटनीतिक प्रगति के संकेतों और क्षेत्रीय सहयोगियों की अपील के बाद उन्होंने ईरान के खिलाफ एक बड़े अमेरिकी सैन्य अभियान को रोक दिया था, लेकिन चेतावनी दी कि समझौते का मौका तेजी से खत्म हो रहा है। श्री ट्रंप ने कहा, 'मुझे लगता है कि शायद हमें कुछ हासिल हो जाए, लेकिन मैं उन्हें बर्बादी से पहले हर आखिरी मौका देना चाहता हूं।' 'यह ईरान के लिए एक अच्छे समझौते पर हस्ताक्षर करने का आखिरी मौका है।' श्री ट्रंप ने ज़ोर देकर कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत 'अभी चल रही है' और यह बातचीत ईरान के साथ-साथ सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर के कहने पर हो रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्होंने उन हमलों को रोक दिया जो 'दूसरे विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा हमला' हो सकते थे, क्योंकि कूटनीति से समाधान की उम्मीद बढ़ रही थी। ईरान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को राष्ट्रपति के इस दावे का खंडन करते हुये कहा कि वाशिंगटन के साथ कोई सीधी बातचीत नहीं हो रही है। मंत्रालय ने कहा कि अभी उनकी बातचीत सिर्फ़ ओमान के साथ हो रही है, जो होर्मुज़ जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा के अस्थायी इंतज़ाम को लेकर है। इस सार्वजनिक खंडन से श्री ट्रंप की हालिया कूटनीतिक कोशिशों को लेकर बनी गहरी अनिश्चितता सामने आ गई।

## पेजेश्कियान ने इस्तीफे की अटकलों को किया खारिज



अगर मैं इस्तीफा देता हूं तो आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा करूंगा कि मैंने इस्तीफा दे दिया है : मसूद पेजेश्कियान

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने इस्तीफा देने से जुड़ी अटकलों को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि वह अपने पद पर बने रहने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और देश के सैन्य नेतृत्व के साथ समन्वय में काम कर रहे हैं। श्री पेज़ेश्कियान ने ईरान के सरकारी समाचार चैनल को दिये गये एक साक्षात्कार में कहा, ' मैं इस्तीफा नहीं दूंगा और अडिग रहूंगा। अगर मैं इस्तीफा देता हूं तो आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा करूंगा कि मैंने इस्तीफा दे दिया है। ' श्री पेजेश्कियान का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब वरिष्ठ धर्मगुरु मोहम्मद बाकिर खर्राज़ी ने दावा किया कि श्री पेजेश्कियान कई बार इस्तीफा देने की धमकी दे चुके हैं। उन्होंने अपनी चेतावनी तभी वापस ली थी जब उनसे कहा गया कि भविष्य में पेश किया गया कोई भी इस्तीफा स्वीकार कर लिया जायेगा। श्री पेज़ेश्कियान की स्थिति को लेकर महीनों से अफ़वाहें चल रही हैं। 'ईरान इंटरनेशनल' ने मई में रिपोर्ट दी थी कि राष्ट्रपति ने सर्वोच्च नेता अली ख़ामेनेई के दफ़्तर को इस्तीफ़ा सौंप दिया है। उन्होंने आरोप लगाया था कि अहम फ़ैसलों के मामले में उनके प्रशासन को दरकिनार कर दिया गया, जबकि कट्टरपंथी गुटों ने नियंत्रण मज़बूत कर लिया। उस समय ईरानी अधिकारियों ने इन रिपोर्टों का खंडन किया था।

## ईरान ने अमेरिकी युद्धपोतों को दी चेतावनी

**तेहरान।** तेहरान ने चेतावनी दी है कि वह मंजूर शिपिंग कॉरिडोर को बदलने या नौसेना की नाकेबंदी बनाए रखने की कोशिश करने वाले अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाएगा। ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहसेन रेजाई ने सोमवार को कहा कि ईरान ने ऐलान किया है कि वह ऐसे किसी भी अमेरिकी वॉरशिप को टारगेट करेगा जो होर्मुज स्ट्रेट को पार करने के लिए तेहरान द्वारा दिए गए रास्ते से अलग रास्ता अपनाने की कोशिश करेगा। ईरान की सरकारी मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में रेजाई ने कहा, 'हम दूसरा कॉरिडोर खुलने नहीं देंगे। अगर वे (अमेरिका) वॉरशिप भी तैनात करते हैं, तो भी हम उन्हें निशाना बनाएंगे।' रेजाई ने यह भी चेतावनी दी कि अगर देश ने ईरान पर नौसैनिकों की नाकेबंदी जारी रखा तो वे अमेरिका के जहाजों और बेस को निशाना बनाएंगे।उन्होंने कहा, 'अमेरिका के जहाजों और बेस को निश्चित रूप से गंभीर खतरा होगा। हम बैठकर अमेरिका को नौसेना की नाकेबंदी जारी रखते हुए नहीं देखेंगे।' राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले एक-दो दिन में बातचीत शुरू हो जाएगी। उन्होंने धमकी दी थी कि तेहरान के साथ नई प्लान की गई बातचीत ईरान के लिए देश पर खतरनाक हमलों से पहले डील करने का आखिरी मौका है।

## सार संक्षेप

### नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल पुलिसकर्मी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल होने के आरोप में पुलिसकर्मी को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस के प्रवक्ता ने आधिकारिक बयान में कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ 'जीरो-टॉलरेंस' नीति को मज़बूत करने के लिए की गई सख्त कार्रवाई के तहत, कठुआ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने सिलेक्शन ग्रेड कॉन्स्टेबल आफताब अहमद को एनडीपीएस मामले में शामिल होने के कारण नौकरी से बर्खास्त कर दिया है।

### मोदी ने पूर्व राज्यपाल डॉ. डीवाई पाटिल के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद, समाजसेवी और पूर्व राज्यपाल पद्मश्री डॉ. डीवाई पाटिल के निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। उन्होंने मंगलवार को कोल्हापुर में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने गहरा दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि डॉ. डीवाई पाटिल शिक्षा और समाज सेवा के जरिए लोगों की सेवा में हमेशा आगे रहे। उन्होंने खासकर गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम किया। उनके निधन से दुख हुआ है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और चाहने वालों के साथ हैं। ओम शांति।

### गुजरात ने पासपोर्ट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया की आसान

**गांधीनगर।** गुजरात पुलिस ने पासपोर्ट सत्यापन की एक सरल प्रक्रिया शुरू की है, जिसके तहत आवेदकों को नियमित सत्यापन के लिए पुलिस स्टेशनों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अब यह प्रक्रिया केवल नागरिकता व आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच तक सीमित रहेगी, सिवाय कुछ खास मामलों के। पासपोर्ट सत्यापन को अधिक पारदर्शी, कुशल व नागरिक हितैषी बनाने के साथ-साथ आवेदकों को होने वाली अनावश्यक असुविधा को कम करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक ने राज्यभर के सभी पुलिस स्टेशनों और पुलिस अधिकारियों को नए निर्देश जारी किए।

### बंगाल में भाजपा ने नए सदस्य बनाने पर लगाई रोक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में जीत के बाद सरकार बनाने वाली भाजपा ने अपने सदस्यता अभियान को अस्थायी रूप से रोक दिया है और अगले आदेश तक अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं को शामिल करने से इनकार कर दिया है।

## फिलीपींस : सैनिकों-विद्रोहियों के बीच मुठभेड़ तीन एनपीए सदस्य ढेर

**मनीला,**(एजेंसियां)। फिलीपींस के उत्तरी हिस्से के अब्रा प्रांत में मंगलवार को सैनिकों और विद्रोहियों के बीच हुई मुठभेड़ में न्यू पीपल्स आर्मी (एनपीए) के तीन सदस्य मारे गए। अधिकारियों के मुताबिक, इलाके में तलाश अभियान के दौरान सैनिकों का सामना करीब दस संदिग्ध एनपीए सदस्यों से हुआ। इसके बाद हुई मुठभेड़ में तीन संदिग्ध विद्रोही मारे गए। मीडिया समाचार एजेंसी के अनुसार, सैनिकों ने बाद में उनके शव बरामद किए और साथ ही तीन अत्याधुनिक हथियार भी जब्त किए। स्थानीय प्रशासन और सेना ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत अधिकारियों को देने की अपील की है। क्षेत्र में सुरक्षा अभियान अभी जारी है। इससे पहले, 30 जुलाई को मध्य फिलीपींस के ओरिएंटल मिंडोरो प्रांत में सेना और एनपीए के सदस्यों के बीच हुई मुठभेड़ में दो विद्रोही मारे गए थे, जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया था।

## पाकिस्तान: कराची में अज्ञात लोगों ने पुलिसकर्मी पर की फायरिंग, एक पुलिसकर्मी की मौत



■ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर हमलावरों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया

**इस्लामाबाद,** (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कराची शहर में जमाली ब्रिज के पास अज्ञात हमलावरों ने पुलिसकर्मी पर फायरिंग की। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को बताया कि इस गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, जमाली ब्रिज के पास ड्यूटी कर रहे एक पुलिस कांस्टेबल और उसके साथी पर हथियारबंद लोगों ने गोलियां चलाईं, जिससे वह घायल हो गया। पाकिस्तान के मीडिया एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई, जबकि उसके साथी को इस घटना में कोई चोट नहीं आई। हमले के बाद, पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हमलावरों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया। यह घटना पाकिस्तान में, खासकर बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा के सीमावर्ती प्रांतों में कानून लागू करने वाले कर्मचारियों को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों में बढ़ोतरी के बीच हुई।

### पीओके में प्रेस पर शिकंजा: पत्रकार हिरासत में और इंटरनेट भी बंद

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) लगातार हुक्मरानों और सुरक्षा बलों की बर्बरता का शिकार हो रहा है। इन दिनों तनाव चरम पर है। इस बीच मीडिया की आवाज उठाने वाले स्वतंत्र पत्रकार संगठन ने कब्जे वाले इस क्षेत्र में मीडिया कर्मियों की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। संगठन ने इंटरनेट ब्लैकआउट, दूरसंचार सेवाओं पर रोक, रिपोर्टिंग पर पाबंदी और पत्रकारों को हिरासत में लेने या उन्हें अगवा करने जैसी घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया है।प्रेस स्वतंत्रता संगठन 'कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स' (सीपीजे) ने पाकिस्तानी अधिकारियों से पत्रकारों पर कार्रवाई तुरंत बंद करने, सूचना तक पहुंच बहाल करने और पीओके में स्वतंत्र रिपोर्टिंग की अनुमति देने की मांग की। सीपीजे ने पीओके में पत्रकारों पर जारी कार्रवाई को उजागर करते हुए कहा, 'स्वतंत्र कश्मीरी पत्रकार सैयद फरहाद अली शाह विरोध प्रदर्शनों की कवरेज के कारण अभी भी हिरासत में हैं।

## दो साल बाद अपने देश लौटना चाहती हैं शेख हसीना : वीना सीकरी

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना 5 अगस्त को एक कार्यक्रम को वर्चुअल मोड में संबोधित करेंगी। हाल ही में उन्होंने ये भी कहा कि वो दिसंबर तक अपने देश लौटना चाहती हैं। उनका ये फैसला क्या सही साबित होगा? क्या भारत-बांग्लादेश के रिश्तों पर इसका कुछ असर पड़ेगा? पूर्व राजनियक और बांग्लादेश की पूर्व उच्चायुक्त वीना सीकरी ने मीडिया से बातचीत में तमाम संभावनाओं पर प्रकाश डाला। बांग्लादेश में भारत की पूर्व हाई कमिश्नर वीना सीकरी ने कहा, ' ठीक दो साल पहले 5 अगस्त 2024 को, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत आई थीं और तब से वह यहीं हैं। आप जानते हैं, वह बेशक भारत सरकार की सरपरस्ती में यहां रह रही हैं। काफी दिनों से वो शांत थीं लेकिन वह अपने लोगों से बात करने के लिए आजाद हैं। वो अपने लोगों से मिलती हैं, दूसरों से बात करने के लिए स्वतंत्र हैं। निकाले जाने के दो साल बाद उन्होंने अपने देश वापस लौटने की इच्छा जताई है तो इसमें गलत कुछ भी नहीं है।सीकरी ने बांग्लादेश में 2024 के दौरान हुए छात्र आंदोलन को लेकर कहा, 'जो हुआ वो छात्रों के गुस्से का नतीजा नहीं था लेकिन वो एक सत्ता को बदलने की सुनियोजित सियासत का हिस्सा था। ऐसा मैं इसलिए कह रही हूं क्योंकि अब भी बांग्लादेश की जनता खुश नहीं है।



दो साल पहले 5 अगस्त 2024 को, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत आई थीं : वीना सीकरी

## मदद — भारत ने एक बार फिर श्रीलंका की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

# डेंगू से लड़ाई के लिए दिया 500 लीटर टेक्निकल मैलाथियान

**कोलंबो,** (एजेंसियां)। डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के श्रीलंका के प्रयासों में भारत ने एक बार फिर मदद का हाथ बढ़ाया है। भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने मंगलवार को श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नलिंदा जयतिस्सा को 500 लीटर टेक्निकल मैलाथियान ( कीटनाशक रसायन) सौंपा। झा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'भारत डेंगू के खिलाफ लड़ाई में श्रीलंका के साथ खड़ा है। भारत सरकार और जनता की ओर से उपहार के रूप में 500 लीटर टेक्निकल मैलाथियान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नलिंदा जयतिस्सा को सौंपकर खुशी हुई। इससे श्रीलंका में चल रहे डेंगू नियंत्रण प्रयासों को बल मिलेगा।



■ श्रीलंका में डेंगू के दैनिक मामले 1000 से घटकर लगभग 500 रह गए

भारत ने यह मदद ऐसे समय की है जब श्रीलंका भर के अस्पतालों में डेंगू वार्ड अभी भी भरे हुए हैं। हालांकि रोजाना आने वाले मामलों की संख्या में कमी आई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, श्रीलंका में डेंगू के दैनिक मामले जो कभी 1000 के आसपास पहुंच गए थे, अब घटकर लगभग 500 रह गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मामलों में गिरावट के बावजूद अस्पतालों पर दबाव कम नहीं हुआ है। कई सरकारी अस्पतालों के डेंगू वार्ड क्षमता से अधिक मरीजों का इलाज कर रहे हैं। गवर्नमेंट मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन (जीएमओए) के सचिव प्रभात सुगतदासा ने कहा कि डेंगू पीक सीजन (डेंगू से लोग ज्यादा पीड़ित थे) के दौरान जो भीड़ थी उसमें थोड़ी कमी आई है, लेकिन अस्पतालों में अब भी इलाज के लिए बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं, जो चिंता का विषय है। भारत श्रीलंका की मदद को हमेशा तैयार रहा है। 27 जुलाई को विभिन्न परियोजनाओं का जिक्र करते हुए झा ने कहा था कि श्रीलंका में विकास परियोजनाओं के लिए भारत की सहायता 7.5 अरब डॉलर से अधिक हो गई है। ये परियोजनाएं श्रीलंका के सभी 25 जिलों को कवर करती हैं। भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर लिखा, '7.5 अरब डॉलर से अधिक की सहायता, जिसमें 850 मिलियन डॉलर से अधिक अनुदान शामिल है, के साथ भारत की जन-केंद्रित परियोजनाएं आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, रेलवे, ऊर्जा और आजीविका के क्षेत्र में श्रीलंका में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। ' 14 जुलाई को संतोष झा और श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव अनिल जासिंघे ने देनियाया के बेस अस्पताल में चिकित्सा उपकरण आपूर्ति हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत भारत सरकार एसएलआर (श्रीलंकाई मुद्रा) 600 मिलियन का अनुदान देगी। यह अस्पताल आपदा-पीड़ित क्षेत्र में स्थित होने के कारण स्थानांतरित किया जा रहा है। 3 साल में इस लक्ष्य को हासिल करने की उम्मीद है।

## आज का इतिहास

1825- बोलीविया ने पेरू से स्वतंत्रता हासिल की।
1862- मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना।
1890- न्यूयॉर्क में विलियम केमलर को इलेक्ट्रिक चेयर में करंट से मौत की सजा दी गयी। विलियम ने एक महिला की कुल्हाड़ी से हत्या की थी। ये पहला मामला था जब इलेक्ट्रिक चेयर के जरिए किसी को मौत की सजा दी गयी थी।
1906- प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी चितरंजन दास और अन्य कांग्रेस नेताओं ने मिलकर 'वंदेमातरम' समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू किया।
1914- ऑस्ट्रिया ने रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1925- सुरेन्द्र नाथ बनर्जी का निधन।
1926- अमेरिकी तैराक गेरट्रुड एडर्ल इंग्लिश चैनल को तैरकर पार करने वाली पहली महिला बनीं।
1945- जापान के हिरोशिमा में अमेरिकी विमानों ने एटम बम गिराये।
1960- क्यूबा ने देश की तमाम संपत्ति का राष्ट्रीयकरण किया।

## सुडोकू 7354

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 2 | | 6 | 7 | 5 |
| | | | 6 | 5 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 1 | | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 3 | | 8 | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| | | 7 | | 4 | 5 | | | |
| 9 | 4 | 5 | | 6 | | 3 | | 8 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7354

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | २० | | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | ■ | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**
१. अपमानित, बेइज्जत (उर्दू)
३. मर्दुम, शुमारी, किसी क्षेत्र की गणना
५. स्थिर
६. उर्दू के एक प्रसिद्ध शायर
७. पासपोर्ट
८. एक ही समय में रहने या होने वाला
१३. सितम, जुल्म
१५. व्याकुल, बेचैन
१६. अत्यधिक, श्रम के कारण उत्पन्न शारीरिक शिथिलता
१७. किसी व्यापारिक संस्था के लेन-देन का हिसाब रखने वाला
१८. विपणन, तिजारत
२०. निरंतर
२२. पाठशाला (उर्दू)
२३. तूणिर

**ऊपर से नीचे:-**
१. अनियंत्रित निरंकुशहीन
२. हठात्
३. कलेवा नाश्ता
४. किसी संस्था आदि की स्थापना करने वाला
५. रात्रि, रजनी
९. इच्छा, कामना
१०. दुर्गा
११ आलीशान
१२. विश्वास, भरोसा :उर्दू)
१४. विनोबा भावे से संबंधित एक स्थान
१७. अभियान:उर्दू)
१९. अग्नि
२०. इस समय
२१. व्यसन, बुरी आदत

### वर्ग पहेली-7353

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्रे | मा | २ ला | प | ■ | ■ | ३ ब | लि | ४ हा | री |
| क्षा | ■ | भ | ■ | ५ व | जू | द | ■ | हा | ■ |
| ६ गा | य | क | ■ | ज | ■ | ७ त | र | का | री |
| र | ■ | ८ र | ९ ज | नी | क | र | ■ | र | ■ |
| ■ | १० प | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ११ स्वा | ■ | १२ ऋ |
| १३ प | रि | श्र | म | ■ | १४ आ | ■ | १५ द | र्प | ण |
| ■ | ण | ■ | १६ त | ह | म | त | ■ | ■ | मु |
| १७ प्र | ति | ज्ञा | ■ | ■ | द | ■ | १८ सं | १९ यु | क्त |
| शं | ■ | ■ | २० प्रा | र्थ | नी | २१ य | ■ | व | ■ |
| २२ सा | धा | र | ण | ■ | ■ | २३ दि | वा | क | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## मैं प्रशंसकों की बधाइयों के लिए आभारी हूं: उन्नति

**देहरादून।** ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। भारतीय दल ने कुल 39 पदक जीत पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। इन 39 पदकों में एक पदक उन्नति शर्मा का भी था। उन्नति ने कांस्य पदक जीता। पदक जीतकर स्वदेश लौटीं, उन्नति शर्मा का देहरादून के जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। उन्नति शर्मा ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'मैं बहुत खुश हूं और अपने परिवार व राज्य के लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। मुझे देश भर से लोगों की बधाईयां मिली हैं और मैं सचमुच आभारी हूं। कृपया मुझे अपना समर्थन देते रहें। मेरा सभी के लिए यही संदेश है कि अपने खेल को पूरी लगन और कड़ी मेहनत के साथ खेलते रहें। हार-जीत तो सफर का हिस्सा है। अगर आप ईमानदारी से काम करते रहेंगे और समर्पित रहेंगे, तो एक दिन आप भी इस मुकाम तक पहुंच जाएंगे।



## एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026-27

# दिसम्बर से शुरू हो रहे नए सीजन में भारतीय महिला टीम की होगी वापसी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। भारत की महिला और फ्रांस की पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीमें एफआईएच हॉकी नेशंस कप जीतने के बाद 8 दिसंबर,2026 से शुरू होने वाले 2026-27 के नए सीजन से एफआईएच प्रो हॉकी लीग में लौटेंगी। भारत की पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2025-26 में आठवें स्थान पर रहकर 2026-27 के नए सीजन में खेलने का हक बरकरार रखा है। 2026-27 के नए सीजन में कुल 144 मैच खेले जाएंगे और दुनिया की दिग्गज टीमें एफआईएच प्रो हॉकी लीग खिताब के लिए जद्दोजहद करेंगी। एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026-27 के नए सीजन का का आगाज 8 से 13 दिसंबर, 2026 में अर्जेंटीना में होगा। यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) ने बुधवार को लुसाने ( स्विट्जरलैंड) में की। एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026-27 सीजन के मैच भारत में 13 से 28 फरवरी, 2027 तक होंगे और इसमें भारत व अर्जेंटीना(पुरुष), जर्मनी (पुरुष), ब्रिटेन, स्पेन की टीमें शिरकत करेंगे।

■ भारत में मुकाबले 13 से 28 फरवरी तक होंगे

■ 2026-27 के नए सीजन में कुल 144 मैच खेले जाएंगे



एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा, 'एफआईएच हॉकी प्रो लीग में अब तक बेहतरीन हॉकी की बानगी देखने को मिलती रही है। इसमें दुनिया के धुरंधर खिलाड़ी अपने अपने देश की हॉकी टीमों के लिए खेलते हैं। मुझे भारतीय महिला हॉकी टीम व फ्रांस की पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच हॉकी प्रो लीग में फिर से स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। भारत और फ्रांस की हॉकी टीमों के एफआईएच प्रो हॉकी लीग में लौटने से इस सीजन का रोमांच और बढ़ जाएगा। एफआईएच की ओर मैं राष्ट्रीय हॉकी संघों, हॉकी खिलाड़ियों,मेजबान, व्यावसायिक भागीदार,प्रसारकों और हॉकी प्रशंसकों का आभार जताता हूं, जिन्होंने एफआईएच प्रो हॉकी लीग को वास्तव में 'बेहतरीन हॉकी खिलाड़ियों की लीग' बनाने के लिए लगातार योगदान दिया है। हमारे एथलीट, नेशनल एसोसिएशन, मेजबान, कमर्शियल पार्टनर, ब्रॉडकास्टर और फ़ैन्स का शुक्रिया, जिन्होंने प्रो लीग को सच में 'बेहतरीन खिलाड़ियों की लीग' बनाने के लिए लगातार अपना योगदान दिया है। मैं अग्रिम रूप से ही आने वाले एफआईएच प्रो हॉकी लीग सीजन के लिए इसमें शिरकत करने जा रही जा रही सभी टीमों को इसमें कामयाब होने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026-27 के नए सीजन का आगा 8 से 13 दिसंबर, 2026 में अर्जेंटीना में होगा और इसमें अर्जेंटीना और चीन की महिला टीमें और ब्रिटेन और फ्रांस की पुरुष टीमें शिरकत करेंगी। इसके नए सीजन के शुरुआती मैच एक और नए बेहद प्रतिस्पर्द्धी सीजन की नींव रख देंगे और हर अंक एफआईएच प्रो हॉकी लीग खिताब के लिए अहम होगा। इसमें दुनिया के हॉकी के मुरीद ओलंपिक, विश्व कप और महाद्वीपीय हॉकी चैंपियनों के बीच तेज रफ्तार हॉकी मैचों,गजब की हॉकी कलाकारी और दिलचस्प मुकाबलों की आस कर सकते हैं। भारत की महिला और फ्रांस की पुरुष हॉकी टीमों ने एफआईएच हॉकी नेशंस कप खिताब जीत कर एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026-27 के नए सीजन में फिर से खेलने का अधिकार पाया है। भारत की महिला और फ्रांस की पुरुष हॉकी टीमें एक बार फिर दुनिया की बेहतरीन टीमों के खिलाफ खेलेंगी और इस 'बेहतरीन टीमों की लीग' में नई उम्मीदों, रोमांचक हॉकी मैचों की नई कहानी लिखने के इरादे से उतरेंगी। भारत की महिला और फ्रांस की पुरुष हॉकी टीमों की वापसी से पहले से ही बेहद प्रतिस्पर्धी दुनिया की इस मजबूत एफआईएच प्रो हॉकी में और मजबूती आएगी और दुनिया हॉकी के और रोमांचक हॉकी मुकाबलों की बानगी देख सकेगी।

### एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026-27 सीजन में शिरकत करने वाली टीमों के मैचों के स्थान व तारीखें

- **अर्जेंटीना, स्थान अभी तय होना है (8 से 13 दिसंबर, 2026)** : अर्जेंटीना और चीन( महिला टीमें) और ब्रिटेन और फ्रांस की पुरुष टीमें ।
- **स्पेन ,वेलेंशिया(14 से 22 दिसंबर, 2026)** : स्पेन, बेल्जियम, जर्मनी,नीदरलैंड।
- **अर्जेंटीना स्थान अभी तय होना है (9 से 14 फरवरी, 2027):** अर्जेंटीना (महिला), भारत(महिला) और जर्मनी (महिला) टीमें।
- **भारत , स्थान अभी तय होना (13 से 28 फरवरी, 2027):** भारत व अर्जेंटीना (पुरुष), जर्मनी (पुरुष), ब्रिटेन, स्पेन।
- **ऑस्ट्रेलिया , गोल्ड कोस्ट (13 से 21 फरवरी, 2027)** : ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम व चीन की महिला टीमें, फ्रांस (पुरुष), नीदरलैंड।
- **बेल्जियम, वर्वे((12 से 27 जून, 2027)** : बेल्जियम, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, चीन (महिला टीमें), ब्रिटेन, भारत और स्पेन ।
- **जर्मनी, बर्लिन व स्थान अभी तय होना ((12 से 27 जून, 2027):** जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, चीन (महिला टीमें), ब्रिटेन, भारत और फ्रांस (पुरुष टीमें)।
- **नीदरलैंड, स्थान अभी तय होना (15 से 27 जून, 2027)** : नीदरलैंड, अर्जेंटीना, ब्रिटेन, भारत और स्पेन।

# मैं भारत को फिर हॉकी विश्व चैम्पियन बनाने की कोशिश करुंगा : मोहित

## गोलरक्षक पीआर श्रीजेश से बतौर गोलरक्षक हमने बहुत कुछ सीखा

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। कर्नाटक के गोलरक्षक एचएस मोहित का मात्र 24 बरस की उम्र में भारत के लिए पहला हॉकी विश्व कप में खेलने का सपना पूरा होने जा रहा है।

एचएस मोहित अनुभवी सूरज करकेरा के साथ 15 से 30 अगस्त तक एफआईएच बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम में चुने गए दो गोलरक्षकों में से एक हैं। मोहित भले ही सूरज जितने अनुभवी गोलरक्षक नहीं हैं लेकिन उन्होंने बतौर के रूप में अपनी मुस्तैदी से हर किसी को प्रभावित किया है। मोहित ने अपने जीवट और बहादुरी से राष्ट्रीय हॉकी चयनकर्ताओं को प्रभावित कर भारतीय टीम में चुनने को मजबूर किया। मोहित भारत के लिए हॉकी विश्व कप में खेलने के लिए मिले मौके को भुनाने को तैयार हैं। भारत ने अब तक केवल 1975 में अशोक कुमार सिंह के निर्णायक गोल से पाकिस्तान को 1975 में हॉकी विश्व कप फाइनल में 2-1 से हरा कर मात्र एक बार खिताब जीता है। भारत ने एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2025-26 में अपना अभियान नीदरलैंड



नीदरलैंड और जर्मनी को एफआईएच प्रो लीग में हराने से हमें बहुत आत्मविश्वास मिला है : मोहित

,जमनी और इंग्लैंड पर यादगार जीत के साथ खत्म किया और इससे वह एफआईएच हॉकी विश्व कप में बुलंद हौसले से उतरेगा। भारतीय टीम की हॉकी विश्व की तैयारियों की बाबत मोहित ने कहा, 'नीदरलैंड और जर्मनी को एफआईएच प्रो लीग में हराने से हमें बहुत आत्मविश्वास मिला है। मुझे लगता है कि विश्व कप में हम उम्मीद के मुताबिक तैयार हैं। निजी तौर पर मेरा लक्ष्य भारत के लिए मैदान पर उतर पूरी शिद्दत से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। मेरी सोच हमेशा ही भारत के लिए बड़े टूर्नामेंट में बतौर गोलरक्षक नुमाइंदगी करने की थी। जब मैं भारत के लिए जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में खेला था तब हम पदक नहीं जीत पाए और चौथे स्थान पर है। तभी से मेरा सपना भारत के लिए कुछ बड़ा करने का था। मुझे इससे पहले इससे बड़ा मौका नहीं मिला है। मैं भारत को एक बार फिर हॉकी विश्व चैंपियन बनाने की कोशिश करूंगा।' मोहित संयोग से ही गोलरक्षक बन गए। मोहित की बतौर हॉकी खिलाड़ी स्कूल में यात्रा संयोग से शुरू हुई। मोहित चूंकि खासे लंबे कद के थे और उनकी स्कूल टीम में कोई गोलरक्षक उपलब्ध नहीं था तो तो उनके कोच का मानना था कि अपनी लंबे के चलते वह गोल स्तंभ की बहुत मुस्तैदी से हिफाजत कर सकते हैं तो उन्हें टीम का गोलरक्षक बना दिया गया। संयोग से मोहित को बतौर गोलरक्षक मिला मौका जल्द ही शानदार करियर में बदल गया। तब से सीनियर भारतीय हॉकी टीम में बतौर गोलरक्षक चुने जाने से पहले मोहित ने भारत की जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में नुमाइंदगी की।

# दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेने के लिए श्रीलंका पहुंची टीम इंडिया

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेने के लिए शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम श्रीलंका पहुंच गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर टीम इंडिया का वीडियो शेयर किया है। बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में टीम इंडिया पहले भारत से श्रीलंका के लिए रवाना होती हुई नजर आ रही है। वीडियो में कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव समेत बाकी खिलाड़ी नजर आ रहे हैं। इसके बाद वीडियो में भारतीय टीम श्रीलंका पहुंचते हुए भी दिख रही है, जहां वह एयरपोर्ट से बस में रवाना होती हुई नजर आ रही है। इस यात्रा के दौरान भारतीय खिलाड़ी जमकर मस्ती करते हुए भी दिख रहे हैं। ध्रुव जुरेल फोटोग्राफी करते हुए नजर आ रहे हैं।भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 15 अगस्त से होना है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में



■ भारत-श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 15 अगस्त से होगा शुरू

खेला जाना है। इसके बाद दूसरे टेस्ट मैच की शुरुआत 23 अगस्त से होनी है, जिसकी मेजबानी कोलंबो का सिंहली स्पोर्ट्स क्लब का मैदान करेगा। सीरीज के आगाज से पहले टीम इंडिया तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेलेगी, जिसका आगाज 7 अगस्त से होना है। टेस्ट सीरीज के आगाज से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका है। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट से न उबर पाने के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। बुमराह के स्थान पर जम्मू-कश्मीर के युवा तेज गेंदबाज आकिब नबी को टीम में शामिल किया गया है।

## सार संक्षेप

### ला लीगाः चोट के कारण किके गार्सिया शुरुआती राउंड से बाहर

**मैड्रिड।** नए ला लीगा सीजन के लिए एस्पनयोल की तैयारियों को बड़ा झटका लगा है। अनुभवी स्ट्राइकर किके गार्सिया टेंडन की चोट के कारण सीजन के शुरुआती हफ्तों में नहीं खेल पाएंगे, उन्हें सर्जरी की जरूरत होगी। 36 वर्षीय फॉरवर्ड शनिवार को इंग्लिश चैंपियनशिप टीम मिडिल्सब्रा के खिलाफ एस्पनयोल के प्री-सीजन फ्रेंडली मैच के दौरान चोटिल हुए थे। इंग्लिश क्लब के लिए खेल चुके गार्सिया को सिर्फ 18 मिनट में ही मैदान छोड़ना पड़ा और उनके स्थान पर सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी उतारा गया। जब टीम बार्सिलोना लौटी, तो मेडिकल जांच में गार्सिया के दाहिने पैर में टेंडन डैमेज की पुष्टि हुई। इस चोट ने नए सीजन से पहले कोच मनोलो गोंजालेज को बड़ा झटका दिया है। बुधवार को गार्सिया की सर्जरी होगी, जिसकी पुष्टि 'एस्पनयोल' ने की है। हालांकि, क्लब ने उनके ठीक होने के लिए कोई आधिकारिक समय-सीमा नहीं बताई है, लेकिन स्पेनिश मीडिया की रिपोर्ट्स से संकेत मिलता है कि अनुभवी स्ट्राइकर के कम से कम दो महीने तक बाहर रहने की उम्मीद है, जिससे वे ला लीगा सीजन के शुरुआती चरण से बाहर हो जाएंगे।

### कोलो कोलो फुटबॉल क्लब से आधिकारिक तौर पर जुड़े वोजिन्हा

**सैंटियागो।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में केप वर्डे के लिए बतौर गोलकीपर यादगार प्रदर्शन करने वाले गोलकीपर वोजिन्हा आधिकारिक तौर पर चिली के क्लब कोलो कोलो से जुड़ गए हैं। क्लब में शामिल होने पर वोजिन्हा का भव्य स्वागत हुआ। वोजिन्हा को फैंस ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 का बेस्ट गोलकीपर चुना था। वह अपने प्रदर्शन के कारण जमकर सुर्खियां बटोरने में सफल रहे थे। जून में पुर्तगाली सेकंड-डिवीजन टीम चावेस से अलग होने के बाद वोजिन्हा एक फ्री एजेंट के तौर पर आए थे। 40 साल के वोजिन्हा ने कोलो कोलो के सैंटियागो हेडक्वार्टर में पेपरवर्क पूरा करने से पहले एक मेडिकल टेस्ट पास किया। कोलो कोलो में उनके आने की घोषणा जुलाई में की गई थी, लेकिन वीजा की समस्या और निजी दिक्कतों की वजह से उनके क्लब से जुड़ने में देरी हुई। सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, 40 साल के वोजिन्हा, जिनका पूरा नाम जोसिमार जोस एवोरा डायस है, को सैंटियागो के मोन्यूमेंटल डेविड अरेलानो स्टेडियम में दर्जनों मीडिया प्रतिनिधित्व के सामने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पेश किया गया।

### द हंड्रेडः मैनचेस्टर सुपर जायंट्स के कप्तान बने बटलर

**मैनचेस्टर।** 'द हंड्रेड 2026' के मौजूदा सीजन के बीच मैनचेस्टर सुपर जायंट्स (एमएसजी) को एक झटका लगा है। टीम के कप्तान एडेन मार्करम निजी कारणों से टूर्नामेंट को बीच में ही छोड़कर घर लौट गए हैं। उनके स्थान पर माइकल ब्रेसवेल को टीम में शामिल किया गया, जबकि कप्तानी का जिम्मा जोस बटलर को मिला है। 'क्रिकइन्फो' की रिपोर्ट के अनुसार, एडेन मार्करम 'द हंड्रेड 2026' के शेष मैच नहीं खेल सकेंगे। मार्करम निजी कारणों के चलते इंग्लैंड में जारी टूर्नामेंट के बीच में ही साउथ अफ्रीका लौट गए हैं। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'मैनचेस्टर सुपर जायंट्स पुष्टि कर सकती है कि पुरुष टीम के कप्तान एडेन मार्करम निजी कारणों से साउथ अफ्रीका लौट गए हैं। सुपर जायंट्स में हर कोई इस समय एडेन को शुभकामनाएं देता है और इस साल की प्रतियोगिता के दौरान टीम में उनके योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद देता है। ' एडेन मार्करम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), एसए20 और द हंड्रेड में सुपर जायंट्स फ्रेंचाइजी की तीनों टीमों का हिस्सा हैं। मार्करम ने द हंड्रेड में अब तक कुल 5 मैच खेले हैं, जिसमें 23.40 की औसत के साथ 117 रन बनाए।

# गोल्फः दीक्षा डागर लंदन चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी

**लंदन,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। दीक्षा डागर 2 मिलियन डॉलर की लंदन चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की



■ दीक्षा के अलावा 120 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे

अगुवाई करेंगी। हर्टफोर्डशायर के सेंचुरियन क्लब में 6-9 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट के साथ लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) का यूनाइटेड किंगडम लेग अपने आखिरी हफ्ते में प्रवेश कर रहा है। दीक्षा के साथ 120 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने जा रहे हैं, जिनमें अदिति अशोक, प्रणवी उर्स और रूकी (नए खिलाड़ी) अवनि प्रशांत भी शामिल हैं। चारों खिलाड़ी एलईटी सीजन के आखिरी दौर में अपनी लय बनाए रखने की कोशिश करेंगी। दीक्षा दो बार एलईटी खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। वह 2026 में टूर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक रही हैं। पिछले हफ्ते एआईजी विमेंस ओपन में कट से बाहर होने के बावजूद, दीक्षा 'एलईटी रेस टू कोस्टा डेल सोल' स्टैंडिंग में आठवें स्थान पर हैं। वह फिलहाल सबसे ऊंची रैंकिंग वाली भारतीय हैं। दीक्षा अपने तीसरे एलईटी खिताब की तलाश में हैं। साल 2023 में टॉप-3 में रहने वालीं दीक्षा 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' पर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को और बेहतर बनाना चाहती हैं। पांच बार की एलईटी चैंपियन अदिति अशोक जानी-पहचानी जगह पर वापसी कर रही हैं। हालांकि, इस सीजन में वह अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नजर नहीं आ सकी हैं, लेकिन भारतीय स्टार उस निरंतरता को फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगी।

# वेस्ट दिल्ली लायंस ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को 5 विकेट से हराया

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। मयंक गोसाई (3/13 व अविजित 19 रन) के हरफनमौला खेल और कप्तान आयुष दुसेजा की 44 रन की पारी की बदौलत वेस्ट दिल्ली लायंस ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) टी 20 क्रिकेट लीग मैच में मंगलवार देर रात पांच विकेट से हरा कर तीन मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान (26 रन, 15 गेंद,एक छक्का, चार चौके), प्रांशु विजरन (26 रन, 23 गेंद, एक छक्का, तीन चौके) और विसन पांचाल (24 रन, 12 गेंद, दो छक्के व दो चौके) की उपयोगी पारियों के बावजूद एक समय पांच विकेट 12 ओवर में 98 रन पर गंवाने वाली बराबर लड़खड़ाती साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर 19.5 ओवर मे 160 रन पर सिमट गई। वेस्ट दिल्ली लॉयंस की ओर से तेज गेंदबाज मयंक गुंसाई(3/13), कुलवंत खेजरोलिया(2/31), ऑफ स्पिनर शुभम दुबे (2/32), मनन भारद्वाज (2/34) और नीतिश राणा ने एक इकाई के रूप में बेहतरीन गेंदबाजी की। कृष यादव (41 रन, 36 गेंद, एक छक्का, तीन चौके)की नीतिश राणा (32 रन,25 गेंद, एक छक्का, पांच चौके) के साथ चौथे विकेट की 58 और

■ वेस्ट दिल्ली लायंस ने तीन मैचों में दूसरी जीत दर्ज की

दिल्ली प्रीमियर लीग-टी 20



कप्तान आयुष दुसेजा(44 रन,27 गेंद, एक छक्का, सात चौके) व मयंक गुसांई (अविजित 19 रन,10 गेंद, एक छक्का, दो चौके) की पांचवीं विकेट की 38 रन की भागीदारी की बदौलत वेस्ट दिल्ली लायंस ने 18.1 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाकर मैच जीत लिया।

**हमने योजना को अमली जामा पहनाया : दुसेजा**

अपनी वेस्ट दिल्ली लायंस की जीत पर कप्तान आयुष दुसेजा ने कहा, 'हमने पूरे मैच में सकारात्मक सोच रही और अपनी योजना को अमला जामा पहनाया। हमारे लिए यह बहुत अहम जीत है। पिछले मैच मे हार के बाद हम वापसी करना चाहते थे । बतौर कप्तान मैं अपनी टीम के खेल से बहुत खुश हूं। मयंक गोसाई ने गजब की गेंदबाजी की और खासे सक्षम हरफनमौला खिलाड़ी हैं। मयंक का टी 20 मैच में चार ओवर में मात्र 13 रन देकर चार ओवर में तीन विकेट चटकाना हमारी इस जीत में निर्णायक साबित हुआ। मयंक ने अपनी गेंदबाजी से मैच की तस्वीर ही बदल दी और वाकई मैन ऑफ द' मैच के हकदार थे। हमारे लिए दबाव में स्थितियों का आकलन कर धैर्य बनाए रखना अहम था।

**किस्मत हम पर मेहरबान थी : मोनू शुक्ला**

मोनू शुक्ला की 17 गेंदों पर 45 रन की तूफानी पारी से मैच को टाई कराने के बाद सुपर ओवर में तेज पारी खेल कर आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने बारिश से प्रभावित मैच में नई दिल्ली टाइगर्स पर रोमांचक जीत दर्ज की। मोनू ने अपनी टीम आउटर दिल्ली वॉरियर्स की इस रोमांचक जीत पर कहा,'हमारी टीम के लिए इस सीजन की पहली जीत दर्ज करना एक बेहतरीन अहसास है।

# सिनसिनाटी ओपन में हिस्सा नहीं लेंगे अल्काराज

## पिछले सीजन में अल्काराज ने फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया था



अल्काराज एटीपी रैंकिंग में विश्व के नंबर 2 खिलाड़ी है

**ओहायो,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व के नंबर 2 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सिनसिनाटी ओपन में हिस्सा नहीं लेंगे। स्पेन का यह खिलाड़ी अपनी कलाई की चोट से उबरने में नाकाम रहा है, जिसके चलते उन्होंने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। टूर्नामेंट के आयोजक ने बुधवार को अल्काराज के टूर्नामेंट से हटने की पुष्टि की। उन्होंने बताया, 'कार्लोस अल्काराज सिनसिनाटी ओपन से हट गए हैं। हमारे 2025 के चैंपियन को ठीक होने के लिए शुभकामनाएं। अगले साल आपका स्वागत करने का इंतजार नहीं कर सकते।' अल्काराज ने आखिरी बार अप्रैल में बार्सिलोना ओपन टूर्नामेंट खेला था। उससे ठीक पहले, अप्रैल की शुरुआत में ही वो मोंटे-कार्लो मास्टर्स के फाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के अनुसार, 23 साल के अल्काराज का इस सीजन में 22-3 का रिकॉर्ड है, और वह एटीपी रैंकिंग में विश्व के नंबर 2 खिलाड़ी हैं। अल्काराज ने अपने सीजन की शानदार शुरुआत की थी और ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। मेलबर्न की ट्रॉफी ही आखिरी बड़ी ट्रॉफी थी जो उनके पास नहीं थी। सिनसिनाटी ओपन का मेन ड्रॉ 13 अगस्त से शुरू होगा और 23 अगस्त तक चलेगा। मई में दुनिया के नंबर 2 खिलाड़ी ने विंबलडन और क्वीन्स क्लब चैंपियनशिप दोनों से नाम वापस ले लिया था, क्योंकि वह अपनी दाहिनी कलाई की लगातार चोट से ठीक हो रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने रोम में हुए इटैलियन ओपन और फ्रेंच ओपन में भी हिस्सा नहीं लिया था। पिछले सीजन अल्काराज ने जानिक सिनर को फाइनल में हराकर फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया था। इस साल की शुरुआत में लॉरियस अवार्ड्स में अल्काराज को 'स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला था।

# बारिश के चलते आयरलैंड-अफगानिस्तान के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच रद्द

**नॉर्दन आयरलैंड,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। आयरलैंड और अफगानिस्तान के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच बारिश के चलते रद्द हो गया। बुधवार को खराब मौसम के कारण ब्रेडी क्रिकेट क्लब में टॉस तक नहीं हो सका। यहां सुबह से बारिश जारी रही। इसके बाद भारतीय समय के अनुसार शाम 4:27 पर बारिश रुकी और ग्राउंड स्टाफ धीरे-धीरे कवर हटाते नजर आए, लेकिन कुछ देर बाद फिर से बारिश ने फैंस को निराश कर दिया। काफी इंतजार के बाद भी जब मौसम साफ नहीं हो पाया, तो आखिरकार मैच रद्द करने का फैसला लिया गया। सीरीज का दूसरा मुकाबला इसी मैदान पर 7 अगस्त को खेला जाना है। उम्मीद है कि



उस मैच में बारिश फैंस का मजा किरकिरा नहीं करेगी। इस सीरीज का तीसरा, चौथा और पांचवां मैच बेलफास्ट स्थित सिविल सर्विस क्रिकेट क्लब में आयोजित होगा। आयरलैंड और अफगानिस्तान के बीच वनडे इतिहास में साल 2010 से अब तक कुल 33 मैच आयोजित हुए हैं, जिसमें 18 मैच अफगानिस्तान के पक्ष में रहे, जबकि 13 मुकाबले आयरलैंड ने जीते। इनके अलावा, 2 मुकाबले बेनतीजा रहे हैं।

# अर्थ जगत

**आरबीआई ने आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया, महंगाई का घटाया**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान मामूली बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया। वहीं खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान भी मामूली घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी उथल-पुथल का घरेलू आर्थिक गतिविधियों पर भी कुछ असर पड़ सकता है।



## सोने में 4,021 रुपये तक की बढ़त

# चांदी की कीमतों में 6,510 रुपये की तेजी

*__नई दिल्ली।__ बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखी जा रही है। हफ्ते के तीसरे दिन जहां सोने के भाव में लगभग 2 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिल रही है, तो वहीं दूसरी तरफ चांदी की कीमतें 2 प्रतिशत से भी ज्यादा की तेजी के साथ कारोबार कर रही है। बताते चलें कि सोने और चांदी के भाव में कल भी शानदार तेजी देखने को मिली थी।*

**सोने के भाव में 2 प्रतिशत तक की तेजी**-बुधवार को सुबह लगभग 11.19 बजे, 5 अक्टूबर की डिलीवरी वाला सोना 2114 रुपये (1.47 प्रतिशत) की बंपर तेजी के साथ 1,46,413 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा था। आज सोने ने 512 रुपये की बढ़त लेकर 1,44,811 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार शुरू किया था, खबर लिखे जाने तक, सोने का भाव 4021 की बढ़त लेकर 1,48,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के इंट्राडे हाई से लेकर 1,44,811 रुपये प्रति 10 ग्राम के इंट्राडे लो तक पहुंच चुका था। यानी, कल के बंद भाव की तुलना में आज सोने की कीमतें 4,021 रुपये तक बढ़ चुकी हैं।



सोने की तुलना में आज चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। बुधवार को 4 सितंबर की डिलीवरी वाली चांदी की कीमत 4490 रुपये (2.03 प्रतिशत) की जोरदार तेजी के साथ 2,26,105 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर कारोबार कर रही थी। आज चांदी ने 2384 रुपये की शानदार तेजी के साथ 2,23,999 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर कारोबार शुरू किया था, जो मंगलवार को 2,21,615 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी। खबर लिखे जाने तक, चांदी का भाव 2,26,543 रुपये प्रति किलोग्राम के इंट्राडे हाई से लेकर 2,23,244 रुपये प्रति किलोग्राम के इंट्राडे लो तक पहुंच चुका था। अंत में कारोबार के दौरान चांदी 6510 रूपए की बढ़त लेकर 228400 रूपए के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। कल के बंद भाव की तुलना में आज चांदी का भाव 4,928 रुपये तक बढ़ चुका है।

**कल सर्राफा बाजार में कैसा रहा था कारोबार**-मंगलवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई थी, जबकि चांदी के भाव बिना किसी बदलाव के स्थिर रहे। अखिल भारतीय सर्राफा संघ द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 100 रुपये चढ़कर 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। जबकि, चांदी की कीमतें बिना किसी बदलाव के 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं

# एलपीजी सिलेंडर पर सरकार जल्द वसूल सकती है नया शुल्क

## रसोई गैस और नेचुरल गैस का बनेगा रिजर्व

*__नई दिल्ली।__ एलपीजी और पाइप्ड नेचुरल गैस का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं के लिए आने वाले समय में अतिरिक्त शुल्क लग सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार रणनीतिक ईंधन भंडारण योजना के लिए करीब 42 अरब डॉलर (लगभग 3.99 लाख करोड़ रुपए) जुटाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। हालांकि, सरकार की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।*

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव के तहत एलपीजी और प्राकृतिक गैस उपभोक्ताओं से मामूली शुल्क लिया जा सकता है। इस राशि का उपयोग देश में एलपीजी, एलएनजी और अन्य ईंधन के रणनीतिक भंडारण ढांचे को विकसित करने के लिए किया जाएगा। यदि इस योजना को मंजूरी मिलती है, तो पहली बार भारत का रणनीतिक ईंधन भंडार कार्यक्रम कच्चे तेल के साथ-साथ एलपीजी और एलएनजी को भी शामिल करेगा।

**कितनी हो सकती है बढ़ोतरी** - मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पेट्रोलियम मंत्रालय एलपीजी पर 1.29 रुपए प्रति किलोग्राम शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है। इससे 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में करीब 18 रुपए की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, प्राकृतिक गैस पर 1.43 रुपए प्रति मानक घन मीटर शुल्क का भी प्रस्ताव बताया गया है। इन दोनों शुल्कों से हर साल करीब 1.5 अरब डॉलर जुटाए जाने का अनुमान है।

**42 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान** -रिपोर्ट के अनुसार, अगले 10 वर्षों में इस रणनीतिक भंडारण कार्यक्रम पर लगभग 42 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान है। इसमें भंडारण इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के साथ-साथ ईंधन का रणनीतिक स्टॉक तैयार करने पर भी खर्च किया जाएगा। कच्चे तेल के रणनीतिक भंडार पर होने वाला खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी, जबकि एलपीजी और प्राकृतिक गैस के भंडारण ढांचे के लिए प्रस्तावित



शुल्क से राशि जुटाई जा सकती है। यह प्रस्ताव पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और भारत की आयातित ऊर्जा पर निर्भरता को देखते हुए तैयार किया गया है। फिलहाल यह विभिन्न मंत्रालयों के स्तर पर विचाराधीन है और इसे अभी प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी नहीं मिली है। इसलिए किसी भी शुल्क को लेकर अंतिम फैसला होना अभी बाकी है।

# दो दिवसीय नेशनल गारमेंट एक्सपो 8 से



*__जबलपुर, देशबन्धु।__ जबलपुर गारमेंट एंड फैशन डिजाइन क्लस्टर एसोसिएशन परिसर में 8 एंव 9 अगस्त को नेशनल गारमेंट एक्स्पो लगने जा रहा है। पत्रवार्ता में जबलपुर गारमेंट एंड फैशन डिजाइन क्लस्टर के प्रबंध संचालक दीपक जैन ने बताया कि एक्स्पो में प्रदेश एंव अन्य प्रदेशों से लगभग 700 से 800 व्यापारिक प्रतिनिधियों की आने की संभावना है।*

जबलपुर गारमेंट एंड फैशन डिजाइन क्लस्टर एसोसिएशन महाकौशल के जबलपुर शहर में शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना है। जो कि लगभग 8.5 एकड़ में निर्मित है, जिसमें 200 इकाईयों कार्यरत है हमारे क्लस्टर में मुख्य रूप से शर्ट्स, लोवर कुर्ता-पेजामा शेरवानी वेडिंग सूट्स फॉरमल सूटस पेंट सलवार सूट, कोर्ड सेट, प्लाजो, स्कूल, कॉरपर गंध स्पोट यूनिफार्मका निर्माण कार्य होता है। जो देश के विभिन्न हिस्सों में निर्यात किया जाता है। जबलु का रेडीमेड उद्योग देश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। नेशनल गारमेंट एक्स्पो फेयर लगाने का उद्देश्य नगर, स्वंय के प्रदेश, एंव दूसरे प्रदेशों में जबलपुर के रेडीमेड उत्पादों का प्रचार-प्रसार करना है। जिससे क्लस्टर के व्यवसायियों को व्यवसायिक प्लेटफार्म मिल सके एंव इकाईधारकों की सहज सुलभ अप्रोच व्यापारियों से बन सके। नेशनल गामेंट एक्स्पो फेयर में रात 8.00 से 10.00 बजे तक व्यापारियों और इकाईधारकों के मनोरंजन के लिये म्यूजिकल नाइट का प्रोग्राम भी रखा गया है साथ ही सभी व्यापारियों के लच की व्यवस्था रखी गई है। फेयर में कुछ बैंकों के भी स्टॉल रूप में सहभागिता है जो फेयर में आये व्यापारियों को अपनी योजनाओं के विषय में जानकारी देंगे ।

# रेपो दर को बरकरार रखना संतुलित कदम, आवास क्षेत्र में मांग,निवेश को मिलेगा समर्थन-रियल एस्टेट

*__नई दिल्ली।__ जमीन, मकान के विकास से जुड़ी कंपनियों तथा विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ब्याज दरों में स्थिरता से घर खरीदारों तथा डेवलपर का भरोसा बढ़ेगा, आवास की मांग को समर्थन मिलेगा और क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि को गति मिलेगी। आरबीआई ने वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितता के बीच महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए नीतिगत दर रेपो को उम्मीद के मुताबिक बुधवार को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा।*

रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा, मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच, आरबीआई का नीतिगत दर रेपो को यथावत रखना एक संतुलित फैसला है। इस समय रियल एस्टेट क्षेत्र की नीति में स्थिरता की जरूरत थी और केंद्रीय बैंक के इस कदम से डेवलपर और घर खरीदने वालों, दोनों का भरोसा बढ़ेगा। उम्मीद है कि ब्याज दरों में स्थिरता से घरों की मांग बनी रहेगी और क्षेत्र में तेजी जारी रहेगी।

कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर कायम रखने का आरबीआई का फैसला रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए स्थिरता और भरोसा लेकर आया है। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच यथास्थिति बनाए रखने का निर्णय विश्वास और नीतिगत निरंतरता का सकारात्मक संकेत देता है। ब्याज दरों का स्थिर माहौल डेवलपर और खरीदारों, दोनों को अधिक निश्चितता के साथ अपनी योजनाएं बनाने में मदद करता है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, महंगाई पर मुख्य रूप से आपूर्ति पक्ष के दबाव और जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच नीतिगत दरों को यथावत रखने का निर्णय आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के साथ-साथ वैश्विक और घरेलू स्तर पर उभरते जोखिमों पर सतर्क नजर बनाए रखने के केंद्रीय बैंक के संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा, आरबीआई का फैसला ऐसे समय में एक संतुलित और दूरदर्शी कदम है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और बाहरी चुनौतियों का सामना कर रही है।

# कच्चे तेल बाजार में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की कोशिशों में प्रगति की खबरों के बाद बुधवार को कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड दोनों करीब तीन हफ्ते के सबसे निचले स्तर पर आ गए। ब्रेंट क्रूड लगभग 5 फीसदी टूटकर 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया। वहीं अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 5 फीसदी से ज्यादा गिरकर 75 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 95. 34 |
| एक यूरो | 109. 58 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 128. 83 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 66. 73 |
| एक जापानी येन | 0· 60 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सतना बाजार भाव

### सराफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सोना फाइन | 1,29,900 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| सोना जेवर | 1,22000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी जेवर | 2000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी फाइन | 210000 रु. | प्रति किलो |

### दाल- किराना भाव

- भाव प्रति किलो -

अरहर ऊंची 110 अरहर मीडियम 100, उड़द ऊंची 110, उड़द धुली 115, मूंग खड़ी 100, मूंग धुली -110, चना 80-90, मसूर खड़ी 80, मसूर दाल 85-90

- भाव प्रतिकिलो -

धनियां खड़ी 100, धनियां पिसी 185, जीरा ऊंचा 270, जीरा मीडियम 260, हल्दी खड़ी 150, हल्दी पिसी 250, मूंगफली ऊंची 140, मूंगफली मीडियम 120, लाल मिर्च खड़ा 180, लाल मिर्च पिसी 280, जायफल-850, जावित्री-2400, तेज पत्ता-100, चैली-240, राई-120,

### लोहा वाला ट्रेडर्स

प्रो. हरिशंकर तिवारी मो.नं. 7049440762

- भाव प्रति किलो -

रायपुर- 8 एमएम -49.50, 10 एमएम -48.00, 12 एमएम -47.50, 16 एमएम -47.50

कामधेनू- 8 एमएम -54.50, 10 एमएम -53.00, 12 एमएम -52.50, 16 एमएम -52.50

# उतार-चढ़ाव भरे सत्र में सेंसेक्स 152 अंक बढ़कर बंद



*__मुंबई।__ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लगातार चौथी बार प्रमुख नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखने के बाद बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे सत्र में बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 152 अंक बढ़कर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 152.05 अंक या 0.19 प्रतिशत बढ़कर 78,581 पर बंद हुआ। इसके 17 शेयरों में बढ़त, 12 में गिरावट और एक शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ। सूचकांक की शुरुआत तेजी के साथ हुई और सत्र के पहले भाग में इसने 79,055.38 का दिन का उच्चतम स्तर छुआ।*

## सत्र के पहले भाग में 79,055.38 का दिन का उच्चतम स्तर छुआ

हालांकि, दोपहर बाद के सत्र में सूचकांक में गिरावट आई और यह 769.64 अंक गिरकर 78,285.74 के निचले स्तर पर पहुंच गया। सत्र के समापन से पहले ब्लूचिप बैंकिंग, ऑटो और पूंजीगत सामान शेयरों में आई तेजी ने सूचकांक को नुकसान से उबरने में मदद की। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 9.75 अंक या 0.04 प्रतिशत बढ़कर 24,624.65 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान इसने 24,677.60 का उच्च स्तर और 24,497.95 का निम्न स्तर छुआ।

# इलेक्ट्रिक वाहन सेक्टर में रोजगार की बंपर बहार

## 2030 तक 4 करोड़ नौकरियों का अनुमान




*__मुंबई।__ इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग 2030 तक तीन से चार करोड़ नौकरियां पैदा कर सकता है। इस दौरान इंजीनियरिंग, ऊर्जा प्रणालियों और बैटरी प्रौद्योगिकियों में विशेष प्रतिभा की बढ़ती मांग के चलते नियुक्तियों में सालाना 15-20 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है।*

मानव संसाधन कंपनी एडेको इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया वाहनों और सार्वजनिक परिवहन में ईवी को अपनाने में तेजी आ रही है, इसलिए भारत का ईवी उद्योग अपने सबसे अधिक रोजगार-गहन चरण में प्रवेश कर रहा है। इसमें आगे कहा गया कि यह खंड वाहन निर्माण के अवसर से विकसित होकर अब एक पूरी तरह से एकीकृत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र बन रहा है। रिपोर्ट कहती है कि ईवी क्षेत्र में 2030 तक तीन से चार करोड़ नौकरियां पैदा होने का अनुमान है, जिसमें 10-15 प्रतिशत प्रत्यक्ष और 85-90 प्रतिशत अप्रत्यक्ष नौकरियां होंगी।

यह रिपोर्ट 100 से अधिक कंपनियों के निष्कर्षों पर आधारित है। इसके मुताबिक, नियुक्तियों में सालाना आधार पर 15-20 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।

# एमडीआर पर फैसला जल्दबाजी होगी, निवेश जरूरी-आरबीआई गवर्नर

*__नई दिल्ली।__ भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल 'इंतजार करें और देखें' का रुख अपनाना उचित होगा। डिजिटल भुगतान से जुड़े कानूनों में सरकार के प्रस्तावित संशोधनों के बाद मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू होने की अटकलों के बीच उन्होंने यह बात कही।*

'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' व्यापारियों से लिया जाने वाला डिजिटल भुगतान शुल्क है। यह वह शुल्क है जो डिजिटल भुगतान प्रसंस्करण करने पर व्यापारी से बैंक या भुगतान सेवा प्रदाता वसूलते हैं। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा के बाद मल्होत्रा ने संवाददाताओं कहा कि डिजिटल भुगतान जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचा में निवेश जरूरी है और इसकी लागत किसी न किसी को उठानी होगी। इसके लिए दो विकल्प हैं। पहला, आम जनता कर के माध्यम से इसकी लागत उठाए। दूसरा, उपयोगकर्ता भुगतान मॉडल (यूजर पे) के तहत 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' लगाया जाए। मल्होत्रा ने कहा, ''फिलहाल सरकार डिजिटल भुगतान से जुड़े कानूनों में संशोधन ला रही है। हमारा ध्यान इस सार्वजनिक




अवसंरचना को और मजबूत तथा अधिक दक्ष बनाने पर है। आगे क्या होगा, इसके लिए इंतजार करना होगा।'' देश में एमडीआर का मुद्दा लंबे समय से चर्चा में है। बैंक और भुगतान उद्योग से जुड़े अन्य पक्ष इसे लागू करने की मांग कर रहे हैं, जबकि सरकार ने अब तक इस पर कोई फैसला नहीं किया है। वहीं यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) जैसे डिजिटल भुगतान मंच का उपयोग लगातार तेजी से बढ़ रहा है। बाजार के कुछ जानकारों का मानना है कि भविष्य में व्यापारी और ग्राहक के बीच एक निश्चित सीमा से अधिक मूल्य के यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लागू किया जा सकता है, जबकि व्यक्तियों के बीच लेनदेन को इससे बाहर रखा जा सकता है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि डिजिटल भुगतान सेवा की लागत किसी न किसी को वहन करनी होगी। उन्होंने कहा कि 'यूजर पे' सिद्धांत के तहत लेनदेन करने वाले व्यापारी या उपयोगकर्ता से एमडीआर के रूप में शुल्क लिया जाता है। हालांकि, यदि एमडीआर नहीं भी लगाया जाता है, तब भी इस व्यवस्था की लागत अंततः आम जनता करों के माध्यम से वहन करती है। मल्होत्रा ने कहा, ''सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें डिजिटल भुगतान अवसंरचना में निवेश जारी रखना है और इसके लिए साधन तलाशने होंगे। वह चाहे एमडीआर के जरये हो या फिर किसी अन्य माध्यम से। इस पर आगे की स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार करना होगा।'' आरबीआई के डिप्टी-गवर्नर रोहित जैन ने कहा कि केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (ई-रुपया) का उपयोग लगातार बढ़ रहा है और आरबीआई बैंकों को इसके नए उपयोग विकसित करने के लिए आग्रह कर रहा है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

# अमकुई के युवक की हत्या : दूसरे दिन भी रहा तनाव का माहौल



## ● एसडीओपी कार्यालय में बैठे रहे ग्रामीण

**सतना, देशबन्धु।** जसो थाना क्षेत्र के ग्राम अमकुई में मंगलवार 4 अगस्त को पुलिस पर हुए पथराव के बाद बुधवार 5 तारीख को प्रशासन चौकन्ना रहा। एहतियात के तौर पर यहां अस्पताल और कलेक्ट्रेट में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। उल्लेखनीय है कि नागौद अनुविभाग के जसो थाना क्षेत्र के ग्राम अमकुई के रहने वाले रामकेश कुशवाहा का 20 वर्षीय इकलौता बेटा अतुल विगत एक तारीख की रात से लापता था। गत दिवस मंगलवार 4 अगस्त को दिन में उसकी लाश दुरेहा ठाढ़ी पाथर जंगल में मिली थी। ऐसी चर्चा है कि गला घोंटकर उसकी हत्या की गई। पुलिस इस मामले में जांच विवेचना कर रही है। बता दें कि बीते दिन लाश मिलने के बाद भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया था। आरोप था कि जसो थाना पुलिस ने पहले तो गुमशुदगी दर्ज करने में टाल-मटोल की, बाद में संदेही से ढंग से पूछताछ भी नहीं की। परिजनों का कहना था कि अतुल आखरी बार गांव के ही श्यामू नामदेव के साथ था, जानकारी देने के बाद भी पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई। माना जा रहा है कि लोगों में पुलिस के खिलाफ जो गुस्सा था, उसी के चलते पत्थर बाजी की घटना हुई।



## कलेक्ट्रेट में तैनात रहा भारी पुलिस बल

**कलेक्ट्रेट में पुलिस का पहरा**

एहतियात के तौर पर यहां अस्पताल एवं कलेक्ट्रेट में पुलिस बल तैनात किया गया था। ऐसी चर्चा थी कि कुछ लोग नागौद एसडीओपी कार्यालय में मौजूद हैं, वे लोग यहां कलेक्ट्रेट भी आ सकते हैं। इस सूचना के मद्देनजर नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, शहर कोतवाली प्रभारी डीएसपी रावेंद्र द्विवेदी एवं नगर निरीक्षक थाना कोलगवां प्रभारी सुदीप सोनी सक्रिय रहे। कलेक्ट्रेट में दोपहर 12 बजे से बल तैनात रहा। शाम करीब 4 बजे जब यह निश्चित हो गया कि परिजन शव लेकर रवाना हो गए हैं, तब नगर पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट में मौजूद पुलिस बल को छोड़ा। इसके पहले उन्होंने पुलिस बल से संवाद करते हुए यह जाना कि कितने लोग इस ड्यूटी में फुल ड्रेस यानि डंडा, हेलमेट, जैकेट के साथ मौजूद थे। बलवा ड्रेस में जो पुलिस कर्मी नहीं थे, उन पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

### प्रयागराज रवाना हुए परिजन

गौरतलब है कि हंगामे के बाद जब पुलिस ने संदेही को पूछतांछ के लिए अपने कब्जे में ले लिया तब बड़ी संख्या में लोग एसडीओपी कार्यालय पहुंच गए। कहते हैं कि उनकी मांग थी कि संदेही से जो भी पूछताछ हो, वो सबके सामने हो। जैसे तैसे लोगों को समझाकर माहौल शांत किया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल सतना भेजा गया। यहां पोस्टमार्टम के बाद शव लेने के लिए लोग तैयार नहीं थे। रात में शव को सुरक्षित रखवाया गया। बुधवार को परिजन शव लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हुए।

# 'चाकू गैंग' कर रही दिनदहाड़े लूट

## ● ट्रक रुकवाकर यूपीआई से वसूले 5 हजार, मोबाइल लूटकर फरार



**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज जिले के सीतापुर क्षेत्र में हाईवे पर दिनदहाड़े हुई कथित लूट की वारदात ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, केला लादकर भुसावल से बनारस जा रहे ट्रक चालक को तीन युवकों ने मोटरसाइकिल से ओवरटेक कर रास्ते में रोक लिया। इसके बाद कथित तौर पर चाकू की नोक पर पहले नकदी की मांग की गई और जब चालक ने पैसे नहीं होने की बात कही तो उसके मोबाइल से यूपीआई स्कैनर के जरिए 5,000 रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। इतना ही नहीं, आरोप है कि बदमाश चालक के भतीजे का मोबाइल फोन भी छीनकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता राजकुमार पटेल निवासी लदबद, जिला सीधी ने पुलिस को बताया कि वह अपने क्लीनर रोहित कुमार पटेल और भतीजे राकेश कुमार पटेल के साथ ट्रक से केला लेकर बनारस जा रहा था। दोपहर करीब 12.30 बजे सीतापुर से आगे महुगड़ा स्थित बल्लू ढाबे के पास तीन युवक मोटरसाइकिल से पहुंचे और ट्रक के सामने बाइक लगाकर उसे रोक दिया। आरोपियों ने कथित तौर पर चाकू दिखाकर पहले 3,000 और फिर जान से मारने की धमकी देकर 2,000 और यूपीआई के माध्यम से अपने स्कैनर पर ट्रांसफर करा लिए। वारदात के बाद आरोपी भतीजे का मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ढाबे पर मौजूद लोगों से पूछताछ करने पर आरोपियों की पहचान सोहित द्विवेदी, अर्पित तिवारी और चंदन सिंह के रूप में की। एएसपी शशिकांत सरयाम ने बताया कि एक आरोपी को पकड़ लिया गया है जबकि दो आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।

## सार-समाचार

### वेयर हाउस में खाद वितरण में अव्यवस्था




**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिले के अंतर्गत आने वाले देवराजनगर स्थित खाद वेयर हाउस में खाद वितरण व्यवस्था पर सवाल उठ रहे। एक तरफ शासन प्रशासन द्वारा खरीफ सीजन के बीच किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के दावे किये जा रहे हैं वहीं ये दावे पूरी तरह से खोखले साबित हो रहे हैं। क्योंकि निर्धारित समय सुबह 10 बजे केन्द्र खुलने का है। लेकिन 11बजे के बाद भी केंद्र का ताला नहीं खुलता, जिससे बड़ी संख्या में किसान बाहर बैठे इंतजार करते रहे है। किसानों ने आरोप लगाया है कि उन्हें जिस कंपनी की खाद की पर्ची कटी गई है। उस कम्पनी की खाद वितरण के समय नहीं दी जा रही, उसके स्थान पर दूसरी कंपनी की खाद दी गई है। इससे किसानों में बेहद नाराजगी देखी गई। किसानों का कहना है कि पर्ची जिस कंपनी की जारी की जाती है, तो उसी कंपनी का खाद भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए था।

### हथियारों की नुमाइश का इंस्टाग्राम में वीडियो वायरल, 8 राउंड की फायरिंग

#### पुलिस ने शुरू की जांच, आरोपी हुये भूमिगत



**रीवा देशबन्धु।** इंस्टाग्राम पर एक युवक का देशी कट्टा लहराते हुए वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह बेखौफ होकर कहता नजर आ रहा है कि ये रीवा है यहां बात-बात में कट्टा चल जाता है इसके बाद उसी अकाउंट से 8 राउंड फायरिंग का वीडियो अपलोड किया गया। जिससे पुलिस की कार्रवाई और कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में दिखाई देने वाला युवक राज उर्फ रॉक, निवासी करहिया है। हालांकि, उसकी पहचान और वीडियो की सत्यता का पुलिस स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है। इतना ही नहीं, इसी इंस्टाग्राम अकाउंट पर सड़क पर जानलेवा स्टंट के कई वीडियो भी अपलोड किए गए हैं। वीडियो में युवक चलती बाइक पर खड़े होकर खतरनाक स्टंट करता नजर आ रहा है। इस दौरान सड़क पर अन्य वाहन भी गुजर रहे हैं, जिससे न केवल उसकी अपनी जान बल्कि राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है।


#### अवैध हथियार बने चुनौती

रीवा में अवैध हथियार लंबे समय से पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। जिले में आए दिन गोलीबारी, हथियारों की बरामदगी और फायरिंग की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन और फायरिंग के वीडियो साझा करना चिंता का विषय बन गया है। सोशल मीडिया के जरिए हथियारों और खतरनाक स्टंट का प्रदर्शन युवाओं में गलत संदेश देता है।

# बरसा मुंडा की प्रतिमा हटाने के दौरान बवाल, वन विभाग की टीम पर पथराव

## अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिले के बदेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सारंग के बहिली गांव में आरक्षित वनभूमि पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर एक बार फिर विवाद बढ़ गया। बुधवार को वन विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। इस दौरान टीम पर पथराव भी हुआ, जिससे कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि, प्रशासन के अनुसार घटना में कोई घायल नहीं हुआ। यह मामला मैहर वनपरिक्षेत्र की जुड़वानी बीट के कक्ष नंबर पी-580 से संबंधित है। वन विभाग का कहना है कि आरक्षित वनभूमि पर प्रतिमा स्थापित कर अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। विभाग ने ग्रामीणों को समझाया कि आरक्षित वनभूमि पर प्रतिमा स्थापना या किसी भी प्रकार का निर्माण नियमानुसार प्रतिबंधित है। समझाइश के दौरान कुछ ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसी बीच वन विभाग की टीम पर पथराव किया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम दिव्या पटेल, सीएसपी महेंद्र सिंह और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस की मौजूदगी में वन विभाग ने प्रतिमा और अन्य निर्माण सामग्री हटाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की।





**केस दर्ज:** यह विवाद पिछले लगभग एक महीने से चर्चा में है। इससे पहले 2 जुलाई को भी वन विभाग ने इसी स्थान से प्रतिमा हटाई थी और दो लोगों के खिलाफ वन अपराध का केस दर्ज किया था। उस कार्रवाई के बाद आदिवासी समाज के लोगों ने वन विभाग कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया था। बाद में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ था। प्रशासन ने बताया कि उस समय संबंधित पक्ष ने लिखित आश्वासन भी दिया गया था कि भविष्य में वनभूमि पर प्रतिमा स्थापित नहीं की जाएगी। सीएसपी महेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि वनभूमि से अतिक्रमण हटा दिया गया है और वर्तमान में स्थिति पूरी तरह शांत और नियंत्रण में है। एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने भी पुष्टि की कि वन विभाग के साथ पुलिस बल अतिक्रमण हटाने पहुंचा था और अब स्थिति सामान्य है

# डम्पर ने छात्रा को मारी टक्कर, हालत गंभीर

## गुस्साए ग्रामीणों डंफर में की तोड़फोड़



**रीवा देशबन्धु।** खनिज माफियाओं का आतंक लगातार जारी है,हालात यह है कि इनके ऊपर ना पुलिस नकेल कस पा रही और नहीं खनिज विभाग जिससे इनके हौसले बुलंद है। ताजा मामला रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के ग्राम भोलगढ से सामने आया है जहा अवैध उत्खनन लोड कर आ रहे तेज रफ्तार हाईवे ने कपूरी रोड के पास 13 वर्षीय छात्रा को जोरदार टक्कर मार दिया।

घटना के दौरान छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए रीवा से जबलपुर रेफर कर दिया गया। घटना दो दिन पुरानी बताई जा रही है, लेकिन घटना क्रम का वीडियो अब सामने आया है, वही घटना से गुसाये ग्रामीणों ने हाईवा वाहन पर जमकर की तोड़फोड़ की, इस दौरान मौके पर भारी भीड़ एकत्रित रही। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से दिन रात अवैध उत्खनन लोड कर डम्फर निकलते है जिससे चलते ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है, वही रीवा जिले में पदस्थ खनिज विभाग के जिम्मेदार गहरी नींद में सो रहे है, उनको अपनी जिम्मेदारी का एहसास माह में एक दो बार ही होता और कोरम पूरा कर फिर शो जाते है।

# फोटोग्राफर के खाते से हजारों की रकम पार

## गूगल पे से निकला पैसा



**सतना, देशबन्धु।** शहर की एक फोटोग्राफी दुकान के फोटोग्राफर का मोबाइल फोन हैक कर उसके बैंक एकांउट से गूगल पे के जरिए बमुश्किल दो तीन मिनट में हजारों रुपए की रकम निकाल ली गई। खास बात यह है कि लगातार चार बार ट्रांजेक्शन होने के बावजूद उस वक्त मोबाइल फोन पर कोई मैसेज भी नहीं आया।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मंदाकिनी बिहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे अहरी टोला में रहने वाले सुशील कुमार सेन पिता बेटा लाल सेन (32) बस स्टैंड स्थित एक फोटोग्राफी संस्थान में बतौर फोटोग्राफर काम करते हैं। मंगलवार 4 अगस्त की दोपहर उनके बैंक एकांउट से 34 हजार 501 रुपए किसी ने निकाल लिए। इसकी शिकायत कोलगवां थाना में करने के बाद सुशील कुमार ने बताया कि उनके खाते से जो रकम निकाली गई वह गूगल पे के माध्यम से निकाली गई है। पहले एक रुपए निकाले गए इसके बाद 30 हजार रुपए निकालने का प्रयास किया गया तो ट्रांजेक्शन फेल हो गया तब 10 हजार और 24 हजार 500 रुपए निकाले गए। सुशील कुमार का कहना है कि यह ट्रांजेक्शन 4 अगस्त की दोपहर 1.42 एवं 1.43 बजे हुए लेकिन खाते से पैसा कटने का मैसेज उनके मोबाइल फोन पर शाम 6 बजे आया। उन्होंने बताया कि उनका बैंक खाता गोपाल कॉम्प्लेक्स बस स्टैंड स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में है। बैंक को भी घटना की जानकारी दी गई है।

# सूने घर का तोड़ लाखों के जेवरात व नकदी पार



**रीवा देशबन्धु।** जिले मे चोरो ने एक बार फिर आमजन की नींद उड़ा कर रख दी है। जिले मे सक्रिय चोरो ने एक बार फिर अपनी सक्रियता दिखाते हुए चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। घटना है शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में स्थित करहिया नंबर एक की, जहां एक सूने मकान में चोरों ने धावा बोलते हुए ताला तोड़कर नगदी रुपए और सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए हैं।

बताया गया की घटना के वक्त घर में रहने वाली पीड़ित महिला और उसकी जेठानी अपने अपने मायके गई हुई थी। पीड़ित महिला की माने तो चोरों ने घर में रखी 95 हजार की नगदी समेत 5 से 6 लाख कीमती सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए हैं। घटना के संबंध में महिला पूनम साकेत में जानकारी देते हुए बताया कि उसके पति पुणे में रहकर नौकरी करते हैं, जबकि वह अपनी जेठानी के साथ घर में रहती है। बताया गया की घटना दिनांक की रात पीड़ित महिला और उसकी जेठानी अपने-अपने मायके गई हुई थी, इसी बीच अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल इस घटना की जानकारी होने के बाद पीड़िता ने चोरहटा थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर अब चोरों की पता तलाश शुरू कर दी है। बता दे की रीवा में इन दोनों चोरों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है, जिसके चलते जिले में ना सिर्फ सिलसिलेवार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, बल्कि चोरी की इन घटनाओं से आमजन की नींद उड़ चुकी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

## मायके पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**रीवा देशबन्धु।** सेमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम साव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके में पहुंची है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर मृतिका के भाई ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतिका के भाई मोहित कुशवाहा ने बताया कि उसकी बहन रोशनी कुशवाहा का विवाह करीब 10 वर्ष पूर्व ग्राम सांव निवासी अखिलेश कुशवाहा से हुआ था । मोहित ने बहन की हत्या किए जाने का आरोप ससुराल वालो पर लगाया है। दहेज की मांग को लेकर महिला को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था उसका फोन भी कुछ दिन पूर्व तोड़ दिया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही सेमरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये संजय गांधी अस्पताल भेज दिया।

# घटिया समग्री से तैयार हो रहा बीपीएचसी भवन







## सीएचसी कोठी का मामला, आधा करोड़ की लागत से होना है निर्माण

**सतना, देशबन्धु।** एक बार फिर से कोठी कस्बे में शासकीय भवन के निर्माण पर घटिया मटेरियल के साथ ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य कराने का अरोप लग रहे हैं। बताया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी में लगभग 42 लाख रूपये की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का निर्माण कार्य कमदगिरि कंस्ट्रेक्शन द्वारा किया जा रहा है। विगत आठ महीने से गाइड लाइन को ताक में रखकर चल रहे इस निर्माण कार्य को जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग एनएचएम इंजीनियर न ही बीएमओ किसी के द्वारा मौके पर जाकर गुडवत्ता की जांच नहीं की गई । बताया जाता है कि कागजों में जांच कर किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ठेकेदार खुलेआम तकनीकी मापदंड की अनदेखी कर सरकारी मापदंड व नक्से को दरकिनार कर के निर्माण कार्य में जुटा हुआ है। बताया गया है कि तकरीबन आधा करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन में कनडम पाइप की खिड़किया, पाइप का दरवाजा, इतना ही नहीं भवन के अंदर जो सरिया डाली जा रही है। वह तय मानक से कम गेज की बताई गई है। इसके अलावा जो घुली ईटों का उपयोग किया गया है। इतना ही नहीं ठेकेदार द्वारा निर्माण स्थल पर किसी प्रकार का नोटिस बोर्ड नहीं लगाया गया। इसके पीछे वजह सिर्फइतनी है कि पारदर्शिता उजागर न हों।

### इनका कहना है....

यह जानकारी आप के द्वारा प्राप्त हुई है। कोठी बीएमओ से जानकारी लेकर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**मनोज शुक्ला**, सीएमएचओ सतना

## धार्मिक मान्यताओं पर लग रहा आघात

# गैबीनाथ धाम में कलेक्टर की मनमानी से बढ़ा आक्रोश

### सात सूत्रीय मांगों को लेकर आज से अनिशितकालीन धरना

**सतना, देशबन्धु।** ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गैबीनाथ धाम में जिला प्रशासन और कलेक्टर सतना के तानाशाही पूर्ण रवैये से लोगों के बीच उपजा जन-आक्रोश अब उग्र आंदोलन का रूप ले चुका है। जिसके चलते आस्था के सम्मान और गर्भगृह के द्वार खुलवाने की मांग को लेकर नगर में व्यापक आंदोलन का ऐलान किया गया है। यह प्रदर्शन 6 अगस्त दोपहर 1 बजे से नगर पंचायत बिरसिंहपुर के पास किया जाएगा। नगरवासियों और समाजसेवियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन ने श्रद्धालुओं को प्राचीन परंपरा अनुसार जलाभिषेक की अनुमति नहीं दी और समस्या का समाधान नहीं किया, तो यह आंदोलन अनिश्चितकाल तक चलने की चेतावनी दी गई है



**आजीविका पर संकट**

लोगों का कहना है कि सावन माह, अधिमास, बसंत पंचमी और महाशिवरात्रि जैसे पावन अवसरों पर जहां भोर 5 बजे से शाम 4 बजे तक हजारों श्रद्धालु कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ का गर्भगृह में जलाभिषेक करते थे, वहीं अब प्रशासनिक बंदिशों के कारण मंदिर परिसर में मायूसी छाई है। मंदिर के मुख्य द्वार बंद किए जाने से स्थानीय छोटे व्यापारियों, फूल-प्रसाद विक्रेताओं की आजीविका पूरी तरह ठप हो गई है।

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री से करेंगे मांग**

प्रशासनिक उदासीनता और जनभावनाओं की अनदेखी के खिलाफ आयोजक-संरक्षक रवींद्र नाथ संजय शुक्ला एवं सह-संयोजक शैलेन्द्र श्रीवास के नेतृत्व में आम जनता ने महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री म.प्र. शासन के नाम 7-सूत्रीय मांग पत्र जारी किया है। जिसमें जनता की 7 प्रमुख मांगें हैं। इन मांगों में कलेक्टर सतना द्वारा गर्भगृह में प्रवेश पर लगाई गई रोक और कुप्पा (जलधारी) से जल चढ़ाने की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए, नगर पंचायत द्वारा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए, गैबी नाथ मंदिर का मुख्य द्वार तत्काल प्रभाव से खोला जाए, वार्ड नं. 13 पटवारी हल्का सभापुर आराजी नं. 14 के रास्ते का सीमांकन कराकर उसे तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, सभापुर थाना पुलिस बल के लिए तत्काल प्रभाव से नए आवास बनवाए जाएं एवं पुराने आवासों की मरम्मत कराई जाए तथा किसानों के बिजली बिल बकाया होने पर बिजली विभाग द्वारा होल्ड किए गए खातों से होल्ड हटाया जाए।

### कुप्पा (जलधारी) से जलाभिषेक का विरोध

स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और शिवभक्तों का आरोप है कि कलेक्टर सतना द्वारा प्राचीन परंपराओं को दरकिनार कर गर्भगृह में जाने पर रोक लगा दी गई है और कुप्पा के जरिए जल चढ़ाने की व्यवस्था थोप दी गई है। इस फरमान के कारण दूसरे जिलों और नजदीकी गांवों से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर आना कम कर दिया है, जो धार्मिक भावनाओं पर सीधा आघात है।